CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम: 07°C

बरेली, मंगलवार 20 जनवरी 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 52 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 1 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में एसआईआर: पुरुषों की तुलना में महिलाओं के नाम अधिक कटे पेज 2



पीवी सिंधु इंडोनेशिया मास्टर्स में करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई खेल टाइम्स



प्रोसेस्ड फूड से अभी कर लें तौबा सम्पादकीय



अमेरिका पर 93 अरब यूरो का आयात शुल्क लगाएगा ईयू! पेज 12

# यूएई प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद को मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर किया रिसीव

## कहा: अपने भाई को लेने खुद आया हूं, नाहयान सिर्फ 90 मिनट दिल्ली में रुकेंगे



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार शाम साढ़े 4 बजे भारत पहुंचे। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर उन्हें दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर रिसीव किया।

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं अपने भाई को लेने खुद एयरपोर्ट आया हूं। शेख जायद कुछ देर में पीएम मोदी के साथ मीटिंग करेंगे और करीब शाम 6 बजे भारत से रवाना हो जाएंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच सोमवार को व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, ऊर्जा और दुनिया से जुड़े अहम मुद्दों पर बड़ी डील हो सकती है। एमईए ने बताया कि दोनों नेता मिडिल-ईस्ट के मौजूदा हालात पर भी चर्चा कर सकते हैं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पश्चिम एशिया में स्थिति काफी संवेदनशील बनी हुई है। यमन में यूएई और सऊदी अरब के बीच तनाव बना हुआ है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति शेख जायद और उनके परिवार का दिल्ली में अपने आवास लोक कल्याण मार्ग पर स्वागत किया। मोदी ने उन्हें गुजरात का एक शाही नक्काशीदार लकड़ी का झूला गिफ्ट में दिया। यह झूला गुजरात के कई घरों में पाया जाता है और इसे हाथ से फूलों और पारंपरिक डिजाइनों के साथ बनाया गया है। गुजराती संस्कृति में झूला परिवार के लोगों को एक साथ बैठकर बात करने और पीढ़ियों के बीच रिश्तों को मजबूत करने का प्रतीक माना जाता है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जायद को एक पश्मीना शॉल भी भेंट की, जिसे एक सजे हुए चांदी के डिब्बे में रखा गया था। यह शॉल बहुत ही बारीक ऊन से हाथ से बनाई जाती है और हल्की, मुलायम और गर्म होती है। पश्मीना शॉल कश्मीर की है, जबकि चांदी का डिब्बा तेलंगाना में बनाया गया है। यह उपहार भारत की हथकरघा और हस्तशिल्प परंपरा को दर्शाता है। यूएई के राष्ट्रपति की मां शेखा फातिमा बिंत मुबारक अल केतबी को भी एक पश्मीना शॉल चांदी के डिब्बे में दी गई। इसके साथ ही उन्हें कश्मीरी केसर भी भेंट किया गया, जो कश्मीर घाटी में उगाया जाता है और अपनी गहरी लाल रंगत और खुशबू के लिए जाना जाता है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से ऊर्जा आपूर्ति को लेकर मजबूत साझेदारी है। साथ ही, लोकल करेंसी सेटलमेंट सिस्टम और बाइलेटरल इन्वेस्टमेंट ट्रीटी ने आर्थिक रिश्तों को और मजबूती दी है। यह दौरा भारत-यूएई काम्प्रिहेंसिव स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को और आगे बढ़ाने तथा आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग के नए रास्ते खोलने का अवसर देगा।

- प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति शेख जायद को अपने आवास पर किया स्वागत
- शाही नक्काशीदार झूला किया गिफ्ट

### पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के रिविजन (सुधार) मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई चुनाव आयोग को कड़ी फटकार

**कहा: आयोग को समझना चाहिए लोग इस वजह से कितने तनाव में और परेशान हैं, सवा करोड़ को नोटिस भेजना छोटी बात नहीं**

**करीब सवा करोड़ लोगों के नाम सार्वजनिक करने का आदेश, जिन्हें आंकड़ों में तार्किक गड़बड़ी के आधार पर नोटिस भेजा गया**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के रिविजन (सुधार) को लेकर मचे घमासान के बीच सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने आयोग से साफ कहा है कि उसे समझना चाहिए कि लोग इस प्रक्रिया की वजह से कितने तनाव में और परेशान हैं।

अदालत ने चुनाव आयोग को उन करीब सवा करोड़ लोगों के नाम सार्वजनिक करने का आदेश दिया है, जिन्हें लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी यानी आंकड़ों में तार्किक गड़बड़ी के आधार पर नोटिस भेजा गया है। मामला यह है कि चुनाव आयोग ने वोटर्स को तीन श्रेणियों में बांटकर नोटिस भेजे थे। इसमें सबसे विवादित श्रेणी लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी वाली है। इसमें वे लोग शामिल हैं, जिनके माता-पिता के नाम में बेमेल है, स्पेलिंग अलग है या फिर माता-पिता और बच्चों की उम्र में अजीब गैप दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि इन सवा करोड़ लोगों की लिस्ट ग्राम पंचायत, ब्लॉक ऑफिस और वार्ड ऑफिस में नोटिस बोर्ड पर लगाई जाए। साथ ही, जिन लोगों को नोटिस मिला है, उन्हें अपने कागज जमा करने के लिए और ज्यादा वक्त दिया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि सुनवाई के दौरान पर्याप्त कर्मचारी मौजूद रहें और लोगों को उनके जमा किए गए दस्तावेजों की पक्की रसीद दी जाए। सुनवाई के दौरान अदालत -शेष पृष्ठ दो पर



### कर्नल सोफिया अपमान मामला: मप्र सरकार को सुप्रीम फटकार

### विजय शाह पर केस की मंजूरी, दो हफ्ते में तय करने का आदेश

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि अब माफी मांगने का वक्त निकल चुका है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी को लेकर दो हफ्ते के भीतर स्पष्ट फैसला लिया जाए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस बात पर नाराजगी जताई कि विशेष जांच दल को (एसआईटी) अपनी रिपोर्ट सौंपे हुए कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन राज्य सरकार ने अब तक कोई निर्णय नहीं लिया। अदालत ने कहा कि यह देरी समझ से परे है। अब बहुत देर हो चुकी है। सुनवाई के दौरान विजय शाह की ओर से वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कोर्ट को बताया कि मंत्री ने माफी मांग ली है और जांच में सहयोग कर रहे हैं। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि माफी मांगने में बहुत देर हो चुकी है।

# हाईकोर्ट का कुलदीप सेंगर की सजा पर रोक से इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को रेपिस्ट कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। उसे उन्नाव रेप पीड़ित के पिता की पुलिस हिरासत में मौत मामले में ट्रायल कोर्ट ने 10 साल के कठोर कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट ने कहा था कि परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की हिरासत में मौत के मामले में कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। सेंगर के भाई अतुल सिंह सेंगर और पांच अन्य लोगों को भी 10 साल की जेल की सजा दी गई थी। इसी फैसले के खिलाफ सेंगर ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सेंगर ने दलील दी थी कि वह इस केस में करीब 9 साल जेल में रह चुका है और अब सिर्फ 11 महीने की सजा बाकी है। पीड़ित की ओर से वकील महमूद प्राचा ने जमानत का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि सेंगर को जमानत मिलने से पीड़ित और उसके परिवार को खतरा है। इससे पहले 23 दिसम्बर को उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने बेल दे दी थी। इसका विरोध हुआ था, पीड़ित परिवार और सामाजिक संगठन सड़कों पर उतर आए थे। दिल्ली हाईकोर्ट के सामने धरना दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। पिछले महीने पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने बेल दे दी थी। हालांकि, भारी विरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। उन्नाव रेप पीड़ित के पिता को 2018 में हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल में उनकी हालत बिगड़ गई थी और बाद में उनकी मौत हो गई थी। पीड़ित के परिजनों ने आरोप लगाया था कि यह कोई सामान्य मौत नहीं है, बल्कि साजिश के तहत की गई कस्टोडियल डेथ थी। आरोप था कि सेंगर के प्रभाव और दबाव में पीड़ित के पिता को प्रताड़ित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंपी गई। सीबीआई ने सेंगर और अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। लंबी सुनवाई के बाद निचली अदालत ने सेंगर को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। इसे निलंबित करने के लिए सेंगर हाईकोर्ट पहुंचे थे। दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि मामला बहुत गंभीर है। इसमें प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा कानून का दुरुपयोग किया गया। कोर्ट ने पीड़ित और उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए कठोर रुख अपनाने की आवश्यकता जताई। कोर्ट ने कहा कि सजा निलंबन का आधार काफी नहीं है, इसलिए सेंगर को राहत नहीं दी जा सकती।

- उन्नाव रेप पीड़ित के पिता की कस्टोडियल डेथ में 10 साल की सजा सुनाई गई है

# उत्तर भारत में कोहरा व ठंड बढ़ने के आसार

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने दिल्ली के कई इलाकों में घने कोहरे की संभावना जताई है।

दिल्ली में अधिकतम तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 8 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। हालांकि, यह राहत ज्यादा दिनों तक टिकने वाली नहीं है। 19 जनवरी से पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय के चलते 23 जनवरी तक कुछ इलाकों में भारी बारिश या बर्फबारी हो सकती है। इस मौसम प्रणाली का असर राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार तक महसूस किया जा सकता है।

- मौसम फिर लेगा करवट

# आतंकी मुठभेड़ में घायल जवान शहीद

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों की तलाश के दौरान रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान 8 जवान घायल हो गए थे। इनमें से एक जवान की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। शहीद जवान की पहचान हवलदार गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है।

# नितिन नबीन का निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष बनना तय

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद चुनाव को लेकर पार्टी मुख्यालय में सोमवार को भारी गहमा गहमी के बीच राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने अपना नामांकन दाखिल किया।

इसके साथ ही श्री नबीन का निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है, क्योंकि किसी अन्य नेता ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल नहीं किया है। श्री नबीन के अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, हरदीप पुरी समेत जैसे कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। यह नामांकन प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में संपन्न हुई। नितिन नबीन के नामांकन के दौरान योगी आदित्यनाथ समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यों के पार्टी अध्यक्ष, सांसद व वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने एक के बाद अपना समर्थन पत्र जमा कराया। अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक नामांकन होने को नेतृत्व परिवर्तन से पहले संगठनात्मक एकता और ताकत के प्रदर्शन के तौर पर भी देखा जा रहा है।

- शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ, हरदीप सिंह पुरी समेत भाजपा के कई दिग्गज बने प्रस्तावक

# नोएडा में इंजीनियर की मौत मामला: सीईओ हटाए गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनउफ/ नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार समेत डूबने से हुई दर्दनाक मौत की घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संज्ञान लिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। यह टीम पांच दिनों के भीतर अपनी जांच पूरी कर मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपेगी। इसके साथ ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. को हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. को पद से हटा दिया है। इसे प्रशासनिक जवाबदेही की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, सीएम ने साफ निर्देश दिए हैं कि जांच में यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या दोष सामने आता है, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसआईटी का नेतृत्व एडीजी जोन मेरठ करेंगे। उनके साथ मंडलायुक्त मेरठ और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के चीफ इंजीनियर को भी टीम में शामिल किया गया है। जांच टीम को हादसे के कारणों, संबंधित विभागों की भूमिका, लापरवाही की जिम्मेदारी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों की विस्तृत पड़ताल करने के निर्देश दिए गए हैं। सेक्टर-150 क्षेत्र में भारी जलभराव के दौरान सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार पानी से भरे गड्ढे/अंडरपास में फंस गई थी, जिससे कार समेत व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन, विकास प्राधिकरण और संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। एसआईटी क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था, सड़क निर्माण की गुणवत्ता, चेतावनी संकेतों की मौजूदगी और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की भी जांच करेगी। मृतक इंजीनियर युवराज मेहता की सोमवार को पोर्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि युवराज की मृत्यु का कारण दम घुटना बताया गया है। पोस्टमार्टम के अनुसार उनके फेफड़ों में करीब साढ़े तीन लीटर पानी भरा हुआ पाया गया, जिससे यह साबित होता है कि वह काफी देर तक पानी में डूबे रहे। डाक्टरों की रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक पानी में रहने से उनके फेफड़ों में भारी मात्रा में पानी चला गया, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति रुक गई और दम घुटने की स्थिति पैदा हुई।





- सीएम योगी ने लिया संज्ञान, उच्चस्तरीय जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र और उत्तराखंड के लिए अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती 18 को लखनऊ में

**लखनऊ/ देहरादून।** रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड, रिक्रूटिंग ऑफिस (हेडक्वार्टर), लखनऊ के तहत लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में महिला मिलिट्री पुलिस अग्निवीर भर्ती रैली 18 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह रैली उत्तर प्रदेश में होने वाली रैलियों की सीरीज की छठी रैली होगी और यह एक दिन चलेगी। इसमें वे अभ्यर्थी शामिल होंगे जिन्होंने जुलाई 2025 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास किया है। इस रैली में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों से लगभग 1,000 शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। ऑनलाइन सीईई पास करने वाले और उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी अभ्यर्थियों को अलग से एडमिट कार्ड जारी किए गए हैं। अभ्यर्थी नए जारी किए गए एडमिट कार्ड पर बताई गई तारीख को सुबह चार बजे एएमसी सेंटर और कॉलेज स्टेडियम, लखनऊ में रिपोर्ट करेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने एंट्रेंस एग्जाम पास कर लिया है, उन्हें रैली के लिए उनके रजिस्टर्ड ईमेल पर एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं।

### बीएमसी मेयर पद के लिए 22 जनवरी को निकलेगी लॉटरी

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को दावा किया कि शिंदे के बाद भाजपा भी अपने पार्षदों को किसी सुरक्षित जगह पर ले जाने की योजना बना रही है। राउत ने कहा कि शिंदे अपने पार्षदों को पहले ही पांच सितारा होटल में भेज चुके हैं। सवाल है- कौन किससे डर रहा है? संजय राउत ने कहा कि नगर निकाय चुनावों के नतीजों को देखते हुए कोई भी पार्टी आसानी से बीएमसी मेयर पद पर दावा नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री फडनवीस स्विट्जरलैंड में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक में हैं और यहां पार्षदों को इधर-उधर भेजा जा रहा है। यह अजीब है। महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को चुनाव हुए थे। बीएमसी सहित अन्य निगमों के नतीजे 16 जनवरी को आया था। बीएमसी के 227 सीटों में भाजपा ने 89 वार्ड जीते। शिंदे गुट को 29 सीटें मिलीं। मेयर के लिए बहुमत का आंकड़ा 114 है। इसके लिए भाजपा को शिंदे गुट के 25 पार्षदों के समर्थन की जरूरत होगी। 29 नगर निगमों में मेयर पद के लिए 22 जनवरी को लॉटरी निकाली जाएगी।

### करूर भगदड़ मामले में विजय से छह घंटे चली पूछताछ

**नई दिल्ली।** करूर भगदड़ मामले में थलापति विजय दूसरी बार सीबीआई के सामने पेश हुए थे। वे दिल्ली स्थित सीबीआई के दफ्तर सुबह करीब 10 बजे पहुंचे थे। लगभग छह घंटे की पूछताछ के बाद टीवीके प्रमुख विजय सीबीआई मुख्यालय से बाहर निकले। यह अभिनेता के साथ सीबीआई की पूछताछ का दूसरा राउंड है। इससे पहले 12 जनवरी को उनसे पूछताछ की गई है। इस बार विजय के साथ-साथ करूर रैली में मौजूद नौ पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ की गई।

### सोना-चांदी पहुंचे रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेश मांग आने से सोना-चांदी सोमवार को सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना वायदा सोमवार को 2,703 रुपये बढ़कर 1,45,220 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह पहली बार 1,45,000 रुपये के पार पहुंचा है। चांदी वायदा में 15,381 रुपये का उछाल देखा गया और यह 3,03,143 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही। इसमें 5.35 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल आया है। कोटक म्यूचुअल फंड के कोष प्रबंधक सतीश डोंडापति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ग्रीनलैंड के मुद्दे को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से दोनों कीमती धातुओं में तेजी रही है। साथ ही, सीमित आपूर्ति, कमजोर डॉलर और मजबूत निवेश तथा औद्योगिक मांग का असर भी देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में चांदी की कीमत 170 प्रतिशत बढ़ चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतीक और अपर्णा के बीच तलाक की सुगबुगाहट

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव और उनकी पत्नी अपर्णा यादव के वैवाहिक जीवन को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है। प्रतीक यादव के नाम से चल रहे इंस्टाग्राम अकाउंट 'आई एम प्रतीक यादव' से साझा की गई एक पोस्ट में विवाह संबंधों में तनाव का दावा करते हुए तलाक की बात कही गई है। इंस्टाग्राम पोस्ट में प्रतीक यादव ने लिखा है कि जल्द से जल्द तलाक की प्रक्रिया पूरी करना चाहते हैं। पोस्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि वह अब इस रिश्ते को आगे नहीं बढ़ाना चाहते और अलग होने का निर्णय ले चुके हैं। पोस्ट में अपर्णा यादव को लेकर कई गंभीर आरोप किए गए हैं। उन्होंने अपर्णा यादव को ष्स्वार्थी महिलाष बताते हुए लिखा कि उनकी वजह से उनका पूरा परिवार बिखर गया। प्रतीक के अनुसार, उनकी पत्नी के व्यवहार ने पारिवारिक रिश्तों में कड़वाहट और दूरी पैदा कर दी।

### अभद्रता के आरोप के साथ अनशन पर बैठे है शंकराचार्य

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगे माघ मेला में मौनी अमावस्या के स्नान पर्व पर रविवार को अभद्रता से आहत शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अनशन पर अनशन पर बैठ गए हैं। शंकराचार्य जी रविवार से लगातार बिना अन्न जल के धरने पर बैठे हैं। शिविर के बाहर ही दण्ड तर्पण और पूजन भी किया है। शंकराचार्य की मांग है कि प्रशासन प्रोटोकॉल के साथ उन्हें ले जाकर गंगा स्नान कराए। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या पर पालकी और भक्तों के साथ स्नान की अनुमति न दिए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ विवाद हुआ था।

# उप्र में एसआईआरः पुरुषों की तुलना में महिलाओं के नाम अधिक कटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत जारी की गई प्रारूप मतदाता सूची में पुरुषों की तुलना में महिलाओं के अधिक नाम हटाए जाने का खुलासा हुआ है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 1.55 करोड़ महिलाओं जबकि 1.34 करोड़ पुरुषों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इस तरह कुल 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची से विलोपित किए गए हैं। इस प्रक्रिया के बाद राज्य का लैंगिक अनुपात घटकर 824 महिला मतदाता प्रति 1000 पुरुष रह गया है, जो 2025 की मतदाता सूची में 877 था। 6 जनवरी 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार, कुल 12.55 करोड़ मतदाता बनाए रखे गए हैं, जिनमें 5.67 करोड़ महिलाएं और 6.89 करोड़ पुरुष शामिल हैं। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने दी। महिलाओं के नाम बड़ी संख्या में हटाए जाने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसका प्रमुख कारण डुप्लीकेशन है। कई मामलों में महिलाओं के नाम पहले उनके मायके (पिता के पते) पर दर्ज थे और बाद में ससुराल (पति के पते) पर भी जुड़ गए थे। 2025 की मतदाता सूची में 25 वर्ष से अधिक आयु की 71.18 लाख महिलाओं ने पिता का पता दर्ज किया था।

# पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बदलेगा उप्र का मौसम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी, 22 जनवरी से प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई

**लखनऊ।** लगातार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से उत्तर प्रदेश में अगले 48 घंटों के दौरान तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही घने कोहरे में भी कमी आने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, 22 जनवरी से प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बीते कुछ दिनों से रात के तापमान में जो गिरावट देखी जा रही थी, वह अब थम गई है। हालांकि हल्की बढ़ोतरी के बावजूद शनिवार रात को प्रदेश के मध्य हिस्सों हरदोई, अमेठी, अयोध्या और बाराबंकी में आंशिक शीतलहर की स्थिति बनी रही। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की दिशा में बदलाव हुआ है, जिसके चलते अगले 24 से 48 घंटों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इससे रात की शीतलहर से राहत मिलेगी और प्रदेश में छाए घने कोहरे में 20 जनवरी के बाद धीरे-धीरे कमी आने की उम्मीद है। इसके बाद एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 22 जनवरी से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू हो सकता है, जो आगे चलकर पूर्वी यूपी तक पहुंचेगा। इससे प्रदेश में जारी ठंड की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। सोमवार सुबह प्रदेश के कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। मुरादाबाद, अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर (आईएएफ), बाराबंकी, कानपुर (आईएएफ) और आजमगढ़ में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। वहीं लखनऊ एयरपोर्ट पर दृश्यता मात्र 50 मीटर रही। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वानुमान के अनुरूप को. हरे का क्षेत्रफल और तीव्रता सुबह के समय बढ़ी। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कोहरा छाया रहा, जबकि उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम यूपी के कुछ इलाकों में इसका असर अपेक्षाकृत कम रहा। आंकड़ों के अनुसार गाजियाबाद, बरेली और कानपुर में बहुत घना कोहरा (शून्य दृश्यता) दर्ज किया गया, जबकि लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज में 50 से 100 मीटर तक दृश्यता रही। तापमान की बात करें, तो हरदोई प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3-5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5-3 डिग्री कम है। फुरसतगंज में 3-7 डिग्री, जबकि बाराबंकी, अयोध्या और मेरठ में 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### उप्र में मौसम पूर्वानुमान को मिलेगी बड़ी मजबूती, पांच अत्याधुनिक रडार होंगे स्थापित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम पूर्वानुमान प्रणाली को और सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। राज्य में पांच अत्याधुनिक ड्यूल पोलारिमेट्रिक डॉप्लर रडार सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जो अगले छह महीनों में कार्यात्मक हो जाएंगे। यह जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, लखनऊ के निदेशक मनीष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि ए रडार लखनऊ, आजमगढ़, झांसी, अलीगढ़ और वाराणसी में लगाए जा रहे हैं। इनमें से चार रडार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जबकि एक रडार वाराणसी में आईएमडी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इससे रडार नेटवर्क में ओवरलैपिग सुनिश्चित होगी।

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा में युवराज की मौत को हत्या करार दिया

# भाजपा की बेरहम व्यवस्था ने ली युवा इंजीनियर की जान

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मौके पर उप्र पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम तमाशा देखती रही: कांग्रेस

■ कांग्रेस राजस्थान कांग्रेस का विस चुनाव से पहले मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा में एक युवा इंजीनियर की कार पानी से भरे एक बड़े गड्ढे में गिर गई और मौके पर पहुंची उत्तर प्रदेश पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम तमाशा देखती रही लेकिन युवक को पानी से बाहर नहीं निकाले जाने के कारण उसकी जान चली गई।

कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया पेज एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट में उप्र की भाजपा सरकार से सवाल किया कि आखिर उसके शासन की यह कैसी व्यवस्था है कि बचाव दल मौके पर पहुंचता है, लेकिन उसके पास कोई उपकरण नहीं होते कि युवक को पानी से बाहर निकाला जा सके। यदि युवराज को समय पर पानी से बाहर निकाल लिया जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी लेकिन भाजपा की 'हत्यारी व्यवस्था ने 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की जान ले ली। उसकी कार नोएडा के पॉश इलाके में पानी से भरे एक बड़े गड्ढे में गिरी थी। यह गड्ढा एक बिल्डर ने खुदवाया था जिसमें बारिश का पानी भर गया था। पार्टी ने आरोप लगाया गड्ढे में गिरे युवराज ने हिम्मत जुटाई और किसी तरह गाड़ी की छत पर पहुंच गया और फिर उसने अपने पिता को कॉल किया 'पापा मैं डूब रहा हूं, मुझे बचा लो। पिता ने उप्र पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम पहुंची, लेकिन 'पानी ठंडा' होने के कारण किसी ने उसकी मदद नहीं की। दो घंटे तक युवराज मदद के लिए चीखता रहा, चिल्लाता रहा, लेकिन उप्र पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम वहां खड़ी तमाशा देखती रही और आखिर में एक-एक सांस के लिए लड़ते हुए युवराज ने दम तोड़ दिया। युवराज की मौत, दुर्घटना नहीं-'मर्डर' है। कांग्रेस ने इस हत्या करार देते हुए कहा कि यह हत्या भाजपा सरकार की व्यवस्था के कारण हुई है। उसका कहना है कि भाजपा के सड़े-गले सिस्टम ने, युवराज की हत्या की है। सवाल है कि क्या फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के पास ऐसे उपकरण ही नहीं थे, जिससे युवराज को पानी से निकाला जा सकता था। दूसरी ओर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और कांग्रेस नेता टीकाराम जूली ने राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया है। श्री डोटासरा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को केवल दो से तीन हजार वोटों के अंतर से जीत हासिल हुई थी, वहां विशेष वर्ग के वोटों को काटने की कार्रवाई की जा रही है।

### इंजीनियर मौत के मामले को 'आप' ने बनाया मुद्दा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर ग्रेटर नोएडा में एक कंप्यूटर इंजीनियर की जान बचाने में कोई कदम न उठाने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की कार घने कोहरे में नोएडा में पानी से भरे बड़े गड्ढे में गिरने गई थी और वह घंटों तक मदद मांगता रहा। यह हादसा उनके पिता, राजकुमार मेहता के सामने हुआ। श्री भारद्वाज ने कहा कि तीन घंटे तक किसी ने इंजीनियर को बचाने का प्रयास नहीं किया, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार शंकराचार्य को परेशान करने में व्यस्त थी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ष्कंप्यूटर इंजीनियर नोएडा में नाले में गिरा, अपने पिता को मदद के लिए कॉल किया, तीन घंटे तक तैरने की कोशिश करता रहा। योगी सरकार शंकराचार्य को सबक सिखाने में व्यस्त थी।

# मोदी की पहल ने पूर्वोत्तर के युवाओं को नए अवसर प्रदान किएः जयंत

**नई दिल्ली।**



■ गुवाहाटी विश्वविद्यालय में पूर्वोत्तर के लिए इंडियास्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन किया

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं रक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान इस क्षेत्र के युवाओं के लिए नए सिरे से आत्मविश्वास और अवसर पैदा किए हैं।

चौधरी ने सोमवार को असम स्थित गुवाहाटी विश्वविद्यालय में पूर्वोत्तर के लिए इंडियास्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन किया, जहां पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के युवा 26 कौशलों में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस अवसर पर जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री का पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान, जो उनकी नियमित यात्राओं और नीतिगत प्राथमिकताओं से स्पष्ट है, ने इस क्षेत्र के युवाओं के लिए नए सिरे से आत्मविश्वास और अवसर पैदा किए हैं। उन्होंने कहा कि इंडियास्किल्स जैसी पहलें इस दृष्टिकोण को और मजबूत करती हैं, क्योंकि ए राष्ट्रीय मंचों को सीधे इस क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं तक पहुंचाती हैं। इंडिया स्किल्स महज एक प्रतियोगिता नहीं है, यह उत्कृष्टता, अनुशासन और काम की गरिमा का उत्सव है। पूर्वोत्तर में अपार प्रतिभा और आकांक्षाएं हैं, और यह मंच इस बात पर हमारे विश्वास को दर्शाता है कि इस क्षेत्र के युवा भारत के कुशल कार्यबल का नेतृत्व करने और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार हैं।



सेंसेक्स 83570.35
निफ्टी 25694.35



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# वैश्विक चिंता में धराशायी हुए शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विभिन्न यूरोपीय देशों के माल पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को चौतरफा बिकवाली देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 324.17 अंक (0.39 प्रतिशत) लुढ़ककर 83,246.18 अंक पर बंद हुआ जो 07 नवम्बर 2025 के बाद का इसका निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 108.85 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 10 नवम्बर 2025 के बाद के निचले स्तर 25,585.50 अंक पर आ गया। बाजार में आज काफी उतार.चढ़ाव रहा। एक समय सेंसेक्स 672 अंक गिर गया था, लेकिन बाद में इसकी गिरावट कुछ कम हुई। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.25 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.99 प्रतिशत टूट गया। तेल एवं गैस, रियलटी, मीडिया, रसायन, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा गिरावट रही। वहीं, एफएमसीजी और ऑटो सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में जिन 3,294 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,316 के सूचकांक गिरावट में और 871 के बढ़त में रहे। अन्य 107 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद अंततष अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 14 के शेयर लाल निशान में और 16 के हरे निशान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.04 प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक में 2.26 प्रतिशत, इटरनल में 2.19, टीसीएस में 1.36, अडानी पोर्ट्स में 1.34, और टाइटन में 1.31 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। विमान सेवा कंपनी इंडिगो पर नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अपेक्षाकृत नरम कार्रवाई के बाद कंपनी के शेयर में 4.30 प्रतिशत का उछाल आया। टेक महिंद्रा का 2.85 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.27, बजाज फाइनेंस का 2.18, मारुति सुजुकी का 2.04 और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.02 प्रतिशत चढ़ा।

# शैक्षिक आदान-प्रदान के जीवंत केंद्र के रूप में उभरा विश्व पुस्तक मेला

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 का 53वां संस्करण साहित्यिक और शैक्षिक आदान-प्रदान के एक जीवंत केंद्र के रूप में उभरा है, जिसने पूरे भारत और दुनिया भर से प्रकाशकों, लेखकों, शिक्षकों और पाठकों को आकर्षित किया है। पुस्तक मेले में बड़ी संख्या में आगंतुक आए, जिसका श्रेय मुफ्त प्रवेश और सही समय पर रखे गए नौ-दिवसीय कार्यक्रम को जाता है। प्रकाशकों ने देखा कि पाठक लोकप्रिय बेस्टसेलर से लेकर विशेष शैक्षणिक और क्षेत्रीय भाषा की किताबों तक, किताबों की एक विस्तृत शृंखला को देखने में गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। कुल 35 से अधिक देशों के 1,000 से अधिक प्रकाशकों ने इस मेले में भाग लिया, जिससे यह देश के सबसे बड़े साहित्यिक आयोजनों में से एक बन गया है। राष्ट्रीय बुक ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। इस साल की थीम, ष्भारतीय सैन्य इतिहासः वीरता और ज्ञान के 75 सालष को थीम पवेलियन में प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है, जिसमें 500 से अधिक किताबें हैं और 100 से अधिक थीम-आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मेले का उल्लेखनीय आकर्षण राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय रहा। यह एक डिजिटल लाइब्रेरी है जो 6,000 मुफ्त ई-बुक्स तक पहुंच प्रदान करती है, जो पारंपरिक पुस्तक संस्कृति को डिजिटल नवाचार के साथ मिलाती है।

# चुनाव आयोग की मेजबानी में राजधानी में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 21-23 जनवरी तक आयोजित होगा

**नई दिल्ली, वार्ताग**

■ 2026 में विश्वभर के 70 देशों के लगभग एक सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे

चुनाव आयोग के तत्वावधान में यहां बुधवार को शुरू हो रहे लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसी डीईएम-2026) में 70 देशों के लगभग एक सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान आयोग की ओर से विश्व के सबसे बड़े चुनाव, लोकसभा 2024 चुनावों के आयोजन पर प्रकाश डालने वाली वृत्तचित्र श्रृंखला 'इंडिया डिसाइड्स' को भी आईआईसीडीईएम-2026 के पहले दिन प्रदर्शित किया जाएगा। ईसीआई के अध्ययन एवं प्रशिक्षण संस्थान-भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान द्वारा राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित यह सम्मेलन 21-23 जनवरी तक चलेगा जो लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अपनी तरह का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन बनने जा रहा है। चुनाव आयोग की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सम्मेलन में विश्व भर के 70 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 प्रतिनिधियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि, भारत में विदेशी मिशनों के प्रतिनिधि और चुनावी क्षेत्र के अकादमिक और व्यावहारिक विशेषज्ञ भाग लेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने सहयोगी चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी के साथ 21 जनवरी को उद्घाटन सत्र में प्रतिनिधियों का स्वागत करेंगे और कार्रवाई को हरी झंडी दिखाएंगे। सम्मेलन के दौरान चुनाव प्रबंधन निकाय (ईएमबी) के सामान्य और पूर्ण सत्र शामिल हैं, जिनमें उद्घाटन सत्र, चुनाव प्रबंधन निकाय के नेताओं का पूर्ण सत्र, चुनाव प्रबंधन निकाय के कार्य समूह की बैठकें, वैश्विक चुनावी मुद्दों, आदर्श अंतर्राष्ट्रीय चुनावी मानकों और चुनावी प्रक्रियाओं में नवाचारों और सर्वोत्तम प्रणालियों पर केंद्रित विषयगत सत्र शामिल हैं। इसमें भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के नेतृत्व में और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक विशेषज्ञों के सहयोग से गठित कुल 36 विषयगत समूह सम्मेलन के दौरान गहन विचार-विमर्श में योगदान देंगे।

# बगैर बयान दर्ज कराए लौटीं नेहा सिंह राठौर करीब दो घंटे थाने में रहीं

**लखनऊ।** लोकगायिका नेहा सिंह राठौर सोमवार को अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर के मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को दोबारा हजरतगंज कोतवाली पहुंचीं, लेकिन बिना बयान दर्ज कराए वापस लौट गईं। वह सुबह करीब 11 बजे थाने पहुंचीं और लगभग दो घंटे तक वहां मौजूद रहीं। बताया जा रहा है कि इस दौरान जांच अधिकारी से औपचारिक बातचीत तो हुई, लेकिन बयान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इसके पहले बीते 3 जनवरी को भी नेहा सिंह राठौर बयान दर्ज कराने के लिए हजरतगंज थाने गई थी, लेकिन उस वक्त शाम का समय होने की वजह से बयान नही दर्ज हो सका था। नेहा सिंह राठौर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार वह तय समय पर थाने पहुंची हैं और जांच में पूरा सहयोग करेंगी। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने उन्हें 19 जनवरी को सुबह 11 बजे जांच अधिकारी के सामने उपस्थित होने का आदेश दिया था, जिसका वह पालन करने आईं। इधर, हजरतगंज थाने के एसएचओ विक्रम सिंह ने अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए कहा कि वह पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन से जुड़ी वीआईपी ड्यूटी में हैं। इसी कारण नेहा के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...** में काफी दिलचस्प बहस भी हुई। तृणमूल कांग्रेस की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि सरनेम की स्पेलिंग जैसे गांगुली या दत्ता अलग होने जैसी छोटी बातों पर भी नोटिस थमाए जा रहे हैं, जिसका असली मकसद नाम काटना है। आपको बता दें कि इस लिस्ट में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का नाम भी शामिल है, जिसे लेकर काफी बवाल मचा था। बहस के दौरान एक मौका ऐसा भी आया जब चुनाव आयोग के वकील ने मां और बेटे के बीच सिर्फ 15 साल के उम्र के अंतर को गड़बड़ी बताया। इस पर जस्टिस बागची ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि 15 साल का अंतर कोई तार्किक गड़बड़ी कैसे हो सकता है? हमें नहीं भूलना चाहिए कि हम ऐसे देश में रहते हैं, जहां बाल विवाह आज भी एक कड़वी हकीकत है। जज ने साफ कहा कि एक करोड़ से ज्यादा लोगों को नोटिस भेजना छोटी बात नहीं है, आयोग को लोगों की परेशानी समझनी होगी। तृणमूल कांग्रेस ने इस फैसले को अपनी बड़ी जीत बताया है। ममता बनर्जी की सरकार शुरू से ही आरोप लगा रही थी कि यह प्रक्रिया वैध वोटर्स के नाम हटाने की एक साजिश है। कोर्ट के फैसले के बाद टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बीजेपी का खेल अब खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि जिन एक करोड़ नामों को काटने की तैयारी थी, वे अब बच गए हैं और सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक तरह से कड़ी फटकार लगाई है।

# आयकर विभाग ने मजदूर को भेजा सात करोड़ से अधिक का नोटिस

**हरदोई, वार्ता**

■ मजदूर के हाथ में नोटिस आया, तो उसके और परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में दिन भर मजदूरी कर दो वक्त की रोटी कमाने वाला एक शख्स को आयकर विभाग ने सात करोड़ रुपये से अधिक के कर बकाए का नोटिस भेजा है। मजदूर के हाथ में नोटिस आया, तो उसके और उसके परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। फिलहाल नोटिस को हाथ में लेकर अब गरीब मजदूर पूरे मामले में न्याय के लिए उच्च अधिकारियों से गुहार लगाने की तैयारी में है। जिससे उसके साथ इंसाफ हो सके और जो लोग दोषी है उनको सजा मिल सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के माधौगंज थाना क्षेत्र के रुदामऊ गांव निवासी मजदूर गोविंद कुमार को आयकर विभाग ने 7 करोड़ 15 लाख 92 हजार 786 रुपये का नोटिस थमा दिया जबकि उसके घर में खाने के लिए महीने भर का अनाज तक नहीं है। आज उसके सामने आयकर विभाग की करोड़ों की देनदारी हो गई है। नोटिस मिलने के बाद से परिवार सदमे में है । पत्नी सोनी देवी, बुजुर्ग माता-पिता की आंखों में यही सवाल है कि आखिर एक मजदूर के पास इतने करोड़ रुपये जमा करने के लिए आए तो कहां से आए। दरअसल इस कहानी की जड़ें करीब छह साल पुरानी हैं।जब काम की तलाश में गोविद कानपुर गया था। वहीं गरीबी का फायदा उठाकर उसे सरकारी मदद दिलाने का झांसा दिया गया। एक महिला उसे सीतापुर के बिसवां ले गई,जहां एचडीएफसी बैंक में उसके नाम से खाता खुलवाया गया। बदले में गो. विद को मिले सिर्फ दो-तीन हजार रुपये लेकिन उससे उसकी पासबुक और चेक. बुक ले ली गई।आशंका है कि इसी खाते के जरिए जालसाजों ने फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों का लेन-देन किया और गरीब मजदूर को मोहरा बना दिया। जब आयकर विभाग की टीम गांव पहुंची,और पुराने नोटिस व बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी दी, तो गोविद के होश उड़ गए। गोविद का बड़ा भाई कस्बे में ठेला लगाता है,छोटा भाई मजदूरी करता है।पूरा परिवार आज सिस्टम की एक बड़ी खामी का शिकार है। फिलहाल अब गोविन्द पूरे मामले में खुद को बेगुनाह साबित करने और दोषी लोगों पर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों के पास गुहार लगाने की तैयारी में है लेकिन सवाल यह है इतने बड़े ट्रांजेक्शन पर बैंक की निगरानी कहां थी और उन जालसाजों पर कार्रवाई क्या होगी जिन्होंने एक गरीब की मजबूरी को हथियार बना लिया।

### यूपी में आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में दाखिले के लिए दो फरवरी से आवेदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर नि:शुल्क दाखिले की प्रक्रिया को लेकर शासन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक (समग्र शिक्षा) कार्यालय ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-1/पूर्व-प्राथमिक में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होगी, जिसमें आवेदन, सत्यापन, लॉटरी और दाखिले की अंतिम तिथि तय की गई है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी के स्तर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक पहले चरण में ऑनलाइन आवेदन 2 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। इसी अवधि में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/नामित अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों की जांच व सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 18 फरवरी को ऑनलाइन लॉटरी के जरिए चयन होगा, जबकि चयनित बच्चों को संबंधित निजी विद्यालयों में 20 फरवरी 2026 तक दाखिला दिलाया जाएगा। दूसरे चरण में आवेदन की तारीख 21 फरवरी से 07 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इस चरण में 09 मार्च 2026 को लॉटरी निकाली जाएगी और विद्यालयों को 11 मार्च 2026 तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

# कार की रफ्तार ने छीनी मासूम की जिंदगी, पिता घायल

## हादसे के बाद अनियंत्रित कार बिजली के पोल से टकराकर पलटी, कार सवार हुए फरार







जोया। हाइवे पर हुए भीषण हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार व बाइक के पास जमा ग्रामीणों की भीड़ व इंसेट में मृतक एहतेशाम।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** नेशनल हाईवे 9 पर सोमवार सुबह दिल्ली से मुरादाबाद जा रही तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों हवा में करीब दस फीट उछलते हुए सड़क पर दूर जाकर गिरे जबकि अनियंत्रित हुई कार डिवाइडर किनारे बिजली के पोल से टकराने के बाद कलाबाजियां खाते हुए हाईवे की दूसरी लेन पर जा पलटी। हादसे में गंभीर घायल पूर्व प्रधान के इकलौते भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पिता को गंभीर चोटें आईं। वहीं, हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर जाम के हालात बने रहे, यातायात सुचारू करने के लिए पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नीलीखेड़ी निवासी तसामुल हसन वर्तमान में जोया के मोहल्ला पधानो वाला में अपने भाई पूर्व प्रधान मसूदुल हसन के घर के पास मकान बनाकर रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी शमा परवीन के अलावा चार बेटियां और एक 15 वर्षीय बेटा एहतेशाम था जो स्थानीय एक स्कूल का छात्र था। सोमवार सुबह तसामुल अपने बेटे एहतेशाम के साथ बाइक पर सवार होकर गांव नीलोखेड़ी जा रहे थे। डिडौली कस्बा से गुजरते समय कैनरा बैंक के सामने दिल्ली से मुरादाबाद जा रही तेज रफ्तार कार ने इनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार पिता-पुत्र हवा में उछलकर दूर जाकर गिरे। हादसे में एहतेशाम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तसामुल गंभीर घायल हो गए। वहीं, अनियंत्रित हुई कार डिवाइडर किनारे खड़े बिजली के पोल से टकराते हुए हवा में कलाबा. जियां खाते हुए दूसरी लेन पर जा पलटी। हादसे के बाद कार में सवार चार लोग मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची डिडौली पुलिस ने तसामुल और एहतेशाम को जोया सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने एहतेशाम को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई। करीब एक घंटे तक जाम के हालात बने रहे, पुलिस ने क्रेन से कार को सड़क किनारे कराकर यातायात सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कार सवार लोगों की तलाश की जा रही है। मामले में परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच व अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे पर महबूब अली ने जताया दुख



**अमरोहा।** सदर विधायक एवं लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली ने डिडौली में हुए हादसे में गांव नीलीखेड़ी के पूर्व प्रधान मासुदुल हसन के भतीजे की मौत व भाई के घायल होने पर दुख जताते कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है तथा उनकी सहानुभूति पीड़ित परिवार के साथ है। वह जल्द ही पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

# सामान लेने के विवाद में किसान को पीटा

## जान से मारने की धमकी देते फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दुकान पर सामान लेने के दौरान हुई कहासुनी में किसान विक्रम सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीटते हुए चेहरे पर तमंचे की बट से वार किया। हमले में उनके दांत टूट गए। बाद में आरोपी तमंचा दिखाने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर नहरी में विक्रम सिंह का परिवार रहता है। 16 जनवरी को विक्रम सिंह गांव नांगलिया जट से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान वह कूबी में अड्डे पर दुकान से कुछ सामान खरीदने लगे। इसी दौरान गांव नगलिया जट के रहने वाले छोटू उर्फ धीरेंद्र, मनी और उनके साथी भी वहां आ गए। सामान खरीदने को लेकर विक्रम सिंह की आरोपियों से कहासुनी हो गई। इसके बाद विक्रम सिंह वहां से घर के लिए चल पड़े। आरोप है कि तभी छोटू उर्फ धीरेंद्र और मनी कार में आए और उनके साथी बाइक पर थे। आरोपियों ने विक्रम सिंह को घेर लिया और जान से मारने के नीयत से लोहे की रॉड से हमला कर दिया। विक्रम सिंह ने शोर मचाया तो आरोपी उन्हें सड़क से खींच गन्ने के खेत में ले गए और तमंचे की बट से चेहरे पर वार कर घायल कर दिया। हमले में उनके दांत भी टूट गए। बाद में आरोपी विक्रम सिंह को अधमरी हालत में छोड़ भाग गए। होश आने पर किसी तरह घर पहुंचे विक्रम सिंह ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने विक्रम सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में विक्रम सिंह के भतीजे बलविंदर सिंह की तहरीर पर छोटू उर्फ धीरेंद्र, मनी और उनके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# युवक की मौत पर भड़के परिजन, रोड जाम

## हत्या का आरोप लगाते किया हंगामा, डीजे बजाने गया था युवक, दो युवक अस्पताल में शव छोड़कर हुए फरार



अमरोहा। युवक की मौत पर जिला अस्पताल में विलाप करते परिजन।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीजे बजाने के लिए घर से निकला युवक रहस्यमयी हालात में मृत मिला। दो युवक उसका शव बाइक पर लादकर जिला अस्पताल पहुंचे और इमरजेंसी में छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। हालात बिगड़ते देख पुलिस को तीन थानों का फोर्स बुलाना पड़ा। एसपी और एएसपी के पहुंचने के बाद बमुश्किल परिजनों को शांत कराया जा सका।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोहम्मदी सराय की है। यहां मनोज कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके चार बेटे और दो बेटियां हैं। चौथे नंबर का बेटा 23 वर्षीय रोहित डीजे बजाने का काम करता था और जोया निवासी अर्जुन के डीजे पर काम कर रहा था। रविवार दोपहर रोहित घर से निकला था। शाम को उसने परिजनों को फोन कर बताया कि वह काम पर जा रहा है। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। देर रात करीब नौ बजे परिजनों को सूचना मिली कि रोहित सड़क हादसे में घायल हो गया है और जिला अस्पताल में भर्ती है। परिजन जब जिला अस्पताल पहुंचे तो वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। रोहित मृत अवस्था में पड़ा था। चिकित्सकों ने बताया कि बाइक सवार पिंटू और उसका एक साथी उसे अस्पताल में भर्ती कराकर चले गए थे। रोहित के सीने में गोलीनुमा गहरा घाव था, जबकि पैर की खाल भी उधड़ी हुई थी। इस पर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने रोहित की हत्या का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिटी अभिषेक यादव व अवधभान भदौरिया मौके पर पहुंचे। शहर कोतवाली, देहात और नौगावां सादात थाने की पुलिस भी तैनात की गई। काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजनों को शांत कराया गया। एसपी ने मौके से ही तीन पुलिस टीमों का गठन कर संदिग्धों की तलाश में भेज दिया। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# बच्चों के विवाद में घर में घुसकर पीटा

## पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा। थाना देहात क्षेत्र के गांव चकिया में बच्चों के विवाद को लेकर युवक के साथ घर में घुसकर मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव चकिया निवासी फय्यूम अहमद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 16 जनवरी को उनका भाई फरमान घर पर मौजूद था। इसी दौरान बच्चों के विवाद को लेकर पड़ोसी इदरीश, उसके बेटे अफसर और सैफली तथा पत्नी मासूम जहां उनके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौच करते हुए फरमान के साथ मारपीट की। शोर-शराबा होने पर जब गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मारपीट में फरमान के सिर में खुली चोट आई, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें बताई गई हैं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष थाने पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नामजद चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। सीओ अवधभान भदौरिया ने जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की बात कही।

# हावड़ा-आनंद विहार ट्रेन का ठहराव, चालक का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हावड़ा आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव गजरौला स्टेशन पर स्वीकृत होने के बाद पहली बार ट्रेन के गजरौला पहुंचने पर दैनिक रेल यात्री संघ से जुड़े पदाधिकारियों व व्यापारियों ने ट्रेन के चालक और स्टेशन अधीक्षक केएल कश्यप आदि का स्वागत किया। दैनिक रेल यात्रियों और व्यापारियों ने कहा कि इस ट्रेन के ठहराव की मांग लगातार की जा रही थी। सोमवार की शाम को ट्रेन मुरादाबाद दिशा से होते हुए गजरौला के रेलवे स्टेशन पर आई। इस मौके पर सेवानिवृत्त स्टेशन अधीक्षक सतीश चंद्र शर्मा, डॉ.एलसी गहलौत, रामचंद्र अग्रवाल, राकेश कुमार, नवीन गर्ग, अभिषेक शर्मा, मनमोहन सेन, पवन अग्रवाल, राजेंद्र सिंह, दीपक अग्रवाल, पंडित दयानंद शर्मा, उमेश सेन आदि मौजूद रहे। स्टेशन अधीक्षक केएल कश्यप ने बताया कि हावड़ा आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस उदघाटन के बाद गजरौला आने पर दैनिक रेल यात्रियों व व्यापारियों द्वारा स्वागत किया गया। बताया कि यह ट्रेन सप्ताह में एक बार चलेगी। वहीं डॉ. एलसी गहलौत ने कहा कि इस ट्रेन के ठहराव होने से यात्रियों को हावड़ा से आनंद विहार तक जाने में सहूलियत मिलेगी।

■ **स्टेशन पर पहुंचे दैनिक रेल यात्री व व्यापारी**

# जमीन के फर्जी दास्तावेज तैयार कर बेचा

## कोर्ट के आदेश पर महिला के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** न्यायालय के आदेश पर थाना बछरायूं में जमीन से जुड़ी धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर मजरा बाजिदपुर निवासी पलटू पुत्र दलपत सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसकी जमीन को धोखे से फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेच दिया गया। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित के अनुसार गाटा संख्या 154 की भूमि से संबंधित उसका पूरा हिस्सा पहले ही क्रय-विक्रय हो चुका था, इसके बावजूद आरोपित महिला ने अन्य लोगों से मिलीभगत कर छल-कपट करते हुए फर्जी कागजात तैयार किए और जमीन का सौदा कर दिया। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो उसके साथ गाली-गलौच की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस का कहना है कि न्यायालय के आदेश के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम पर रिपोर्ट

## कैलसा में कार्तिक नर्सिंग होम का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** थाना देहात क्षेत्र के जोया ब्लॉक में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद पुलिस ने भी रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया के चिकित्सा अधीक्षक एवं क्वैक्स ब्लॉक के नोडल अधिकारी डॉ. कुणाल पाराशर द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

थाना देहात में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक 12 जनवरी को लकी धर्मकांटा के पास पाकबड़ा रोड कैलसा बॉर्डर स्थित कार्तिक नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण किया गया। जांच में नर्सिंग होम का संचालन आकिब पाशा निवासी मैन मार्केट जोया द्वारा किया जा रहा था, जो स्वयं मरीजों का उपचार करते पाए गए। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि उक्त नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग के अभिलेखों में पंजीकृत नहीं है और संचालक द्वारा किसी भी प्रकार का पंजीकरण अथवा चिकित्सकीय शैक्षिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम से एक ओटी टेबल, म्यूकस सक्शन मशीन, ओटी लाइट, साइड टेबल, दवाइयों से भरी अलमारी, चाइल्ड वेट मशीन, दो बेड, ड्रिप स्टैंड, डिजिटल बीपी मशीन, स्टेथोस्कोप सहित कई चिकित्सा उपकरण बरामद किए गए। इसके साथ ही ऑक्सीटोसिन के 10 प्रतिबंधित इंजेक्शन समेत रैनिटिडिन, एल्डरविट और बीटामेथासोन सोडियम जैसे इंजेक्शन भी पाए गए। मौके पर मौजूद स्टाफ की उपस्थिति में सभी उपकरणों व दवाओं को ओटी में सील कर सीजर की कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आकिब पाशा को नोटिस देकर अस्पताल संचालन से संबंधित पंजीकरण व शैक्षिक अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय के बाद भी कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया। विभाग का कहना है कि इससे स्पष्ट होता है कि संचालक द्वारा स्वयं को चिकित्सक बताकर अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय किया जा रहा था और आमजन से धोखाधड़ी कर धन अर्जित किया जा रहा था। मामले में इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956 की धारा 15(2) व 15(3), राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम 2019 की धारा 34 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) सहित दवाओं के अवैध उपयोग और भंडारण से संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामला में विवेचना शुरू करने की बात कही।

**नगर पालिका ने कराया एबीसी सैंटर का निर्माण**

# निराश्रित कुत्तों की संख्या पर लगेगा अंकुश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** नगर पालिका द्वारा श्वानवंशीय पशुओ कुत्तो के आश्रय स्थल एबीसी सेंटर' (एनिमल बर्थ कण्ट्रोल सेंटर) स्थापित कर नगर के निराश्रित कुत्तो के शासन के आदेश अनुसार बांध्यकरण करके, कुत्तो के आश्रय, भोजन, चिकित्सा देखभाल आदि के लिए स्वयंसेवी संस्था का चयन कर लिया गया है। अब ये सेंटर आगामी 15 दिवस मे कार्य करना आरम्भ कर देगा। इस कार्य के आरम्भ हो जाने से नगरीय क्षेत्र मे कुत्तो की संख्या पर नियंत्रण किया जा सकेगा।

इस मामले मे जानकारी देते हुए पालिका उपनगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार द्वारा बताया गया की शासन द्वारा नगरो मे निराश्रित श्वानवंशीय पशुओ कुत्तो की बढ़ती संख्या के नियंत्रण, उनकी देखभाल, उनके भोजन आदि की व्यवस्था कर उनके आश्रय स्थल की स्थापना किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन मे नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा पालिका क्षेत्र अहरोई अंतर्गत भवन का चयन कर नगरीय क्षेत्र के कुत्तो को पकड़ कर वैज्ञानिक पद्धति से शल्य चिकित्सा द्वारा बांध्यकरण कर, उनका अग्रिम इलाज, देखभाल, भोजन सहित उनके आश्रय की व्यवस्था किये जाने के लिए जनपद अलीगढ की स्वयंसेवी संस्था जीवदया फाउंडेशन से अनुबंध की कार्यवाही की जा रही है। 15 दिवस मे इस संस्था द्वारा कार्य आरम्भ कर दिया जायेगा। पालिका की इस पहल से पालि. का क्षेत्र मे निराश्रित कुत्तो की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण किया जा सकेगा।

### न्यौते के पैसे मांगने पर पिता-पुत्र ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** शादी में दिये गये न्यौते की रकम वापस मांगने पर पिता-पुत्रों ने युवक को पीटकर घायल कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी गयी है। कस्बे के मुहल्ला सिक्रेट्री कलौनी में संजय कुमार ने पांच साल पहले परिवार के अदवीर के बेटे संजू की शादी में दो हजार रूपये नोते बतौर डंगबारे पर दिए थे। चार जनवरी को संजय की बेटी की शादी थी आज जब संजय की पत्नी इमलेश ने अपने डंगबारे के दो हजार रुपये मांग तो मना कर दिया कहा कि मेरी बेटी की शादी भी बीत गई इसी बात को लेकर अदवीर ने अपने बेटे संजू के साथ मिलकर इमलेश के साथ गाली गलौज शुरू कर दी विरोध करने पर दोनों पिता और पुत्र ने लात घूसों से मारपीट और जानसे मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी

# मासूम से दुष्कर्म में तहेरे भाई को उम्रकैद

## कोर्ट ने 40 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म में कोर्ट ने दोषी तहेरे भाई को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जबकि 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

9 अगस्त 2025 की वारदात रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ी थी। यहां पर रहने वाले एक किसान की छह वर्षीय बेटी शाम के समय घर में थी। मौका पाकर गांव में ही रहने वाला तहेरा भाई उसे बहलाकर अपने साथ जंगल में ले गया था। गन्ने के खेत में ले जाने के बाद उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। शोर सुनकर पास ही एक खेत में घास काट रही पीड़िता की चाची के मौके पर पहुंचते ही आरोपी वहां से भाग निकला था। लहूलुहान हालत में मिली बच्ची को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचते हुए जांच-पड़ताल की थी। एसपी अमित अमित कुमार आनंद ने भी घटनास्थल का मुआयना किया था। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी तहेरे भाई को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया था। तभी से वह जेल में है। पुलिस ने बेहद कम समय में विवेचना पूरी करते हुए चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। मुकदमे की सुनवाई पॉक्सो प्रथम की कोर्ट में चल रही थी। एफएसएल रिपोर्ट में भी बच्ची के साथ दुष्कर्म की पुष्टि की गई थी। कोर्ट ने 20 सिंतबर 2025 को इस मुकदमे में पहले सुनवाई की थी और तुरंत ट्रायल पर ले लिया था।शनिवार को कोर्ट ने मुकदमे में सुनवाई करते हुए पत्रावली के गहन अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर पीड़िता के तहेरे भाई को दुष्कर्म में दोषी करार दिया था। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि सोमवार को सजा के प्रश्न पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है तथा 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# तहसील बार के चुनाव में बम्पर वोटिंग



## 193 में से 190 वकीलों ने वोट डाले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सदर तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में बम्पर वोटिंग हुई। अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद के दो-दो प्रत्याशियों के भाग्य मतपेटिकाओं में कैद हो गये। 193 अधिवक्ता वोटों में से 190 ने अपने मत का प्रयोग किया।

सदर तहसील बार के चुनाव के लिए आज मतदान हुआ। बताते चलें कि तहसील बार अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद भटनागर व शकील अहमद एडवोकेट के बीच सीधी टक्कर है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए निरंजन सिंह व इरफान अहमद के बीच सीधा मुकाबला है। अन्य पदों के लिए निर्विरोध चुनाव हो चुका है। जिसमें संजीव कुमार महासचिव, इंतखाब नाजिर व जयविन्द्र सिंह, कांशीराम व कृष्ण कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष सैफ सिद्दीकी मीडिया प्रभारी, संदीप सक्सैना व उमेश कुमार उप सचिव चुने जा चुके हैं। आज 193 अधिवक्ताओं में से 190 ने अपने वोट का प्रयोग किया। चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, पुष्करलाल गुप्ता, गौरव शर्मा, अभिनव सक्सैना व मनजीत सिंह द्वारा सम्पन्न कराया तथा आसिफ हसन, रमेशचंद, महफूज अली सिद्दीकी व सीमा सक्सैना ने सहयोग किया।

# मनौटा-मछरई में हुआ सनातन सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील के गांव मछरई मनौटा स्थित प्रसिद्ध त्रिमूर्ति शेषनाग धाम आश्रम पर सोमवार को आश्रम का 22वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विशाल सनातन सम्मेलन, भव्य भजन संध्या और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें अमरोहा के अलावा संभल और मुरादाबाद जिलों से आये हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

यह संपूर्ण कार्यक्रम धाम के महामंडलेश्वर स्वामी हर मनोज दास महाराज के पावन सानिध्य और नेतृत्व में संपन्न हुआ। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सनातन सम्मेलन में विद्वानों ने धर्म की व्याख्या की। संभल से पधारे मुख्य वक्ता आचार्य दुष्यंत शास्त्री ने अपने प्रवचनों से भक्तों को निहाल किया। उन्होंने कहा, ष्सनातन वह सत्य है जो सृष्टि के आरंभ से है और अंत तक रहेगा। जिसका न कोई आदि है और न ही अंत।ष महामंडलेश्वर स्वामी हर मनोज दास ने बताया कि



प्रतिवर्ष माघ माह की अमावस्या पर यहाँ विशाल भंडारे की परंपरा है। उन्होंने धाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि शेषनाग धाम पर श्रद्धापूर्वक दूध अर्पित करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महामंडलेश्वर साध्वी गीता प्रधान,कुलदीप विद्यार्थी, रामकिशोर त्यागी, सरदार राजेंद्र सिंह, कुंवर रोबिन त्यागी, विजेंदर त्यागी, खन्ना एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नलकूपों से चोरी करने वालों को पकड़ा जाए

## भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भारत भूमि ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर सोमवार को एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को एक ज्ञापन सौंप दिया। इस दौरान यूनियन के पदाधिकारियों और ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से जल्द से जल्द मांगों को पूरा करने की मांग की गई। यूनियन के जिला अध्यक्ष शमशेर अली सैफी के नेतृत्व में सौंपेहै गये ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि काला खेड़ा क्षेत्र में नलकूपों (ट्यूबवेल) पर दो बार चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। पुलिस को तहरीर देने के बावजूद अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। हसनपुर चीनी मिल द्वारा चिमनियों के प्रदूषण से ग्रामीण परेशान हैं। जल्द से जल्द निजात दिलाई जाये। हसनपुर-कनेटा रोड से कालाखेड़ा और सुल्तानपुर होते हुए उझारी तक जाने वाले चकरोड मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसके चौड़ीकरण की मांग की गई है। जिससे करीब 5-7 गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिल सके। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि यदि इन तीन मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो समस्त किसान और ग्रामीण शांतिपूर्ण ढंग से धरने पर बैठने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शमशेर अली सैफी,डा.मिंटू सागर, मोहम्मद इमरान, रिहान, शहजादा, रामपाल, नेता सिंह और मोहम्मद सफी समेत कई कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चकबंदी विभाग में फैले भ्रष्टाचार को रोका जाए

## किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप उठायी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं को लेकर किसानों ने हुंकार भर दी है। उपजिलाधिकारीको संबोधित एक मांग पत्र के माध्यम से संगठन ने शासन-प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि यदि 23 जनवरी तक उनकी 9 सूत्रीय मांगों का निस्तारण नहीं किया गया तो 24 जनवरी को तहसील परिसर में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जायेगा।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि नई तहसील भवन के संचालन से चेतन चौहान मार्ग पर लग रहे जाम और दुर्घटना की आशंका को देखते हुए रामपुर रोड पर अतिरिक्त गेट खोलने की मांग की है। इसके अलावा, चकबंदी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया गया है कि अधिकारी सुविधा शुल्क लेकर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे करा रहे हैं। इस दौरान मोनू चौधरी कुलदीप सिंह नेतराम सिंह सैनी नेमपाल सिंह सुंदर सिंह सीताराम सैनी कैप्टन वीर सिंह चौहान हरि सिंह सैनी शेर सिंह राणा राजपाल सिंह चौधरी धर्मवीर सिंह राकेश लोकेश सिंह रोहतास सिंह आदि मौजूद रहे।

# आनन्द धाम सरोवर में चला सफाई अभियान

## मेले से पहले बूढ़े बाबा के मठ परिसर को किया साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला महादेव स्थित आनंद धाम सरोवर बूढ़े बाबा के मठ पर माघ मास की दोयेज को लगने वाले विशाल मेले से एक दिन पहले नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के निर्देश पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सरोवर की सफाई, आसपास की झाड़ियों की कटाई और कूड़ा हटाने का कार्य कराया गया।

बूढ़े बाबा के मठ को लेकर मान्यता है कि यहां प्रसाद चढ़ाने के बाद सरोवर में स्नान करने से चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है। इसी आस्था को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा सरोवर और मठ परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया गया, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करना नगर पालिका की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया



कि मेले के दौरान भी सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। साथ ही श्रद्धालुओं से भी अपील की गई कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। इस दौरान अक्षय अग्रवाल, देवेश तंवर, जितेश कुमार, शुभ अग्रवाल, लाभ अग्रवाल, शेंकी अग्रवाल आदि मौजूद रहें।

## बीस साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** पुलिस ने बीते 20 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। उसका चालान कर दिया गया है। रात्रि गश्त के दौरान उसकी गिरफ्तारी की गई है। पुलिस के अनुसार वह अपनी रिश्तेदारी में चोरी छिपे रह रहा था। क्षेत्र के पखरौला गांव निवासी रेड वारंटी फरजंद पुत्र हसन रजा पर पुलिस के अनुसार 10 से ज्यादा मुकदमें हैं। जिनमें से कुछ मुकदमें फाइनल हो चुके हैं। बताया जा रहा है फरंजद बीते 20 वर्षों से वारंटी चल रहा था। काफी तलाशने पर भी उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका था। पुलिस ने रविवार की रात गश्त के दौरान फरजंद को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने वारंटी का चालान करने के बात कही।

# राष्ट्र सेवा व अनुशासन की भावना को किया जागृत

## सुखेदवी में स्काउट-गाइड शिविर सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को रंगारंग समापन हो गया। 16 जनवरी से 19 जनवरी तक चले इस शिविर में छात्र-छात्राओं ने अनुशासन, सेवा और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर का आयोजन जिला स्काउट कमिश्नर अजय कुमार के निर्देशन में किया गया। मुख्य प्रशिक्षक अमन कुमार और मंजीता ने छात्र-छात्राओं को स्काउटिंग की बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल स्काउट के सिद्धांतों को आत्मसात किया, बल्कि स्वयं को 'गाइड' के रूप में



गौरवान्वित महसूस किया। शिविर के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय प्रांगण में भव्य एवं आकर्षक टेंटों का निर्माण किया। कूड़े-कचरे के सही निस्तारण और सीमित संसाधनों में बेहतर जीवन जीने की कला ने आगंतुकों का मन मोह लिया।निर्णायक मंडल में राजकीय डिग्री कॉलेज के प्राचार्य विनोद कुमार,अंकिता शर्मा और संदीप कुमार शामिल रहे। उन्होंने सभी टेंटों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया और विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्रधानाचार्य महिपाल सिंह ने अतिथियों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में राष्ट्र सेवा और अनुशासन की भावना जागृत होती है। इस अवसर पर स्काउट गाइड प्रभारी उमेष कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# संसद भवन में डा. यतीन्द्र की किताब का विमोचन

## हिन्दी सेवा के लिए मिला सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** हिंदी साहित्य और भाषा संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले संस्कार भारती के प्रांत प्रचार प्रमुख एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. यतींद्र कटारिया की नवीनतम काव्य कृति "प्रेरणा के प्रतिमान" का विमोचन संसद भवन परिसर में आयोजित गरिमामय समारोह में किया गया। पुस्तक का लोकार्पण केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी, संसदीय राजभाषा समिति के उपाध्यक्ष सांसद डॉ. भर्तृहरि महताब तथा पूर्व सांसद व विश्व हिंदी परिषद के अध्यक्ष डॉ. यारलागड्डा लक्ष्मीप्रसाद के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हिंदी के संवर्धन, संरक्षण और व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर हिंदी सेवा में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. यतींद्र कटारिया सहित अन्य हिंदी सेवियों को सम्मानित किया गया। डॉ. कटारिया ने काव्य पाठ करते हुए कहा कि हिंदी साहित्य विश्व की सबसे समृद्ध साहित्यिक धरोहरों में से एक है और आज यह वैश्विक मंच पर तेजी से स्थापित हो रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल में हिंदी का उत्थान प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। डॉ. कटारिया ने यह भी जानकारी दी कि उनकी सरदार शतक, राष्ट्रीय चेतना की हुंकार, योगी आदित्यनाथ एवं नाथ परंपरा सहित कई नई कृतियां शीघ्र ही प्रका. शित होकर पाठकों के समक्ष आएंगी।

# एसक्यू कालेज डिडौली में निबंध प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** एसक्यू कालेज आफ फार्मेसी में ओपन निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में जनपदभर के कक्षा छह से 12 तक के स्कूलों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। डायरेक्टर मौहम्मद आमिर ने बताया कि प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन शुल्क फ्री था परीक्षा दो स्तर में बांटा गया। दो घंटे की समय सीमा पर तीन घंटे वाले पेपर के छह निबंधों में से प्रत्येक 300-500 शब्दों के बीच कुल तीन निबंध लिखने थे। तीन खंडो वाले निबंध में कोई तीन निबंध 2 घंटे में लिखने थे। बच्चों में वैचारिक प्रवृत्ति विक. सित होती है तथा समस्याओं का समाधान खोजने में भी मद्द मिलती है। उन्होंने बताया कि जो छात्र छात्राएं इंटरपास कर चुके हैं वह डीफार्मा में एडमिशन ले सकते हैं। प्रतियोगिता में तुर्की इंटर कालेज, डब्ल्यूटीएम, दुल्हे खां, इंटर कालेज, मजाहिद हसन इंटर कालेज, उसमान जनता इंटर कालेज, शमीम शहजाद इंटर कालेज, सुशीला देवी इंटर कालेज, भारत माता इंटर कालेज स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# आयुष्मान कार्ड व टीकाकरण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं

## समीक्षा बैठक में एएनएम को सख्त चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में सोमवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने ब्लॉक की सभी एएनएम के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जताई और आयुष्मान कार्ड बनाने तथा टीकाकरण अभियान में लापरवाही बरतने वाली एएनएम को सख्त निर्देश दिए।

बैठक में सब-सेंटर के अनुसार कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। इसमें आयुष्मान कार्ड बनवाने की गति, बच्चों और गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण, गैर-संचारी रोगों की जांच का डेटा और डिजिटल हेल्थ आईडी बनाने का लक्ष्य शामिल था। समीक्षा में धनोरा मुख्य केंद्र और बछरायूं क्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट संतोषजनक नहीं पाई गई। लक्ष्य के अनुरूप कार्य न होने पर डॉ.



राहुल कुमार ने इन दोनों केंद्रों की एएनएम को फटकार लगाई। उन्होंने साफ कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी ढिलाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ. कुमार ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही लक्ष्य पूरा नहीं किया गया, तो संबंधित एएनएम के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा अधीक्षक ने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक करें और वंचित लोगों के आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक दिनकर शर्मा, अभिषेक वर्मा, अमित कुमार, ममतेश कुमारी, सोनिका चौधरी, संदीप सैनी और क्षेत्र की सभी एएनएम उपस्थित रहीं। डॉ. राहुल कुमार ने सभी से कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं में सक्रियता दिखाना और लक्ष्य समय पर पूरा करना हर स्वास्थ्य कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।

# पूर्व सभासद व भाजपा नेता के बीच मारपीट

## दोनों पक्षों ने पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के एक रेस्टोरेंट पर एक भाजपा नेता व पूर्व सभासद (व्यापारी) के बीच मारपीट हो गई। घटना से जुड़ा वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। दोनों पक्षों ने ही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार नगर के इंदिरा चौक पर एक रेस्टोरेंट स्थित है। रविवार की शाम को वहां पर नगर के मोहल्ला महाजन बस्ती निवासी पूर्व सभासद संजय अग्रवाल कोई खाने पीने का सामान लेने गए थे। उनकी किसी बात को लेकर कारीगरों से नोंकझोंक हो गई। इसके बाद रेस्टोरेंट संचालक व भाजपा नेता रोहित शर्मा और पूर्व सभासद संजय अग्रवाल के बीच नोंकझोंक के बाद मारपीट हो गई। घटना पास लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई, जिसका वीडियो भी अब इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में रोहित शर्मा का कहना है कि पूर्व सभासद संजय अग्रवाल ने होटल पर गाली गलौच की। इसका विरोध किया तो उन्होंने मारपीट की। वहीं पूर्व सभासद संजय अग्रवाल ने भाजपा नेता रोहित शर्मा व तीन अज्ञात व्यक्तियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं मोहल्ला मायापुरी निवासी महिला ऊषा शर्मा ने भी व्यापारी संजय अग्रवाल, उसके पुत्र सागर व पत्नी आदि पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने सभी पक्षों को मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# नाराज़ सभासदों को चेयरमैन ने किया राज़ी

## नगर पंचायत अध्यक्ष से आठ सभासद चल रहे थे खफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** नाराज चल रहे नगर पंचायत के सभी सभासदों को चेयरमैन जुबैर अहमद अपने खेमे में करने में सफल रहे हैं।

बताते चलें कि नगर पंचायत के आठ सभासद पिछले एक साल से चेयरमैन जुबैर अहमद से नाराज चल रहे थे। जिस कारण कोरम पूरा न होने के कारण नगर पंचायत की बैठक कई बार स्थगित करनी पड़ी थी। जबकि बोर्ड की बैठक में सभासदों के न आने के कारण विकास कार्य भी प्रभावित हो रहा था। पिछले काफी समय से नाराज चल रहे आठ सभासदों को अपने खेमे में लाने के

**बोर्ड की बैठक में जल्द लगेगी विकास कार्यो पर मुहर**

लिए चेयरमैन जद्दोजहद कर रहे थे। 12 जनवरी को सभी नगर पंचायत के सभासदों को कार्यालय में बुलाया गया था जहां बंद कमरे में घंटो बातचीत हुई। जिसमें सभासदों ने चेयरमैन द्वारा अपनी अनदेखी किये जाने व मान सम्मान न मिलने का दुखड़ा रोया। इस दौरान नाराज चल रहे सभासदों को चेयरमैन ने भरोसा दिलाया कि आगे से उन्हें इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिलेगी। जिस पर सभी नाराज सभासद राजी हो गये। सभासदों को पूरा भरोसा दिलाया गया है कि उन्हें पूरा मान सम्मान मिलेगा।जल्द ही नगर पंचायत बोर्ड की बैठक बुलायी जायेगी। जिसमें नगर पंचायत के विकास कार्यो पर रूपरेखा तैयार की जायेगी तथा अब नगर में विकास का पहिया तेजी से दौड़ेगा।

# ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जे को कराया ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** राजस्व विभाग की टीम ने ढबारसी में ग्राम पंचायत की लगभग पौने दो बीघा जमीन पर कब्जा करने को लेकर बनाई दीवार को जेसीबी मशीन से गिराकर कब्जा मुक्त कराया है।

हसनपुर तहसील के ग्राम ढबारसी में गाटा संख्या 324,325 आदि में राजस्व अभिलेखों में ग्राम पंचायत की भूमि नवीन परती, कूड़ा डालने की भूमि है। उक्त भूमि पर काफी समय रामलीला का मंचन किया जाता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व एस डी



एम हसनपुर को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि इस भूमि पर गांव के कुछ लोगों ने कब्जा करने की नियत से पक्की दीवार का निर्माण कर लिया है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए कानूनगो के नेतृत्व में टीम गठित कर भूमि की पैमाइश कराई गई। पैमाइश में उक्त भूमि व कुछ पक्के मकान ग्राम पंचायत की भूमि में पाए गए। सोमवार को कानून गो ढबारसी रतिराम,कानूगो रहरा ओमकार सिंह व हल्का लेखपाल जितेन्द्र सिंह ने आदमपुर पुलिस की मदद से जेसीबी मशीन से पक्की दीवार को गिरा दिया। कानूनगो रति. राम ने बताया कि ग्राम पंचायत की भूमि से अवैध निर्माण को हटवाकर खाली भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है जबकि ग्राम पंचायत की भूमि पर बने पक्के मकानों का निर्माण करने वाले लोगों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# फाइनेंस कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## महिला के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में था



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मौहल्ला सरायरफी रेलवे स्टेष्शन रोड स्थित ललता बिल्डिंग में रह रहे एक फाईनेंस कम्पनी के फील्ड ऑफिसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार मृतक हरिओम सिंह (25 वर्ष) जनपद रायबरेली का निवासी है और वह यहां एक शीतल नामक महिला के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहा था। देर रात्रि पुलिस को मिली सूचना के आधार पर कोतवाली प्रभारी निरिक्षक अमित कुमार मौके पर पहुंचे और हरिओम सिंह नामक युवक के शव को पंखे से लटकी अवस्था में नीचे उतरवाया और तुरंत ही उसे उपचार के लिये सीएचसी स्याऊ पहुंचाया, जहां वे पहुंचने से पहले ही मृत हो चुका था। पुलिस ने बताया कि हरिओम सिंह बिजनौर किसी फाईनेंस कम्पनी में कार्य करता था तथा वे शीतल नामक एक 25 वर्षीय महिला के संग रह रहा था। पुलिस ने बताया कि शीतल हापुड़ के अम्बेडकर नगर की रहने वाली है, वे यहां नूरपुर ब्लाक में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत है।

पुलिस के अनुसार हरिओम की शीतल से कुछ अनबन हुई और वह नीचे कुछ सामान लेने आ गई। इसी बीच हरिओम ने अपने को फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। पुलिस ने हरिओम के परिजनों को सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस ने किसी प्रकार की तहरीर मिलने से इंकार किया है।

# साइबर अपराध को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** साइबर अपराधों को रोकने और आम जनता को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की ओर से एक महत्वपूर्ण जनहित सूचना जारी की गई है। इस सूचना के माध्यम से नागरिकों को ऑनलाइन ठगी और डिजिटल अपराधों से सावधान रहने की अपील की गई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन, इंटरनेट और सामा. जिक माध्यमों के बढ़ते उपयोग के साथ साथ साइबर ठग भी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। अनजान फोन कॉल, संदेश, व्हाट्सएप पर आए लिंक और ई-मेल के जरिए लोगों से बैंक संबंधी जानकारी, एकमुश्त पासवर्ड स्वचालित धन निकासी मशीन का गुप्त नंबर और डिजिटल भुगतान गुप्त कोड हासिल कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक केवाईसी अद्यतन ऋण, इनाम, बिजली बिल, सिम बंद होने या खाता अवरुद्ध होने के नाम पर आने वाले किसी भी फोन कॉल या संदेश पर बिल्कुल भी भरोसा न करें। कोई भी बैंक, पुलिस या सरकारी अधिकारी कभी भी फोन के माध्यम से गोपनीय जानकारी नहीं मांगता। ऐसे मामलों में तुरंत सतर्क हो जाना चाहिए।

थाना प्रभारी ने सामाजिक माध्यमों पर दिखाए जा रहे फर्जी निवेश, व्यापार, अंशकालिक कार्य और कम समय में अधिक लाभ के प्रलोभन से भी दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बिना जांच-पड़ताल किसी भी प्रकार का मोबाइल अनुप्रयोग डाउनलोड न करें और किसी अंजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल को दूर से नियंत्रित करने वाले अनुप्रयोग बिल्कुल भी स्थापित न करें क्योंकि इसी माध्यम से साइबर अपराधी मोबाइल का पूरा नियंत्रण प्राप्त कर लेते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हो जाए या किसी प्रकार का संदेह उत्पन्न हो तो घबराने की आवश्यकता नहीं है। पीड़ित व्यक्ति तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध शिकायत पोर्टल पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने नागरिकों से अपील की कि इस जनहित सूचना को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि हर व्यक्ति साइबर अपराधियों से सतर्क रह सके और आर्थिक व मानसिक क्षति से बचा जा सके।

## एक नजर

### 50 लाभार्थियों को मिले प्रशस्ति पत्र



**अफजलगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत हर गरीब को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में प्रदेश सरकार के आह्वान पर महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद के बैठक हॉल में किया गया। 50 लाभार्थियों को अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। लाभार्थियों को उनके बैंक खातों में सीधे अनुदान राशि का अंतरण किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर, लखनऊ से सीधे प्रसारण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा खचाखच भरे नगर पालिका परिषद बैठक हॉल में सभासदों, नगर पालिका कर्मियों को लाभार्थियों को योजना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबों के जीवन में गरिमा, सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करने की दिशा में डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी एमपी सिंह, मुख्य लिपिक संजीव कुमार अग्रवाल, बृजेश सिंह, रोबिन अग्रवाल, सनी गुप्ता, रोहिताश पवार, साबिर अली व सभासदगण मुकीब खान सूरी, कादिर अंसारी, मौहम्मद शाहनवाज, कलवा कुरैशी, मौहम्मद शाहिद कुरैशी, रिजवान अहमद, अब्दुल वाहिद, मौहम्मद अली, जुबैर अहमद व भारी संख्या में लाभार्थी आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक



**नूरपुर।** अमरोहा मार्ग पर नवाबुद्दीन मलिक के प्रतिष्ठान पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन चांदपुर तहसील इकाई की एक आवश्यक बैठक निवर्तमान अध्यक्ष परम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के आदेश के अनुपालन में जिलाध्यक्ष डॉ. भानु प्रकाश वर्मा के निर्देशन में चांदपुर तहसील इकाई कार्यकारिणी का गठन जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार की देखरेख एवं जिला संगठन मंत्री गुणवंत सिंह राठौर के संचालन में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ.एहतेशाम अंसारी संरक्षक, बिजेंद्र शर्मा अध्यक्ष, पंकज जोशी, हेमेंद्र सिंह, डॉ. थम्मन सिंह उपाध्यक्ष, मन्नान सैफी महामंत्री, फिरोज आलम, मौहम्मद ताहिर उपाध्यक्ष, अमित ठाकुर कोषाध्यक्ष, नसीम सैफी आडीटर, नवाबुद्दीन मलिक, इदरीस अंसारी, अशराऊल हक, इमरान मैराजी, सतीश चौहान, धर्मवीर दिवाकर, प्रशांत शर्मा, रामरतन सिंह, सुरेंद्र शर्मा,परवेंद्र चौहान को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। बैठक में नूरपुर ब्लाक प्रभारी पद पर बिरेन्द्र चौधरी को चुना गया। नवगठित पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई देते हुए संगठन हित में कार्य करने की अपेक्षा की गई। इकाई के गठन से पहले जिला उपाध्यक्ष डॉ. आलम फरीदी, यशपाल सिंह एवं जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखने के लिए जनहित में कलम का इस्तेमाल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा हमें पक्षकार नहीं पत्रकार बनकर काम करना चाहिए। बैठक में धामपुर तहसील अध्यक्ष इंदर सिंह चौहान, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष चौधरी शेर सिंह आदि शामिल हुए।

### शोकाकुल परिवार का ढांढस बंधाया



**नहटौर।** क्षेत्र के गांव रुखड़ियो निवासी बीना देवी व उनके पुत्र शिवम कुमार की नहटौर झालू मार्ग पर 12 जनवरी को गांव बिलाई के पास ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर होने के दौरान मौत हो गई थी। समाजसेवी व वरिष्ठ चिकित्सक अभिषेक चंद्रा गांव रूखड़ियो में पहुंचे और उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार का ढांढस बंधाया।

### पुस्तकालय के विशेष संरक्षक के निधन पर शोक

**नजीबाबाद।** नगर के सरस्वती पुस्तकालय के विशेष संरक्षक व कई पदों पर रहे अरविंद रंधर का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर सरस्वती पुस्तकालय के प्रधान अतुल माहेश्वरी, पूर्व प्रधान उमापति गर्ग, मंत्री प्रदीप डेजी, विवेक नैनू, जितेंद्र जैन आदि ने शोक व्यक्त किया। उनके निधन पर व्यापार जगत में भी शोक जताया। शोक व्यक्त करने वालों में प्रेमसागर अग्रवाल, विष्णुचंद अग्रवाल, तरूण अग्रवा आदि शामिल रहे।

### करौंदा चौधर में हिंदू सम्मेलन




**कोतवाली देहात।** ग्राम करौंदा चौधर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में फुलसंदे वाले बाबा ने कहा कि भारत भूमि पर स्वर्ग और मोक्ष दोनों विद्यमान हैं। पुण्य आत्माओं को भारत भूमि पर जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फुलसंदे वाले बाबा ने कहा कि इस्लाम के आगमन से ढाई हजार वर्ष पूर्व अरब देशों में वेदों की ऋचाएं गूंजती थी। वहां भी वेदों के विद्वान थे। वेद के ज्ञान को पूरे विश्व ने माना है। भगवान शिव, ब्रह्मा और विष्णु ने भारत भूमि पर शरीर धारण कर अवतार लिए हैं। भारत भूमि की सेवा करना पुण्य का कार्य है। हमें लोगों की तरक्की देखकर खुश होना चाहिए। हमें कभी भी विनाश देखकर खुश नहीं होना चाहिए। भारत भूमि में वसुधैव कुटुंबकम की भावना विद्यमान रही है। हमने सभी के निरोगी और स्वस्थ होने की कामना वेद मंत्रों में की है। उन्होंने कहा कि हिंदू शब्द बाहर विदेश से नहीं आया है। हिंदू शब्द देश की उत्पत्ति है। हिंदू धर्म ग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेश पाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 1925 में विजयदशमी के दिन बना। पिछले 100 सालों में राष्ट्र उत्थान में आरएसएस ने अपना योगदान दिया। कश्मीर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। यदि कहीं भी कोई दुर्घटना हुई, प्रत्येक स्थान पर स्वयंसेवक मौजूद मिले। हैप्पी कुमार ने आरएसएस के 100 सालों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शताब्दी वर्ष में सात प्रकार के कार्यक्रम होंगे। पूरे देश में एक लाख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आरएसएस की और शाखाएं खोली जाएगी। कार्यक्रम में आए भजन उपदेशकों ने भजन प्रस्तुत किए। इस दौरान आरएसएस के इतिहास से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में महिलाएं काफी संख्या में उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष कुमार ने तथा संचालन रूपेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में सुनील कुमार, हिमांशु कुमार, ऋषि त्यागी, शिवम त्यागी, मुकेश त्यागी, ऋषिपाल सिंह, मदन सिंह, सतीश त्यागी, नितिन चौधरी, गौतम कुमार, डालचंद सैनी, समर सिंह, लक्ष्मण सिंह, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को बांटे कार्ड




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित संक्षिप्त कार्ड वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान बनवाने वाले पात्र परिवारों को पालिका ईओ व चेयरपर्सन पति ने संयुक्त रूप से कार्ड वितरित किये।

ईओ कुणाल रस्तोगी व चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित करते कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना एक बहुत अच्छी योजना है। इसमें पात्र परिवारों को अपना मकान बनवाने में आसानी हो जाती है।

इस मौके पर पालिका कर्मी समस्त सभासदगण एवं पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना शामिल रहे।

कार्ड वितरण में सभासदगणों में सभासदपति शेख रईस अहमद वार्ड 15 मौहल्ला पतियापाड़ा, मौहम्मद परवेज वार्ड 19 मौहल्ला बाजार, शाहनवाज उर्फ सोनू वार्ड 05 काजीजादगान, शारिक हाशमी वार्ड 21 मौहल्ला कोटला /कटकुई आदि सहित समस्त पालिका कर्मी व सभासदगण उपस्थित रहे।

# पेंशन क्रांति महासम्मेलन 15 फरवरी को

## सभी विभागीय संगठनों के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वावधान में टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण से इंदिरा बाल भवन में होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर सिंचाई विभाग में स्थित फील्ड हॉस्टल में संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह की अध्यक्षता व अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलौत के संचालन में सभी विभागीय संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने आगामी 15 फरवरी को होने वाले पेंशन क्रांति मार्ग सम्मेलन को सफल करने का आह्वान करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। यदि सभी संगठित होकर संघर्ष करेंगे, तो निश्चित सुखद परिणाम मिलेंगे। संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा व डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा निरंतर संघर्षरत है। 15 फरवरी को बड़ी संख्या में हमारा कर्मचारी शामिल होगा। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला मंत्री राहुल राठी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, जिला मंत्री अमर सिंह ने कहा कि महासम्मेलन ऐतिहासिक होगा। जिसमें जनपद के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। आईटीआई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला मंत्री आशिष सक्सेना, सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्ष करता है। महासम्मेलन को हमारा पूर्ण समर्थन है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश पाल और मंत्री पंकज कटारिया राजकीय वाहन चालक महासंघ के जिला मंत्री हेमराज सिंह ने पेंशन क्रांति महासम्मेलन को समर्थन देते हुए कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अंत तक संघर्ष करेंगे। संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिले के संरक्षक देशराज सिंह ने सभी शिक्षक कर्मचारियों को एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

बैठक में राजकीय वाहन चालक संघ के जिला अध्यक्ष, नलकूप सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार, अटेवा जिला महामंत्री सुभाष यादव, जिला मंत्री अनुज कुमार, मनचंदा, अभिषेक सिंह, राज, आर्यन कुमार, कृष्ण कुमार, राजीव कुमार, अंकित कुमार, इंजीनियर राजेश कुमार, मौहम्मद सदीक, राजकुमार सिंह, वीरपाल सिंह, मुजफ्फर इस्लाम, विकास पाठक, सुशील कुमार, संदीप सैनी, संजय वर्मा, मनोज कुमार, दीपेंद्र कुमार, विनीत कुमार, राकेश कुमार, रवि, मोहित त्यागी आदि ने संबोधित किया।

# संयुक्त सर्वे कर्मियों का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गन्ना किस्मों की सही पहचान और प्रमाणीकरण को लेकर धामपुर में संयुक्त सर्वे कर्मियों का वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। गन्ना एवं चीनी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या 947 सी/विकास (दिनांक 08 जनवरी 2026) के अनुपालन में यह प्रशिक्षण धामपुर शुगर मिल्स के रामगंगा फार्म परिसर में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में विभागीय एवं चीनी मिल के संयुक्त सर्वे कर्मियों को विभिन्न गन्ना प्रजातियों का सजीव प्रदर्शन कराकर पहचान की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर संयुक्त गन्ना सर्वे कर्मी, प्रबंधक (गन्ना), सहायक प्रबंधक (गन्ना), चीनी मिल गन्ना पर्यवेक्षक, राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक एवं गन्ना समिति धामपुर के कर्मियों सहित 100 से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण सत्र में गन्ना शोध केंद्र मुजफ्फरनगर के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. अवधेश डांगर ने किसानों के बीच प्रचलित 15 से अधिक अगेती गन्ना किस्मों- जैसे कोशा 13235, कोशा 17231, कोशा 18231, कोशा 19231, को 0118, कोल 14201, कोल 16202, को 98014, को 15023, CoJ 85, कोसे 03234, कोशा 08272 तथा सामान्य गन्ना किस्म को 5011-का फार्म में स्थापित प्रदर्शन प्लॉट पर सजीव प्रदर्शन किया। उन्होंने गन्ना किस्मों की पहचान के लिए इंटरनोड डिजाइन, बड शेप, बड कुशन, बड ग्रूव, पत्तियों का स्वरूप, मध्य शिरा, लीफ शीथ का रंग तथा तने की पोरियों के रंग जैसे लक्षणों की विस्तार से जानकारी दी और कर्मचारियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित कुमार पाण्डेय ने सर्वे कर्मियों को निर्देशित किया कि बताए गए लक्षणों के आधार पर कृषकों के खेतों में खड़ी फसल एवं बीज हेतु सुरक्षित प्लॉटों की सही पहचान कर प्रमाणीकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 20 जनवरी से 5 फरवरी तक विशेष अभियान चलाकर गन्ना प्रजातियों का गहन सर्वे किया जाएगा तथा अस्वीकृत प्रजातियों वाले प्लॉटों को चिह्नित किया जाएगा।

धामपुर शुगर मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) ओमवीर सिंह ने क्षेत्र में रेड रॉट (लाल सड़न) रोग के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए को-0238 प्रजाति की बुवाई न करने के लिए किसानों को जागरूक करने पर जोर दिया। इसके लिए ग्राम-स्तरीय बैठकों, पम्पलेट, वॉल पेंटिंग और बैनर के माध्यम से व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए गए।

# साइबर क्राइम व ठगी से जागरूकता का संदेश वीडियो सॉन्ग वायरल

## सोशल मीडिया पर एसपी ने की प्रयास की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर निवासी युवाओं के द्वारा साइबर क्राइम से बचने एवं ठगी से जागरूकता का संदेश वीडियो सॉन्ग सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। साइबर ठगी से बचाने का यह संदेश अब धामपुर से निकलकर पूरे सोशल मीडिया पर गूंज रहा है।

आम जनता को साइबर अपराध से बचाने और जागरूक करने के उद्देश्य से धामपुर के युवाओं द्वारा संगीत के माध्यम से तैयार किया गया साइबर सुरक्षा पर आधारित एक वीडियो सॉन्ग इन दिनों तेजी से वायरल हो रहा है। इस जागरूकता सॉन्ग के जरिए लोगों को यह समझाने का प्रयास किया गया है कि ओटीपी और निजी जानकारी साझा करना कितना खतरनाक हो सकता है और किस तरह साइबर ठगी से बचा जा सकता है। सरल शब्दों और प्रभावी संगीत के माध्यम से दिया गया संदेश आम लोगों को खासा प्रभावित कर रहा है। उड़द-चावल सॉन्ग से पहचान बना चुके धामपुर निवासी गुलफाम, सुहेल, सलमान और रोमियो का यह प्रयास अब चर्चा का विषय बना हुआ है। युवाओं का कहना है कि उनका उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ समाज को एक गंभीर समस्या के प्रति सतर्क करना है। इस वीडियो सॉन्ग की सराहना बिजनौर के पुलिस कप्तान अभिषेक झा ने भी की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए लोगों से साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस कप्तान की ओर से मिली यह सराहना इन युवाओं के लिए किसी बड़े सम्मान से कम नहीं मानी जा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि यह सॉन्ग लोगों में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाएगा और साइबर ठगी से बचाव में सहायक साबित होगा।

# मिट्टी से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली ने मैजिक वाहन में मारी टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** तेज गति से जा रहे मिट्टी से भरे एक ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली ने मैजिक वाहन में सामने से टक्कर मार दी।

बीती सायं क्षेत्र के गांव मलकपुर के हनुमान मंदिर के पास मिट्टी से भरे एक ओवरलोड तेज गति से जा रहे ट्रैक्टर ट्राली ने मैजिक वाहन में टक्कर मार दी। गांव कलाली निवासी मैजिक वाहन चालक नरपाल सिंह व उसमें बैठे गांव मलकपुर निवासी मुकुल बाल-बाल बच गए। मैजिक चालक नरपाल सिंह मामूली रूप से घायल हुआ है। टक्कर लगने से मैजिक वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर चालक टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि गांव कलाली के पास से यह ट्रैक्टर ट्राली कई दिनों से मिट्टी का खनन कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली में क्षमता से अधिक मिट्टी भरी होती है और चालक तेज गति से ट्रैक्टरों को ले जा रहे हैं। सड़क भी क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। सड़क पर मिट्टी बिखरने से धूल उड़ रही है। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर ट्रालियों से हो रहे मिट्टी के खनन पर रोक लगाने की मांग की है।

## भाजपा नेत्री ने बूथों का किया निरीक्षण

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम जसवंतपुर सेक्टर संयोजक एवं भागूवाला मंडल उपाध्यक्ष गायत्री निराला ने ग्राम लुकादड़ी में बूथ संख्या 168 व ग्राम मुअज्जमपुर तुलसी के बूथ संख्या 200 पर प्रवास कर नए वोट बनवाने के लिए फार्म भरे। प्रवास के दौरान भागूवाला मंडल की मंडल मंत्री रेशमा व लुकादड़ी के बूथ अध्यक्ष अर्जुन, राजकुमार, मुअज्जमपुर तुलसी के बूथ अध्यक्ष कुशवाहा साथ में रहे।

## सुभासपा नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री से की भेंट

**नजीबाबाद।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी एवं समाजसेवक रणवीर सिंह निराला ने उत्तराखंड के पूर्व सीएम एवं महाराष्ट्र के पूर्व गवर्नर भगत सिंह कोशयारी से उनके देहरादून स्थित आवास पर जाकर भेंट वार्ता कर कई विषय पर बातचीत की।

## अभिकर्ताओं के साथ साक्षा किये एलआईसी में काम के फायदे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा के विकास अधिकारी भोले सिंह ने अपने अभिकताओं के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया।

एलआईसी के विकास अधिक. ारी द्वारा अपने अभिकताओं का टीकाकरण कर एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने अभिकताओं के कार्य को कुशल बनाने के तरीकों के बारे में बताया एवं अच्छा कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को सम्मानित किया। इसी के साथ एलआईसी की प्रसिद्ध पॉलिसियों के बारे में बताया। एवं प्रचलित प्लान के फायदे बताए। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि शाखा प्रबंधक ऋषभ कपूर, सहायक शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार रहे।

इस अवसर पर अभिकर्ता अजीत सिंह, केशव, शेर खान, गंगाराम, सलीम अहमद, कल्लू सिंह, आदित्य अग्रवाल, रामअवतार, संजय, इतिक्षा, स्वाति, दिव्या, सपना, सीमा आदि अभिकर्ता शामिल रहे।

# संविदा कर्मियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

## समस्याओं का समाधान न होने पर करेंगे पूर्ण कार्य बहिष्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर असंतोष गहराता जा रहा है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन संविदा कर्मचारी संघ ने मांगें पूरी न होने की स्थिति में आंदोलन का ऐलान किया है। संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कर्मचारी 20 जनवरी से पूर्ण कार्य बहिष्कार और आमरण अनशन करने को विवश होंगे।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि संविदा कर्मचारियों को समय पर मानदेय न मिलने की स्थिति में निगम की ओर से संबंधित कंपनी पर प्रति कर्मचारी 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जाता है। हालांकि यह राशि कंपनी से तो काट ली जाती है, लेकिन अब तक वह कटा हुआ भुगतान संविदा कर्मचारियों को नहीं दिया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

उन्होंने मांग की कि कंपनी से काटी गई यह राशि संविदा कर्मियों के खातों में उनके मानदेय के साथ तत्काल जमा कराई जाए। संघ का कहना है कि लंबे समय से कर्मचारियों के मानदेय भुगतान, ईपीएफ, ईएसआईसी तथा कटे हुए वेतन जैसी गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं, लेकिन बार-बार मांग किए जाने के बावजूद इनका समाधान नहीं किया जा रहा है। संविदा कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों से नियमित कार्य लिया जा रहा है, लेकिन उनके अधिकारों की लगातार अनदेखी की जा रही है। समय पर भुगतान न होने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनके परिवारों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि 20 जनवरी तक उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो जिले भर के संविदा कर्मचारी पूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे और आंदोलन को आमरण अनशन तक ले जाया जाएगा। कर्मचारी संघ ने आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी निगम और संबंधित कंपनी पर डालते हुए प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

# हर पात्र बने मतदाता : डीएम

**125-बरेली कैंट विधनसभा क्षेत्रा में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की समीक्षा, पफॉर्म-6 बढ़ाने के निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 125-बरेली कैंट में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने उन बूथों की विशेष रूप से समीक्षा की, जहां एएसडी (एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड), नो मैपिंग की स्थिति पाई गई है तथा जहां फॉर्म-6 (नए मतदाता पंजीकरण) की संख्या अपेक्षाकृत कम प्राप्त हुई है। उन्होंने ऐसे बूथों पर तैनात बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को सक्रिय और प्रेरित करते हुए कार्य में तेजी लाने तथा विशेष रूप से नवयुवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने निर्देश दिए कि मतदाता जागरूकता के लिए वाहनों पर लाउडस्पीकर लगाकर प्रचार-प्रसार कराया जाए, साथ ही प्रत्येक बूथ पर बैनर एवं सूचना पट्ट लगाए जाएं, जिससे आम नागरिकों को मतदाता पंजीकरण की जानकारी मिल सके और वे अधिक से अधिक संख्या में अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकें।

उन्होंने कहा कि ऐसे निरक्षर या असहाय नागरिक, जो स्वयं फॉर्म भरने में असमर्थ हैं, उन्हें प्रशासन की ओर से पूर्ण सहायता उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए गए कि लेखपालों एवं अमीनों को भी इस कार्य में लगाया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रह जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, तहसीलदार सदर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसआईआर को लेकर विधायक ने किया जनसंपर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** विधानसभा क्षेत्र 121 नवाबगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत हाफिजगंज में बूथ संख्या 197, 198, 199, 200, 201, 302, 203 पर बूथ प्रवासी के अंतर्गत एसआईआर अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व विधायक डॉ. एमपी आर्य ने किया। इस अवसर पर विधायक द्वारा हाफिजगंज के सातों बूथों पर बूथ अध्यक्ष के साथ घर-घर जाकर फॉर्म-6 भरवाकर नए मतदाताओं का पंजीकरण कराया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ना, आवश्यक संशोधन कराना तथा लो. कतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाना रहा। विधायक डॉ. एमपी आर्य ने समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने एवं त्रुटियों के सुधार के लिए सभी लोग सक्रिय सहभागिता निभाएं और अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जनसंपर्क अभियान लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करते हैं तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देते हैं।

इस जनसंपर्क अभियान में विधायक डॉ. आर्य के साथ

नगर अध्यक्ष विचित्र शंखधार, बूथ अध्यक्ष प्रेम मौर्य, गंगाचरण गंगवार, जितेंद्र गंगवार, दीपक गुप्ता, विवेक शंखधार, दीपराज गंगवार, सोमपाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं ग्राम लाड़पुर में पूर्व मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा भाजपा छत्रपाल प्रजा. पति के नेतृत्व में कार्य हुआ व सेंथल के बूथ 94-95 पर छोटेलाल गुप्ता, 97-98 पर मुकेश शर्मा, 100, 101 पर पर राहुल गुप्ता मोनू, 102,103 पर प्रमोद कुमार व 104,105 पर विनय चौधरी ने एसआईआर का काम को देखा व नवीन फार्म भरवाकर उचित दिशा निर्देश दिए।

# किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्थानीय क्षेत्र के एक गांव से किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से परिजनों में गहरी चिंता बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार परचून दुकानदार की किशोरी पुत्री रविवार की रात करीब 12 बजे घर से अचानक लापता हो गई थी। परि. जनों ने रातभर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। सोमवार को पिता ने थाने पहुंचकर गांव निवासी पुष्पेंद्र और उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी। पिता का आरोप है कि पुष्पेंद्र का उनकी दुकान पर आना-जाना था और वह उनकी पुत्री से फोन पर बातचीत करता था। उसने किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर अपने साथियों चंद्रभान, अंकित, रूपसिंह व ऐरन की मदद से बहला-फुसलाकर ले गया। आरोप है कि किशोरी घर में रखे नकदी और सोने के आभूषण भी साथ ले गई।

पुलिस का कहना है कि आरो. पियों की तलाश की जा रही है और किशोरी की बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# कॉलेज प्रशासन पर लगे गंभीर आरोप

**एडमिट कार्ड रोककर छात्रों को परीक्षा से किया वंचित**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, लखनऊ से संबद्ध राजश्री नर्सिंग इंस्टिट्यूट, फतेहगंज पश्चिमी के कॉलेज प्रशासन पर गंभीर आरोप लगे हैं। ठैब. नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर (2024 बैच) के दो छात्रों को कॉलेज द्वारा एडमिट कार्ड रोककर परीक्षा देने से वंचित कर दिया गया।

पीड़ित छात्रों रौवराज चहर और शिवांश तिवारी का कहना है कि दिनांक 19 जनवरी 2026 को उनकी निर्धारित परीक्षा थी, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने जानबूझकर उनका एडमिट कार्ड नहीं दिया। परिणामस्वरूप उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं करने दिया गया और वह परीक्षा नहीं दे सके। छात्रों के अनुसार यह कार्रवाई विश्वविद्यालय के परीक्षा नियमों के पूर्णतः विरुद्ध है। बिना किसी लिखित आदेश अथवा विश्वविद्यालय की अनुमति के कॉलेज द्वारा एडमिट कार्ड रोकना न केवल अनुचित है, बल्कि छात्रों के शैक्षणिक भविष्य के साथ गंभीर अन्याय है। इस घटना से छात्रों को मानसिक, शैक्षणिक और आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने एडमिट कार्ड की मांग की, तो कॉलेज के प्राचार्य श्री गौरव प्रताप सिंह एवं आर.के. सिंह द्वारा उन्हें धमकाया गया और कहा गया कि "तुम्हें एडमिट कार्ड नहीं मिलेगा।मामले को लेकर दोनों छात्रों ने माननीय कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, लखनऊ को शिकायती पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की जांच कराने, दोषी कॉलेज प्रशासन के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा उन्हें विशेष परीक्षा या बैक पेपर के माध्यम से पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर देने की मांग की है। कॉलेज प्रधानाचार्य गौरव सिंह ने बताया की इन छात्रों ने अनुशासन हीनता की थी। इनके अविभावकों को बुलाया था। लेकिन वह नही आये जिस बजह से इन्हे परीक्षा देने से रोका गया है।

# चार नगर पंचायतों के लाभार्थियों को भेजी पहली किश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद शासन ने पात्र लाभार्थियों के खातों में आवास निर्माण की पहली किश्त की राशि भेज दी है। रविवार को मुख्यमंत्री के माध्यम से हुई धनराशि अंतरण प्रक्रिया के तहत जनपद की चार नगर पंचायतों के कुल 487 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की पहली किश्त प्रदान की गई।

जानकारी के अनुसार बीते वर्ष प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर पंचायत मीरगंज में लगभग 2200, शीशगढ़ में करीब 3600, शाही में सैकड़ों तथा फतेहगंज पश्चिमी नगर पंचायत क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किए थे। जिलाधिकारी द्वारा गठित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति ने आवेदनों की स्थलीय जांच कर पात्र लाभार्थियों का चयन किया।जांच के उपरांत कुल 450 आवेदकों को पात्र पाया गया, जिनकी सूची शासन को भेजी गई थी। शासन की स्वीकृति के बाद प्रथम चरण में मीरगंज नगर पंचायत के 97, शीशगढ़ के 14, शाही के 100 तथा फतेहगंज पश्चिमी के 276 लाभार्थियों के खातों में एक-एक लाख रुपये की राशि भेजी गई है। बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण हेतु स्वीकृत धनरा. शि लाभार्थियों को तीन किश्तों में दी जाएगी। पहली किश्त के सही उपयोग और भौतिक सत्यापन के बाद ही दूसरी किश्त जारी की जाएगी। फिलहाल मीरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में 203 आवेदनों की जांच प्रक्रिया अभी भी जारी है।नगर पंचायत मीरगंज के चेयरमैन योगेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि कस्बे के पात्र 97 लाभार्थियों के खातों में पहली किश्त की राशि पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुसार निर्माण कार्य पूरा कराने वाले लाभार्थियों को अगली किश्त समय पर उपलब्ध कराई जाएगी।

# जिला बदर गौकशी के दो आरोपी गिरफ्तार, एक से तमंचा बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने जिला बदर होने के बावजूद क्षेत्र में घूम रहे गौकशी व अवैध मांस कारोबार से जुड़े दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक के पास से तमंचा भी बरामद हुआ है। दोनों के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार, केशवपुरम रेलवे फाटक और रेलवे स्टेशन के पीछे चेकिंग के दौरान अमन पुत्र परवेज उर्फ पप्पू निवासी मोहल्ला टांडा और तसलीम उर्फ कलुआ पुत्र साबिर निवासी मोहम्मदपुर को पकड़ा गया। दोनों को पहले ही जिला बदर किया जा चुका था, इसके बावजूद वे बहेड़ी क्षेत्र में घूमते हुए पाए गए।

तलाशी के दौरान अमन के पास से एक तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों गौकशी और अवैध मांस के कारोबार में लिप्त रहे हैं और इन पर कई मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हजरत मौला शाह उर्फ दादा मियां साहब की दरगाह पर चादरपोशी, अमन-शांति की दुआएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** उर्स के मौके पर हजरत मौला शाह उर्फ दादा मियां साहब की दरगाह पर अकीदत और एहतराम के साथ चादरपोशी की गई। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद आफताब ने दरगाह पर चादर पेश कर मुल्क में अमन, सलामती और भाईचारे के लिए खास दुआएं कीं।

पूरा आयोजन सुकून, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चादरपोशी के बाद हाफिज मोहम्मद आफताब ने कहा कि उर्स जैसे रूहानी मौके इंसान के दिलों में मोहब्बत, एकता और इंसानियत की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि औलिया-ए-किराम की दरगाहों पर हाजिरी देकर इंसान को अपने जीवन में नेक रास्ते पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर पूर्व सभासद दिलदार अहमद ने कहा कि यह आयोजन बेहद भावपूर्ण और शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने बताया कि ऐसी रूहानी महफिलें दिल को सुकून देती हैं और समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देती हैं।

कार्यक्रम में मुनव्वर हुसैन (बरेली), इरशाद अंसारी (रुद्रपुर), चांद खां, डॉ. आरिफ असलम (बहेड़ी), पप्पू, हबीब अहमद, अनवर, फिरोज अहमद, जलीस, आबिद हुसैन समेत बड़ी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे। दरगाह परिसर में फातिहा, ख्वानी दुआ और जियारत का सिलसिला जारी रहा।

# दलित युवक के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाले पूर्व प्रधान समेत तीन गए जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** उधार दिए गए रुपये वापस मांगने पर दबंगों द्वारा अनुसूचित जाति के युवक के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाले तीनों नामजद आरोपियों को पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया।

बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम गुरसौली निवासी पप्पू दिवाकर ने नवाबगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि क्षेत्र के ग्राम गेला टांडा के रहने वाले पूर्व प्रधान चंद्रसेन के यहां पिछले तीन महीने से रह रहा था। आरोप है कि चंद्रसेन ने ट्रैक्टर खरीदने के लिए उससे चार लाख पचास हजार रुपये उधार लिए थे। रुपये वापस मांगने पर चंद्रसेन, उसके बेटे पप्पू व गोधनलाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की और सार्वजनिक रूप से उसके वाल, मूंछें और भौं कटवाकर अपमानित किया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व चार-पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए नामजद पूर्व प्रधान चंद्रसेन, उनके पुत्र पप्पू और गोधनलाल को गिरफ्तार कर लिया था, जिन्हें आज सोमवार को जेल भेज दिया गया। इसके साथ ही पुलिस घटना में शामिल लोगों की तलाश में जुटी है। दूसरी ओर इस मामले में आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरी वाल द्वारा एक्स पर ट्यूट किए जाने के बाद मामला खासा सुर्खध्यिों में आ गया है।

# देवरनियां पुलिस का अवैध कच्ची शराब पर बड़ा प्रहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में अवैध कच्ची शराब के कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देवरनियां पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। तेजतर्रार कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के कुशल नेतृत्व एवं सख्त दिशा-निर्देशों में पुलिस टीम ने अवैध कच्ची शराब बेचने वाले एक शातिर अभियुक्त को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मौके से शराब बनाने के उपकरण और भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की गई है।

**एक शातिर तस्कर गिरफ्तार, शराब बनाने के उपकरण बरामद**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को मुखबिर की सूचना पर देवर. नियां पुलिस टीम ने शारदा नहर के किनारे करनपुर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान राशिद उर्फ राजू पुत्र इब्राहिम, निवासी ग्राम कठर्रा कोतवाली देवरनियां को अवैध कच्ची शराब एवं शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया।



अभियुक्त के कब्जे से एक टीन कनस्तर, एल्यूमिनियम की पतीली, प्लास्टिक पाइप, एक लीटर लहन तथा पांच लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। वहीं मौके पर ही लगभग दस लीटर लहन को नष्ट कर दिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली देवरनियां में धारा 60(2) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक मुकेश कुमार, उप निरीक्षक सुनील कुमार, कांस्टेबल बिट्टू सिंह एवं राजन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कोतवाली देवरनियां पुलिस की इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों का कहना है कि कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के कार्यभार संभालने के बाद से क्षेत्र में अपराधियों में खौफ और आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

अवैध शराब, जुआ, सट्टा और अपराधियों के विरुद्ध लगातार की जा रही कार्रवाई से देवरनियां पुलिस की सक्रियता साफ दिखाई दे रही है।

> क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध शराब का कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा। यह न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी है। ऐसे अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगी।
>
> **आशुतोष द्विवेदी**
> **कोतवाली प्रभारी देवरनियां**

# सहकारी ग्राम विकास बैंक चुनाव में अव्यवस्था

**अंतिम मतदाता सूची न मिलने से दावेदारों में आक्रोश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक शाखा मीरगंज की चुनावी प्रक्रिया सोमवार को अव्यवस्था के कारण विवादों में घिर गई। ब्लॉक सभागार में आपत्तियों के निस्तारण और अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित था, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर की अनुपस्थिति के चलते प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे दावेदार दिन भर अंतिम मतदाता सूची के लिए ब्लॉक कार्यालय परिसर में भटकते रहे, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ती गई।

निर्धारित समय सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक आपत्तियों का निस्तारण होना था। इसके बाद अंतिम सूची जारी की जानी थी, जिसे निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किया जाना था, लेकिन न तो आरओ पहुंचे और न ही उनके कोई सहयोगी उपलब्ध रहे। इस बीच चुनाव प्रक्रिया में कथित 'सेटिंग' को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। दावेदारों का आरोप है कि जानबूझकर सूची सार्वजनिक नहीं की गई, जिससे निष्पक्ष चुनाव प्रभावित हो रहा है।

सहकार भारती के जिलाध्यक्ष चौधरी छत्रपाल सिंह ने मामले की जानकारी एसडीएम व बीडीओ को दी। उन्होंने पारदर्शिता सुनिश्चित करने और तत्काल अंतिम मतदाता सूची जारी करने की मांग की है। खंड विकास अधिकारी आनंद विजय यादव ने कहा कि इस चुनाव में ब्लॉक प्रशासन की कोई भूमिका नहीं है और स्थिति स्पष्ट करने का अधिकार केवल रिटर्निंग ऑफिसर को है।

## एक नजर

# बहेड़ी में जुआं खेलते आठ लोगों को पकड़ा, 3180 रुपये बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने जुआं खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 3180 रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि सकलैन नगर में एक खाली प्लॉट पर कुछ लोग जुआं खेल रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारकर जुआ खेल रहे शहबाज और इकरार निवासी मोहल्ला टांडा बेरी वाली कुइयां, बिलाल, खतीक और नसीम निवासी सकलैन नगर, नासिर निवासी मदार नगर, शादाब निवासी सुन्नी नगर तथा मो. नासिर निवासी शेखुपुर बशीरी मस्जिद को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआं अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया है। क्षेत्र में पुलिस की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। कोतवाल पवन कुमार का कहना है कि अवैध गति. विधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# लड़की को भगा ले जाने वाले अज्ञात युवक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक लड़की रात के समय होने घर से चली गई। लड़की के न मिलने पर उसके घर वालों ने उसे काफी तलाशा लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इस मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के ग्राम बहादुरगंज नीचा निवासी एक युवक का कहना है कि दिनांक 11.01.2026 की सुबह करीब 5 बजे जब वह सो कर उठा तब देखा कि उसकी 20 वर्षीय बहन घर पर नहीं थी। इसपर उसने उसे आस पास तलाश किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। युवक ने आरोप लगाया कि उसकी बहन किसी लड़के साथ कहीं चली गई है। इस मामले में पुलिस ने लड़की के भाई की तहरीर पर अज्ञात युवक के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

# मेड़ के विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

**हंसिये से सिर पर वार, मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम गहवरा में मेड़ के विवाद को लेकर एक युवक पर जान से मारने की नीयत से हमला किया गया है। हमलावर ने घास काटने के हंसिये से युवक के सिर पर वार किया, जिससे उसके सिर में गंभीर और खुली चोटें आईं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गहवरा निवासी पुरुषोत्तम पुत्र मूलचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को दोपहर लगभग 2:30 बजे मेड़ के विवाद को लेकर गांव के ही पुरुषोत्तम पुत्र प्रेमराज ने पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपित ने जान से मारने की नीयत से हंसिये से उसके सिर पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी आरोपित ने लाठी से उसकी बेरहमी से पिटाई की। घटना के दौरान शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर पीड़ित को बचाया। आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर संजय तोमर का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और आरोपित की तलाश जारी है।

# भाजपाइयों ने महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** भारतीय इतिहास के महानतम योद्धा, अदम्य साहस व स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नितिश उपाध्याय एडवोकेट एवं भाजपा युवा नेता विनय चौधरी ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री नितिश उपाध्याय ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक राजा नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की जीती-जागती मिसाल थे। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की।

युवा नेता विनय चौधरी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से राष्ट्र प्रथम की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, सेवाराम मौर्य, हसन मियां, अर्जुन सिंह, मुहद्दिश मेंहदी, अजय मौर्य, काशिफ हसन आदि गणमान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोरक्षकों के हंगामे के बाद खालों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** रविवार की शाम रामपुर से आए गोरक्षकों ने पीछा कर मीरगंज ओवरब्रिज के पास बरेली की ओर जा रहे एक ट्रक को रोक लिया। ट्रक में बड़ी मात्रा में पशुओं की खालें भरी होने पर गोरक्षकों ने हंगामा करते हुए गोवंशीय पशुओं की खाल होने का संदेह जताया और ट्रक को पुलिस चौकी ले जाकर कार्रवाई की मांग की। सोमवार को पुलिस ने मामले की जांच के लिए पशु चिकित्सक से ट्रक में लदी खालों की जांच कराई। जांच के दौरान खालें भैंसों की पाई गईं। थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि पशु चिकित्सक की रिपोर्ट में खालें भैंस की होने की पुष्टि हुई है। ट्रक चालक वैध बिल के साथ खालें लेकर कानपुर स्थित एक लेदर फैक्ट्री जा रहा था। चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि जांच रिपोर्ट और दस्तावेज सही पाए जाने पर पुलिस ने ट्रक को छोड़ दिया है।

**भैंसों की निकलीं खालें, ट्रक किया गया रिलीज**

# भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष के लिए आज होगा नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भूमि विकास बैंक (एलडीबी) के अध्यक्ष पद के लिए आज नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे।

नगर स्थित बैंक के शाखा प्रबंधक एस आर वर्मा द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बैंक के प्रतिनिधि के लिए चुनाव घोषित किया गया है। चुनाव के लिए आज नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सारी प्रक्रिया ब्लॉक सभागार में सम्पन्न की जाएंगी।

जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार आज 20 जनवरी को एक बजे से तीन बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे, 21 जनवरी को जांच 22 जनवरी को नाम वापस लिए जा सकते हैं, और इसी दिन चुनाव चिन्ह भी आबंटित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। शाखा प्रबंधक श्री वर्मा ने बताया कि चुनाव में 2284 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसके साथ ही बैंक का बकायेदार न तो चुनाव लड़ सकेगा और न ही अपने मत का इस्तेमाल कर पाएगा। आज सोमवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। इस मामले में भाजपा विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने बताया कि वह लखनऊ से वापस लौट रहे हैं, आने के बाद पार्टी की प्रत्याशी का फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार ने बताया कि अभी पार्टी ने किसी प्रत्याशी का नाम तय नहीं किया है।

# अगवानपुर में असामाजिक तत्वों ने ईदगाह को किया क्षतिग्रस्त

## ग्रामीणों ने घटना पर जताया रोष, सीओ सदर देहात व थानाध्यक्ष ने लोगों को समझा बुझाकर मामला किया शांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अगवानपुर में असामाजिक तत्वों ने ईदगाह को क्षतिग्रस्त कर दिया। सोमवार सुबह ग्रामीणें को जानकारी मिलने पर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सीओ सदर देहात व थाना अध्यक्ष ने लोगों को कार्यवाही का आश्वासन देकर समझा कर शांत किया। ईदगाह के मुतवल्ली ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

अगवानपुर चितमाना सम्पर्क मार्ग पर सड़क से 100 मीटर अंदर ईदगाह बनी हुई है। सोमवार सुबह गांव चितमाना निवासी कुलद. ीप ईदगाह के बराबर में अपने खेतों पर गया था जहां उसने ईदगाह को क्षतिग्रस्त देखा तो फोन पर ईदगाह के मुतवल्ली इंतजार खान को जानकारी दी जिसकी सूचना पर दर्जनों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना पर थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही व चितमाना चौकी प्रभारी रविन्द्र त्यागी मयफोर्स मौके पर पहुंचे। वहीं सीओ सदर देहात शिव प्रताप सिंह व नायब तहसीलदार अंकित तौमर भी पहुंच गए। वहां जमा लोगों ने बताया कि असामाजिक तत्वों ने पहले भी ईदगाह में तोड़फोड़ की थी। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने के लिए बार बार ऐसा काम कर रहे हैं। सीओ सदर देहात शिव प्रताप सिंह व थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आरोपियों को पकड़कर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस घटना कि ईदगाह के मुतविल इंतजार खान ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने के लिए यह कार्य किया है, रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, आरोपियों को पकड़कर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान नूरूलला खान, इश्तियाक अहमद एडवोकेट, फतूलरहमान, सुशील रस्तोगी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### दो वर्ष पूर्व भी माहौल बिगाड़ने का किया गया था प्रयास

असामाजिक तत्वों ने दो साल पहले भी ईदगाह की बुर्जी तोड़कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी। मगर अगवानपुर में हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग मिलजुल कर रहते हैं तथा ऐसे मौकों पर सद्भावना की मिसाल कायम करते हैं। सोमवार को भी गांव के गणमान्य लोगों ने समझदारी का परिचय देते हुए माहौल को बिगड़ने से बचा लिया।







# मणिकर्णिका घाट को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के आवाहन पर जिला शहर कॉग्रेस ने बनारस में मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त करने का विरोध किया गया, कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा, शहर अध्यक्ष कृष्ण गंगवार के नेतृत्व में कचहरी तिराहे पर एकत्र हुए जलूस निकाल कर कलेक्ट्रेट स्थित जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ता यूपी सरकार की कार्यवाही के विरोध में जबरदस्त नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट स्थित गांधी प्रतिमा पर पहुंचे जहां जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने कहा 1971 में पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर ने ऐतिहा. सिक मणिकर्णिका घाट का जीर्णोद्धार कराया था यह स्थान अहिल्या मां साहब के लिए बहुत महत्व रखता था सच तो यह है कि देशभर में उन्होंने सैकड़ो ऐतिहासिक स्थलों का निर्माण और जीर्णोद्धार किया उनमें से कुछ ऐसी जगह थी जहां उन्होंने पवित्र मां गंगा की पूजा में अपनी ही मूर्तियां रखी थी 10 जनवरी 2026 को बिना किसी पूर्व सूचना के वाराणसी नगर निगम अधिकारियों के कहने पर मणिकर्णिका घाट को कुछ ही घंटे में ध्वस्त कर दिया गया यह कार्रवाई उसे स्थान के इतिहास और अहमियत को पूरी तरह अनदेखा करते हुए की गई।

## बंद मकान में लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के बालकिशनपुर चौराहे पर स्थित न्यू राम दर्शन कॉलोनी निवासी कपिल कुमार अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया था। पीड़ित के अनुसार चोर बीती रात छत से उसके मकान में जा घुसें। चोरों ने मकान व सेफ आदि का ताला तोड़कर करीब तीन तोले सोने व चांदी के आभूषण समेत अन्य सामान चुरा ले गए। परिजनों के घर पहुंचने पर चोरी का पता चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। वहीं इसी चौराहे पर स्थित धारा मोटर फाइनेंस की दुकान के ताले टूटे हुए मिले।

# 23 को होगा ब्लैक आउट मॉक ड्रिल




**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस पर ब्लैक आउट मॉक ड्रिक की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर ने अवगत कराया गया कि 23 जनवरी को नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जायेगा। नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा डीडीएमए, एसडीआरएफ, अग्निशमन, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के साथ सम्मिलित रूप से ब्लैक आउट मॉक ड्रिल सांय 6 बजे ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कालेज में आयोजित की जायेगी। जिला. धिकारी ने निर्देश दिये कि मॉक ड्रिल में स्वयसेवकों, आपदा मित्रों आदि को सम्मिलित किया जाये। हवाई हमले के चेतावनी हेतु सायरन ध्वनित किया जाना (2 मिनट तक ऊंची-नीची आवाज में), सायरन ध्वनित होते ही सभी निर्धारित क्षेत्रों/स्थलों की विद्युत व्यवस्था बाधित कर ब्लैक आउट करना, सायरन ध्वनित होने पर नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थान/शेल्टरों में शरण लेना, हवाई हमला का खतरा समाप्त होने पर ऑल किल्यर ध्वनि में सायरन ध्वनित करना व हमले की चेतावनी समाप्त होने के उपरांत नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों द्वारा छोटी आग बुझाने हेतु फायर एक्सटिंगुशर का प्रयोग करना तथा फायर सर्विस द्वारा बड़ी आग बुझाने हेतु फायर टेंडर वेहिकल का प्रयोग करना, हमले के दौरान घायल हुए लोगों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करना, ध्वस्त/क्षतिग्रस्त बिल्डिंगों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना, गम्भीर रूप से घायल लोगों को एम्बुलेंस से अस्पताल तक पहुंचाना व मॉक ड्रिल समाप्ति की घोषणा सहित अन्य कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

## मोबाइल की लत बच्चों के भविष्य पर भारी, बच्चों की सेहत पर बढ़ती मोबाइल की मार

# स्क्रीन का जादू! बच्चों की आंखे व दीमाग दोनों प्रभावित

### खेल-कूद और किताबें बनाम स्मार्टफोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मोबाइल फोन आज बच्चों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसकी बढ़ती लत अब गंभीर चिंता का विषय बन गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मार्टफोन के दुष्प्रभावों को लेकर माता-पिता से सख्त अपील की है कि दूधमुंहे बच्चों को मोबाइल पकड़ा देना अपराध के समान है। उन्होंने कहा कि मोबाइल की आदत बच्चों को जिद्दी बनाती है और आगे चलकर डिप्रेशन की ओर धकेल सकती है। सीएम की इस चेतावनी के बाद मंडी धनौरा में भी अभिभावकों, चिकित्सकों और शिक्षकों के बीच जागरूकता की जरूरत पर चर्चा तेज हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते बच्चों को मोबाइल से दूर नहीं किया गया, तो इसका असर उनकी आंखों, दिमाग और व्यवहार पर लंबे समय तक पड़ेगा।





बच्चों का सर्वांगीण विकास किताब, खेल और संस्कारों से होता है, न कि मोबाइल से। मोबाइल की लत बच्चों की रचनात्मकता को खत्म कर रही है। अभिभावकों को बच्चों के लिए समय निर्धारित करना चाहिए, जिसमें पढ़ाई, खेल और परिवार के साथ बात. चीत शामिल हो। अंजली चौधरी ने मुख्यमंत्री की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि यदि समाज अब भी नहीं जागा, तो बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है।

**अंजली चौधरी, प्रिंसिपल, एम०एस० सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल**



मोबाइल की अधिकता बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर डाल रही है। कक्षा में बच्चों का ध्यान कम हो रहा है और उनकी एकाग्रता कमजोर पड़ रही है। कई बच्चे होमवर्क के बजाय मोबाइल गेम्स और वीडियो में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं। अभिभावकों से आग्रह है कि वे घर पर मोबाइल के उपयोग पर नियंत्रण रखें, तभी स्कूल में बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार संभव है।

**शिवानी मालिक, शिक्षिका, पीजीटी इकोनॉमिक्स**



कम उम्र में मोबाइल देखने से बच्चों की आंखों पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। लगातार स्क्रीन देखने से आंखों में जलन, सिरदर्द और नजर कमजोर होने की समस्या बढ़ रही है। कई बच्चे कम उम्र में ही चश्मा लगाने को मजबूर हो रहे हैं। डॉ. स्मृति गिल ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को मोबाइल की जगह खेल-कूद और किताबों से जोड़ें। उन्होंने कहा कि समय रहते सावधानी न बरती गई तो आने वाले वर्षों में बच्चों की आंखों की बीमारियां गंभीर रूप ले सकती हैं।

**डॉ स्मृति गिल, चिकित्सक (एमबीबीएस)**



मोबाइल की लत बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। अधिक समय तक मोबाइल उपयोग करने वाले बच्चे चिड़चिड़े, गुस्सैल और अकेलेपन का शिकार हो जाते हैं। धीरे-धीरे उनमें अवसाद के लक्षण दिखने लगते हैं। बच्चों का सामा. जिक विकास रुक जाता है और वे परिवार से दूरी बनाने लगते हैं। माता-पिता से आग्रह है कि बच्चों के साथ समय बिताएं और मोबाइल के उपयोग पर स्पष्ट सीमा तय करें।

**डॉ रंजना, सीएमएस, संयुक्त चिकित्सालय बछरायूं**



बच्चों का अधिक समय मोबाइल पर बिताना उनकी रचनात्मकता और सोचने की क्षमता को कमजोर कर रहा है। कई बच्चे अपनी कल्पनाशील गतिविधियों, जैसे ड्राइंग, कहानी लेखन और खेलों में भी ध्यान नहीं दे पा रहे। अभिभावकों से अनुरोध हैं कि वे बच्चों को मोबाइल से जोड़ने के बजाय उनकी हॉबी, खेल और पारिवारिक समय में शामिल करें। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो बच्चों का मानसिक और शैक्षणिक विकास प्रभावित होगा और उनका भविष्य मुश्किल में पड़ सकता है।

**सुशीला देवी, निर्देशिका, बीएसडी एकेडमी**

# अंडरपास के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन

## एनएचएआई द्वारा मांग खारिज होने के बाद कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे पर अंडरपास की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने आज जोरदार प्रदर्शन किया। हेमराज कॉलोनी के पास अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीण पहले नुमाइश मैदान में एकत्र हुए, फिर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।




मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य बिजनौर जिले में लंबे समय से चल रहा है। बैराज से पहले हेमराज कॉलोनी के पास निर्माणाधीन हाईवे पर आसपास के कई गांवों के ग्रामीण महीनों से अंडरपास की मांग कर रहे थे। हाल ही में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने ग्रामीणों की इस मांग को रद्द कर दिया था और वहां काम फिर से शुरू करवा दिया था।

एनएचएआई के इस फैसले के विरोध में आज सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए। उन्होंने नारेबाजी करते हुए नुमाइश मैदान में धरना प्रदर्शन शुरू किया। बाद में, प्रदर्शनकारी जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां भी अपनी मांग दोहराते हुए प्रदर्शन किया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित कई पुलिस अधिकारी भी स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। ग्राम प्रधान सपन राय ने बताया कि इस स्थान पर अंडरपास का निर्माण आवश्यक है, अन्यथा भविष्य में बड़े हादसे और जनहानि की आशंका है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अंडरपास की मांग पूरी नहीं होती है, तो ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस प्रदर्शन में शप्पन राय, अमृत कुमार, दीपक बाला, नेपाल मंडल, सुबोध विश्वास, निपेंदर सरकार, सावित्री अंजली उंडेली, शिपाली आर्थी, वंदना, सुमाला सुखी और गीता सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किए

**ताजपुर।** जिलाधिकारी और जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चौहान बॉबी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल एवं कार्यक्रम की संयोजक, प्रदेश कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा अलीशा हुसैन सिद्दीकी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी और जनपद की लोक. प्रिय जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर से उनके आवास पर जाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उत्कर्ष कार्य के लिए सम्मानित किया गया। अलीशा हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि जब से डीएम जसजीत कौर ने जिले की कमान संभाली है तभी से जिले की कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने पीड़ित लोगों की समस्यायों को सुनकर तुरंत अधिकारियों को आदेश करा कर समस्यायों का हल करने का काम किया है।

## प्रतिनिधियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण

**नूरपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत उपनिदेशक पंचायत, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में डिस्ट्रिक्ट पंचायत रिसोर्स सेन्टर अमरोहा के माध्यम से क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, वार्ड नंबरों का डिजीटल एवं फायनेन्सियल लिटरेसी के विषय पर विकासखण्ड सभागार नूरपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन के उपयोग एवं दुरूपयोग, वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के तरीकों को सिखाना है। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल एवं वित्तिय साक्षरता पंचायत प्रतिनिधियों के लिए एक आवश्यक क्षमता बन गई है।

## होमगार्डो से मारपीट के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** होमगार्डो के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। मालूम हो कि बीती 6 जनवरी को होमगार्ड कंपनी कमांडर विरेश कुमार निवासी मुस्सेपुर अपने साथी होमगार्ड अनिल कुमार व विनोद कुमार के साथ थाने में ड्यूटी पूरी करने के बाद घर लौट रहे थे। चांदपुर चुंगी के पास स्थित एक चाय की दुकान पर तीनों चाय पीने के लिए रुके। इसी दौरान दुकान पर कुर्सी पर बैठने को लेकर वहां मौजूद कुछ स्थानीय युवकों से उनकी कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि युवकों ने होमगार्डो पर जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें तीनों होमगार्ड घायल हो गए थे। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने कंपनी कमांडर विरेश कुमार की हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने पीड़ित के भाई ब्रजपाल सिंह की तहरीर पर कान्ता सैनी पुत्र संतराम सैनी निवासी मौहल्ला धर्मशाला नहटौर, बहादुर पुत्र नेमी निवासी मौहल्ला होलियान नहटौर तथा 5-6 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। मामले में पुलिस ने आरा. पी कान्ता व बहादुर तथा जांच के दौरान घटना में शामिल सन्दीप उर्फ चीनू पुत्र मन्सुराम निवासी मौहल्ला धर्मशाला नहटौर को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया था। सोमवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त बिट्टू कुमार पुत्र बेगराज तथा राधे पुत्र सोमपाल निवासी मौहल्ला होलियान नहटौर को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया।

## 36 गेहूं क्रय केंद्र स्वीकृत

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा क्रय एजेंसी खाद्य विभाग के 16, पीसीएफ के 18 एवं भारतीय खाद्य निगम के 02, इस प्रकार कुल 36 गेहूं क्रय केन्द्रों को अनुमोदित/ स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने उपरोक्त क्रम में समस्त क्रय संस्थाओं के जिला प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा अनुमोदित किए गए क्रय केंद्रों पर 10 फरवरी तक समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण करते हुए 25 फरवरी तक के केंद्रों के क्रियान्वयन एवं भौतिक रूप से क्रियाशील होने की आख्या प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

## राजा की समाधि मंदिर पर भंडारा

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के मुस्सेपुर में राजा की समाधि मंदिर पर मंडावली निवासी अमित कर्णवाल की ओर से एक भंडारे का आयोजन कराया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया

## गंदगी, पानी-बिजली खराब और स्टाफ की कमी पर सीएमओ को निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मनगरी एवं स्वाहेड़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में सफाई व्यवस्था सही न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अद्यतन सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मनगरी का निरीक्षण करते हुए उपस्थिति पंजिका चौक करने पर संज्ञान में आया कि सीएचओ वैशाली चौधरी तीन दिन से अनुपस्थित हैं तथा एसएलए मिथिलेश वर्मा तथा स्टाफ नर्स दीक्षा शर्मा के अनुपस्थित पाए जाने पर सीएचसी में कार्यरत फार्मेसिस्ट अखलाक अली द्वारा बताया गया कि नजदीकी ग्राम में आयोजित स्वस्थ कैंप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में भारी गंदगी, अस्पताल में पानी की सप्लाई नहीं पाए जाने और बिजली की समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अस्पताल में पानी एवं विद्युत की सुचारू रूप से सप्लाई सुनिश्चित कराएं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धर्म नगरी के निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आया कि डॉ. नरेंद्र कौर जिनकी ड्यूटी अस्पताल में सप्ताह में तीन दिन निर्धारित है, केवल एक ही दिन आती हैं, जिसके कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा पर्याप्त संख्या में स्टाफ न होने के कारण भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लाभ आम लोगों को उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। सफाई न होने के कारण जगह-जगह गंदगी के अंबार पाए जाने पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की समुचित सफाई कराएं और स्वास्थ्य केंद्र में यथासंभव स्टाफ की नियुक्ति अथवा सम्बद्धीकरण करते हुए आमजन को स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादक:** एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:** मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आदेश का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र., लखनऊ के कार्यालय पत्र संख्या-1234/सी.ई.ओ.-4-35/4-2025 27 अक्टूबर 2025 के साथ संलग्न विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 से सम्बन्धित आयोग के दिशा निर्देश 27 अक्टूबर 2025 के क्रम में जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तर-2 (ई) के अनुसार आलेख्य प्रकाशन के पश्चात् निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा पात्रता निर्धारित करने के लिए उन निर्वाचकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नोटिस चरण के लिए छह जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक की तिथि नियत की गयी है। अत: इस सम्बन्ध में निर्वाचकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रश्नगत सुनवाई के लिए चयन किए गए स्थल, प्राधिकृत अधिकारी से सम्बन्धित विवरण, सुनवाई की तिथि एवं समय, सम्बन्धित तिथि के लिए चयनित भाग संख्याओं के विवरण इत्यादि की कार्यवाही समयान्तर्गत की जानी है। अत: समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि एसआईआर से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी जिन्हें सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं अन्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी जिन्हें उपरोक्त के सहायक के रूप में लगाया गया है को संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की पूर्व अनुशंसा के उपरान्त ही अवकाश अथवा मुख्यालय से बाहर जाने की स्वीकृति प्रदान करेंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने की निर्देश दिए हैं।

# बस डिपो के बाहर खड़ी बसों पर सख्ती, अधिकारियों को दिए निर्देश

- रोडवेज बस डिपो का औचक निरीक्षण, यातायात व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा रामपुर रोडवेज बस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बस स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




उन्होंने एआरएम रामप्रकाश को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी रोडवेज बसों का संचालन सवारियों के बैठने एवं उतरने के लिए अनिवार्य रूप से बस डिपो के अंदर से ही किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिपो के बाहर किसी भी प्रकार की बस या अन्य वाहन खड़े न पाए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि डिपो के बाहर बसें खड़ी रहने से सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, ऐसे नियमों का उल्लंघन करने वाले चाल. कों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने प्रभारी यातायात अधिकारी को भी निर्देश दिए कि कोई भी बस अवैध रूप से सड़क पर खड़ी न होने पाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस दौरान एआरएम रोडवेज द्वारा अवगत कराया गया कि स्टेशन के सामने से नैनीताल रोड की ओर जाने वाली बसों के लिए सड़क पर कट न होने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि नैनीताल रोड की ओर जाने वाली बसों के लिए उपयुक्त कट अथवा वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कराई जाए।

जिलाधिकारी ने रोडवेज परिसर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर के समीप स्थित पार्क की स्थिति को देखते हुए उन्होंने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद रामपुर को निर्देशित किया कि पार्क का सौन्दर्यीकरण कराया जाए तथा साफ–सफाई हेतु डस्टबिन आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग अभियान में 1596 वाहनों की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में अवैध उप खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निरंतर सघन निगरानी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार 18 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त तहसीलों के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर विशेष जांच अभियान संचालित किया गया।

अभियान के अंतर्गत कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित किए गए। रात्रि 08:00 बजे से प्रात: 07:00 बजे तक प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1596 वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान अवैध खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग से संबंधित गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया गया।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग जैसी किसी भी अवैध गति. विधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे विशेष जांच अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि जनपद में कानून एवं व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे तथा खनिज संसाधनों का अनधिकृत दोहन रोका जा सके।



जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी वाहन अथवा व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के प्रति किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी।

# असम में वक्फ संपत्तियों के संरक्षण को सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने भरी हुंकार

- वक्फ संपत्तियों के साथ कोई छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी
- उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण की समय सीमा बढ़ाई गई।
- उम्मते मुस्लिमीन को अल्लाह और रसूल के बताए रास्ते पर चलने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को असम राज्य में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने वक्फ संपत्तियों को लेकर अपना कड़ा रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने संसद में भी वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा के लिए प्रमुखता से आवाज उठाई है।

सांसद नदवी ने पुरजोर तरीके से कहा कि देश में वक्फ की जितनी भी संपत्तियां हैं, उनके साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। उन्होंने देश की जनता और वक्फ से संबंधित लोगों से अपील की कि वे अपनी संपत्तियों का पंजीकरण 'उम्मीद पोर्टल' पर अनिवार्य रूप से कराएं। उन्होंने जानकारी दी कि संसद में उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए पोर्टल पर पंजीकरण की समय सीमा को भी बढ़ा दिया गया है।



धार्मिक और सामाजिक सुधार पर जोर देते हुए सांसद नदवी ने कहा, ष्आज उम्मते मुस्लिमीन जिन परेशानियों का सामना कर रही है, उसकी मुख्य वजह अल्लाह और हमारे प्यारे नबी के बताए हुए रास्ते से भटकना है।

उन्होंने आगे कहा कि असली तब्दीली हमारे भीतर, हमारी नीयत और हमारे इरादों से शुरू होती है। यदि हम अपने दीन पर मजबूती से चलना शुरू कर दें, तो यकीन मानिए फिजा बदल जाएगी, माहौल बदल जाएगा और लोगों के दिलों के हाल बदल जाएंगे। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि जमीन, आसमान, सूरज, कुरान और उम्मते रसूल सब वही हैं, अगर फर्क आया है तो सिर्फ हमारी नीयतों में। आज पूरी दुनिया की उम्मते मुस्लिमीन मुश्किलों से घिरी हुई है, जिसका समाधान केवल अल्लाह और रसूल के दिखाए रास्ते पर चलने में ही निहित है। यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट ने दी।

# निपनिया में आयुष्मान कार्ड बनाने का कैंप आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** ग्राम सचिवालय निपनिया में सोमवार को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन एएनएम लक्ष्मी गंगवार एवं पंचायत सहायक पूनम गंगवार की अध्यक्षता में किया गया।

कैंप के दौरान पात्र ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिससे उन्हें सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। इस अवसर पर गांव की आशा चंचल गंगवार, आशा निशा गंगवार , आशा मोहनदेई ,अनिल गंगवार (बूथअध्यक्ष) ,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

आयोजकों ने ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड के लाभों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्र लोगों से कार्ड बनवाने की अपील की। कैंप में ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और व्यवस्था की सराहना की।

## एक नजर

### आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान का विस्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु 25 नवम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक विशेष अभियान चलाया गया था। प्रदेश में बनाए गए आयुष्मान कार्डों की संख्या लक्ष्य के अनुरूप न होने के कारण इस अभियान को शासन के निर्देशानुसार 15 जनवरी से 15 अप्रैल 2026 तक विस्तारित किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने बताया कि अभियान के अंतर्गत अवशेष पात्र लाभार्थियों एवं 70 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु ब्लॉकवार/ग्रामवार कार्ययोजना तैयार की गई है। शासनादेश के अनुसार संबंधित विभागों के एफएलडब्ल्यू (आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, पंचायत सहायक, कोटा डीलर, रोजगार सेवक आदि) के कार्य एवं दायित्व निर्धारित किए गए हैं। आयुष्मान भारत अभियान के अंतर्गत छूटे हुए लाभार्थियों के विवरण की सूची पूर्व में ही संबंधितों को प्रेषित की जा चुकी है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के सफल संचालन हेतु ब्लॉक एवं ग्राम स्तर के कर्मचारियों को आदेशित करते हुए ग्रामवार शिविर आयोजित किए जाएं तथा अवशेष सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड शत–प्रतिशत बनाए जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र परिवारों को योजना का समुचित लाभ प्राप्त हो सके।

### भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 अभियान के अंतर्गत 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाने हेतु स्वीप योजना के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में युवा मतदाताओं के पंजीकरण के उद्देश्य से जनपद की प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के शैक्षिक संस्थानों में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति की गई है। नियुक्त अधिकारी निम्नलिखित है। विधानसभा क्षेत्र 34 ख्र स्वार : खण्ड शिक्षा अधिकारी फोटू लाल, विधानसभा क्षेत्र 35 ख्र चमरौआ : खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना, विधानसभा क्षेत्र 36 ख्र बिलासपुर : खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार वोरा, विधानसभा क्षेत्र 37 ख्र रामपुर : खण्ड शिक्षा अधिकारी स्वदीप कनौजिया विधानसभा क्षेत्र 38 ख्र मिलक (अ.जा.) खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने नियुक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर नामित स्वीप नोडल अधिकारी के माध्यम से संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के शैक्षिक संस्थानों में चिन्हित मतदाताओं के सापेक्ष पंजीकृत मतदाताओं की सूचना नियमित रूप से प्राप्त की जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने–अपने विधानसभा क्षेत्रों में स्थित शैक्षिक संस्थानों के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के साथ नियमित बैठकें आयोजित करें तथा विद्यार्थियों को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया एवं आवेदन दाखिल करने की समय–सीमा के संबंध में जागरूक करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस–2026 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले कैम्पस एम्बेसडर/वॉलंटियर्स/को–ऑर्डिनेटर्स को पुरस्कृत किया जाएगा तथा नवपंजीकृत मतदाताओं को ईपीआईसी (मतदाता पहचान पत्र) प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### जिले में खुरपका–मुंहपका टीकाकरण अभियान 22 जनवरी से होगा प्रारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. अश्वनी कुमार ने बताया कि जिले में खुरपका मुंहपका टीकाकरण का आरम्भ 22 जनवरी 2026 को होने जा रहा है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खुरपका–मुंहपका बीमारी से लड़ने के लिए जनपद के सभी पशुओं मे टीकाकरण किया जायेगा। उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.रामलखन ने बताया कि जनपद को खुरपका–मुंहपका बीमारी के टीका की 318987 खुराक प्राप्त हुई है, जो कि पशुपालकों के द्वार पर जाकर नि:शुल्क लगाया जायेगा।

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि वैक्सीन सभी विकासखण्ड स्तर के पशु चिकित्सालयों पर पहुंचा दी गयी है। विकासखण्ड स्तर पर टीम बना दी गयी है। सम्पूर्ण जनपद में 22 जनवरी 2026 को टीकाकरण प्रारम्भ कर दिया जायेगा। उन्होंने जिले के सभी पशुपालकों से अपील है कि सभी लोग अपने–अपने पशुओं की टैगिंग व टीकाकरण अवश्य करा लें।

### इंस्टाग्राम से हुआ प्यार शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** इंस्टाग्राम से हुई दोस्ती और और प्यार के बाद शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण अब शादी से कर रहा है इनकार। युवती ने लिखाई रिपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदयपुर जागीर की एक युवती ने 19 जनवरी को कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें आरोप है कि उसकी गांव के अयान से दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई जिसमें अयान ने बड़ी बङी कसम खाकर फोन नंबर ले लिया और आए दिन मुझसे बातें करने लगा और मुझसे शादी का झांसा देकर कई बार मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाए। दिनांक 17 जुलाई 2025 को रात्रि लगभग 11:53 बजे अयान ने मुझे इंस्टाग्राम पर मैसेज भेज कर अपने घर बुलाया मेरे मन करने पर उसने दबाव डाला और कहा कि घर पर कोई नहीं है। तुम घर पर आ जाओ जब मैंने फिर भी मना किया तो वह मेरे घर के दरवाजे पर आकर खड़ा हो गया और अपने आप को जान से मारने की धमकी देने लगा डर के कारण मैं उसके घर चली गई। इसी रात अयान ने अपने कमरे में मेरे बिना इच्छा के मेरे साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए अयान की दादी सम्मो ने कमरे को बाहर से ताला लगा दिया। मेरी चीख–पुकार सुनकर अयान के चाचा सगीर ने ताला खोला मैंने अयान की दादी से शिकायत की तो तुम्हारे पोते ने मेरे साथ दुष्कर्म किया है। परंतु उन्होंने मेरी बात को नकार दिया विरोध करने पर अयान उसकी दादी चाचा सगीर ने मेरे साथ मारपीट की और सभी ने मिलकर मुझे धमकी दी कि यदि तु ने किसी को बताया या थाने में शिकायत की तो तुझे जान से मार देंगे रास्ते से गायब करा देंगे की धमकी दी। इस डर के वजह से तत्काल में मैंने किसी को नहीं बताया सुबह अगले दिन 10:00 बजे मैंने पूरी घटना अपनी मां को बता दी गांव के कुछ लोगों के सामने समझौता हो गया कि अयान 1 जनवरी 2026 को बालिग हो जाएगा। इसी आधार पर उसे समय कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जब 1 जनवरी 2026 को अयान बालिग हो गया 17 जनवरी 2026 को सुबह लगभग 10:00 बजे मैं तथा मेरी मां समझौते के अनुसार अयान के घर पहुंचे अयान के पिता हफीज व दादी सम्मो अयान की मां सलीम जहां चाचा सगीर समेत के द्वारा गाली गलौज मारपीट करने लगे तथा शादी करने को मना कर दिया। इस संबंध में युवती ने कोतवाली में तहरी दी तहरीर के आधार पर पांच के खिलाफ गंभीर धारा में रिपोर्ट दर्ज।

# डीएम ने जनता दर्शन के दौरान दिव्यांगजन को प्रदान की ट्राईसाईकिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान तहसील मिलक के ग्राम करीमगंज निवासी दिव्यांग अरूण को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा ट्राईसाईकिल प्रदान की गई। ट्राईसाइकिल प्राप्त होने पर लाभार्थी के चेहरे पर खुशी स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना उनकी दैनिक आवश्यकताओं को सरल बनाने के साथ–साथ उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के कल्याण, पुनर्वास एवं सामाजिक समावेशन के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है।



जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने आमजन की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# बीस साल पहले गांव को सोने की चिड़िया बना दिया


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र के सैफनी के उस महानायक की कहानी लेकर आए हैं, जिन्होंने 20 साल पहले गांव को सोने की चिड़िया बना दिया।

हाजी मेहर अलीख्रएक ऐसे ग्राम प्रधान, जिनके नाम से ही विकास की इबारत लिखी गई। जब वे सत्ता में आए, तो सैफनी में बुनियादी सुविधाओं की सांसें थम सी गई थीं। लेकिन उनकी दूरदृष्टि ने गांव को नई जिंदगी दी, जो आज भी बरकरार है।

प्रधानी संभालते ही उन्होंने सबसे पहले शिक्षा और स्वास्थ्य पर नजर डाली।

सरकारी स्कूल और अस्पताल बनवाकर बच्चों व बीमारों को राहत दी। रामलीला स्थल, ईदगाह, कर्बला, अम्बेडकर पार्क, खेल ग्राउंड, मैरिज हॉल के लिए जगहें चिह्नित कीं।



पानी की टंकी, कालोनी, शौचालय और नई सड़कों ने गांव को आधुनिक रूप दिया।बड़े–बड़े नेताओं के दरवा. जे खटखटाए, मीटिंगें कीं और आरसीसी सड़कों का सपना साकार किया।

सभी ग्राम सभा स्थलों को चिह्नित करवाकर भविष्य को सुरक्षित किया। ये काम सिर्फ निर्माण नहीं थे, बल्कि सैफनी की आत्मा को मजबूत करने वाले थे।

आज सैफनी की हर गली उनकी याद दिलाती है। कोई नेता उनके पैमाने पर खरा नहीं उतरा। हाजी मेहर अली–सैफनी के ऐसे ग्राम प्रधान थे, जिनके कामों को हमेशा याद किया जाएगा, क्योंकि अब तक कोई भी उनके जैसा काम नहीं कर पाया।

# इंजीनयर–डाक्टर बनें, लेकिन दीनी तालीम भी जरूरी : मौलवी फैजान खां

- मदरसा कमाल उल उलूम में आयोजित जलसे में हाफिज अब्बाद उल्ला खां की दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हिफ्ज कुरआन करीम मुकम्मल होने पर अब्बाद उल्ला खां की दस्तारबंदी की गई। मदरसा कमाल उल उलूम में आयोजित शानदार तकरीब में उन्हें सनद से भी सरफराज किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वप्रसिद्ध कारी फरहत सुल्तान ने कुरआन की तिलावत से की। मदरसे के विद्यार्थियों ने नात और तकरीर पेश की। जमीयत उलेमा रामपुर के अध्यक्ष मौलाना असलम जावेद अल कासिमी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जलसे को जामा मस्जिद के इमाम व नायब शहर इमाम हजरत मौलाना अब्दुल वहाब फैजान खां वजीही और मुफ्ती मुहम्मद साजिद ने अपनी तकरीर में कुरआन की अहमियत बयान की। उन्होंने दुनियावी तालीम के साथ साथ दीनी तालीम पर भी जोर दिया। इंजीनयरख्रडॉक्टर बनें, लेकिन दीनी तालीम भी जरूरी है, क्योंकि मदरसे नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि मदरसे अल्लाह की किताब, इस्लाम और शरीयत के फरोग का माध्यम हैं। कार्यक्रम का संचालन कारी मुहम्मद इरफान ने किया। मदरसे के सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए। मदरसे के मोहत. मिम मुहम्मद शाहिद जमाल उर्फ घ्कारी बाबू ने सभी उपस्थित लोगों का शुक्रिया अदा किया।



इस मौके पर ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां, अमजद उल्ला खां, अहसान उल्ला खां, इकराम उल्ला खां, करामत खां, समद खां, ताबिश खां, अमान साहब, विक्की मियां, समीर खां, बंटी खां आदि मौजूद रहे।

# सैफनी रामगंगा घाट पर मोनी अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** रामगंगा घाट पर रविवार को माघ मास की कृष्ण पक्ष की मोनी अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं ने प्रात: काल से ही श्रद्धालुओं ने सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर रामगंगा में स्नान कर प्रसाद आदि चढ़ाकर धर्म लाभ कमाया और अपने पित्रों को प्रसन्न करने हेतु घाट पर बैठे पुजा. रियों द्वारा कराई पूजा अर्चना तथा श्रद्धालुओं ने दूध वस्त्र दक्षिणा आदि दान कर पित्रों को किया, प्रसन्न कहा जाता हैं कि इस दिन पित्रों की पूजा के लिए बहुत शुभ माना जाता है इस तिथि में सभ्यता के आरंभकर्ता माने जाने वाले ऋषि मुनियों का जन्म हुआ था और ऐसा भी कहा जाता हैं कि इस दिन मां गंगा का जल अमृतमय हो जाता है। रामगंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ भाड़ बनी रही गंगा नदी पर लगी प्रसाद चाट पकौड़ी बच्चों के खेल खिलौनों आदि की दुकानों पर खरीददारों की खासी भीड़ भाड़ देखने को मिली वही पुलिसकर्मी भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा करते दिखे और अपनी ड्यूटी को बड़े ही ईमानदारी से निभाया।



# बार एसोसिएशन निर्वाचन के दौरान न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को बार एसोसिएशन के निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा न्यायालय परिसर का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं, प्रवेश–निकास व्यवस्था, कानून–व्यवस्था से जुड़े सभी आवश्यक पहलुओं का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए साथ ही किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि अधिवक्ता बंधु निर्भीक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।



# शादी का झांसा देकर विधवा के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला को शादी का झांसा देकर। बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य नामजद आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बीते 9 दिसंबर को चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कराया था कि गांव का ही राशिद पुत्र हनीफ मिस्त्री उसे शादी का झांसा देकर 5 साल से लगातार बलात्कार कर रहा है जिससे वह गर्भवती हो गई और उसने पांच माह पूर्व एक बच्ची को भी जन्म दिया है। अब शादी करने से मुकर गया है और शादी की जिद करने पर वह उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि उसके परिवार वालों ने भी उसका सहयोग नहीं किया और मारपीट की वह कई बार शिकायत लेकर उसके घर पहुंची तो पिता हनीफ मिस्त्री मोहम्मद आरिफ समेत परिजनों ने मिलकर लात घुसो से पिटाई की और अपमानित कर घर से भगा दिया। पुलिस ने इस मामले में विवेचना की और सोमवार को मुख्य अभियुक्त राशिद को मुंशीगंज तिराहे से गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की न्यायालय से नामजद आरोपी को जेल भेज दिया गया है अन्य और आरोपियों की तलाश जारी है।



# स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही असली इलाज है: डीआईजी

**सीआरपीएफ स्थित भारतीय जनऔषधि केंद्र में आंखों एवं हड्डियों की जांच शिविर, 123 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सीआरपीएफ स्थित भारतीय जनऔषधि केंद्र में आयोजित आंखों एवं हड्डियों की जांच शिविर का शुभारंभ फीता काटकर डीआईजी पूर्ण सिंह धर्मशक्तु ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही असली इलाज है। ऐसे वृहद चिकित्सा शिविरों के माध्यम से शरीर और मन में पनप रही बीमारियों का समय रहते पता लगाकर उन्हें रोका जा सकता है।

डीआईजी ने कहा कि आधुनिक समय में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और तनाव तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में रोकथाम ही सबसे बड़ा उपचार है और नियमित जांच से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

आयुर्जीवनम पैरामेडिकल कॉलेज के आयुर्वेद मनोचिकित्सक डा. कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि सीआरपीएफ द्वारा संचालित जनऔषधि केंद्र न केवल सीआरपीएफ कर्मियों बल्कि सिविल समुदाय को भी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है। प्रत्येक माह यहां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज एक वृहद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।



शिविर में जनज्योति आई हॉस्पिटल, मिलक की टीम द्वारा आंखों की जांच कर निःशुल्क विजन चश्मे वितरित किए गए। वहीं धन्वंतरि अमृतसर आयुर्वेद से आए बोन परामर्श चिकित्सक निर्देश गंगवार एवं उनकी टीम ने हड्डियों की जांच की।

जांच के दौरान अधिकतर मरीज प्रोग्रेसिव मायोपिया एवं नियर विजन से पीड़ित पाए गए, जबकि दो मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। बोन टेस्ट में 82 प्रतिशत मरीज ओस्टियोपेनिया और 26 प्रतिशत ओस्टियोपोरोसिस से ग्रसित पाए गए। सभी मरीजों को पोषक आहार एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में कुल 123 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सकीय सलाह दी गई।

इस अवसर पर डा. अखिलेश पांडे, सुजय चौहान, सीता देवी, एसएम पुष्कर सहित अन्य चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# ट्रक ने ई रिक्शा में मारी टक्कर एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के बिसौली मार्ग पर सोमवार एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक अनियंत्रित ट्रक ने ई-रिक्शा को जोरदार साइड मार दी, जिससे ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में मुरादाबाद रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर का निवासी अखिलेश (26 वर्ष) पुत्र दुर्जन सिंह अपना ई-रिक्शा लेकर सैफनी से बिसौली की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बिसौली चौराहे के समीप पहुँचा, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे साइड मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अखिलेश ई-रिक्शा पर से नियंत्रण खो बैठा और वाहन बीच सड़क पर ही पलट गया। घ्हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों



और स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल अखिलेश को रिक्शा के नीचे से बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुँच गई। पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से तत्काल पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि अखिलेश के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। उसकी बिगड़ती स्थिति और घावों की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घ्हादसे के बाद सड़क पर जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे पुलिस ने सुचारू कराया। पुलिस ने आरोपी ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली की आनरऐज अवार्ड सेरेमनी में डा.चन्द्रप्रकाश शर्मा मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आनरऐज अवार्ड एसोशिएशन द्वारा कांस्टीट्यूशन क्लब, नई दिल्ली के सभागार में आयोजित आनरऐज एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026 सेरेमनी में डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा के मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचने पर आयोजनकर्ता संदीप कुमार और राहुल कुमार सीए ने गुलदस्ता भेंटकर व उत्तरीय उढ़ाकर स्वागत किया तथा डॉ.शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर सेरेमनी का शुभारंभ किया। डॉ.चन्द्रप्रकाश शर्मा ने देश के कोने-कोने से आये विविध क्षेत्रों में सेवारत विभूतियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ओनरऐज एक्सीलेंस अवार्ड 2026 साहित्य, शिक्षा, संगीत, समाजसेवा,कला आदि क्षेत्रों में आपके उत्कृष्ट व उल्लेखनीय




योगदान हेतु प्रदान किया गया है जिसके लिए सभी अवार्डीज के साथ आपकी प्रतिभा, उत्कृष्टता व योगदान को पहचानने वाली संस्था एचएए बधाई व साधुवाद की पात्र है क्योंकि पुरस्कार केवल एक व्यक्ति के पुरुषार्थ का सम्मान नहीं होता, बल्कि ये समाज में प्रेरणा का स्त्रोत, सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का जनक , सामाजिक मूल्यों के सम्बर्धन में सहायक होते हैं।

डॉ.चन्द्रप्रकाश शर्मा और एचएए टीम द्वारा पुष्कर के डा.सनवार सिंह रावत, जयपुर की डा.मीना खत्री, देहरादून की डा.इन्द्रजीत कौर, गाजियाबाद की डा.संध्या राठी और उत्तराखंड के डा.जांन वेस्ली सिंह आदि को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया ।

डॉ.चन्द्रप्रकाश शर्मा को दो अवार्ड्स- आनरऐज एक्सीलेंस अवार्ड और ओनरेरी डाक्टेरेट अवार्ड प्रदान किये गये। इसके साथ उत्तरीय, डायरी,पेन,थर्मस वोतल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निधि चौहान,दीपक कुमार,वसीम अकरम,महताब, अदिति और सुमित आदि एचएएल टीम का सराहनीय योगदान रहा। डॉ.चन्द्रपकाश शर्मा की भूमिका की चहुंओर प्रशंसा की जा रही है।

# राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने दिलाई विकलांग बच्चे को राहत

**डीएम ने दिए तत्काल आयुष्मान कार्ड जारी करने के निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां वे एक विकलांग बच्चे आतिफ पुत्र मुनाजिर हुसैन को लेकर जिला अधिकारी से मिले। जिला अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने अत्यंत गंभीरता से बच्चे की समस्या को सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आयुष्मान कार्ड जारी कर इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।



इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा गरीब, मजदूर और किसानों की आवाज बुलंद करता रहा है। उन्होंने जिला अधिकारी रामपुर अजय कुमार द्विवेदी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जब से उन्होंने कार्यभार संभाला है, जनपद में गरीब और जरूरतमंद लोगों की समस्याओं की तेजी से सुनवाई हो रही है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि ऐसे संवेदनशील और जनहितैषी अधिकारी बहुत कम होते हैं, जो सीधे जनता की बात सुनते हैं और तुरंत समाधान करते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय लो. कदल की ओर से जिला अधिकारी रामपुर को बधाई देते हुए उनकी लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की कामना की, साथ ही कहा कि वे इसी तरह हंसते-मुस्कुराते हुए जनसेवा करते रहें।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव के साथ युवा जिला महासचिव मोहम्मद फुरकान, क्षेत्रीय महासचिव महफूज खान, निजी सलाहकार मुनाजिर हुसैन, मुमताज हुसैन एडवोकेट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीसी रोड के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ओर ग्राम प्रधान में हुआ विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** विकास खंड शाहबाद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चंद्रपुर कलां में सीसी रोड के निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया है। घ्ग्रामीणों का कहना है कि गांव के मुख्य मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। नियम और सुविधा के अनुसार, पुराने खड़ंजे को आधार मानकर उसके ऊपर ही सीसी रोड डाली जानी चाहिए, ताकि सड़क मजबूत रहे। लेकिन ग्राम प्रधान जबरन पुराने खड़ंजे को उखाड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान अपनी दबंगई के बल पर खड़ंजे की ईंटों को उखाड़कर अपने निजी कार्यों में इस्तेमाल कर रहे हैं। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया



और खड़ंजे के ऊपर ही सड़क बनाने की मांग की, तो उनकी बात को अनसुना कर दिया गया। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि खड़ंजा उखड़ने से न केवल सरकारी संपत्ति का नुकसान हो रहा है, बल्कि सड़क की गुणवत्ता पर भी असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी शाहबाद से इस मामले में हस्तक्षेप करने और नियम अनुसार निर्माण कार्य सुनिश्चित कराने की मांग की है। लोगों ने चेता. वनी दी है कि यदि सरकारी ईंटों का दुरुपयोग नहीं रुका और मानक के विपरीत कार्य हुआ, तो वे उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रदर्शन करेंगे।

# सैफनी पुलिस को बड़ी सफलता, वांछित महिला अभियुक्त गिरफ्तार



**सैफनी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों व वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सैफनी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। रविवार को थाना सैफनी पुलिस ने एक वांछित महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मु.अ. सं. 10/2026, धारा 108/308(5) बीएनएस के अंतर्गत वांछित चल रही अभियुक्ता रेखा रानी पत्नी अंशुल पाल, निवासी ग्राम देवीपुरा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार जायसवाल, महिला कांस्टेबल शबनम जहाँ एवं कांस्टेबल नौशाद अली शामिल रहे। अभियुक्ता को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाए हुए है।

# सैफनी में मकान से जैकेट चोरी, नकदी व सोने के कुंडल गायव पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर के क्षेत्र में चोरी की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित अपने भाई जुल्फेकार पुत्र जाहिद खां से मिलने रविवार की शाम सैफनी स्थित उनके नए मकान पर गया था। जुल्फेकार मूल रूप से ग्राम नगल जटनी, थाना मूंडा पांडे, जनपद मुरादाबाद के निवासी हैं और वर्तमान में अनवर अली खां के भट्टे के पास सैफनी में रह रहे हैं।बताया गया कि दोनों भाई नीचे हाथ-पैर धोकर अपनी-अपनी जैकेट गुटी पर टांगकर ऊपर खाना खाने चले गए। रात करीब 9 बजे नीचे



से कुछ आवाज सुनाई दी। जब दोनों भाई नीचे उतरने लगे तो देखा कि दो अज्ञात व्यक्ति जैकेटों की तलाशी ले रहे हैं। शोर मचाने पर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

जांच करने पर पीड़ित की जैकेट से करीब 60 हजार रुपये नकद, जबकि जुल्फेकार की जैकेट से 1 लाख 10 हजार रुपये नकद तथा उनकी पुत्री के लिए लाए गए सोने के कुंडलों की एक जोड़ी गायब पाई गई। पीड़ितों ने बाहर निकलकर आरोपियों की तलाश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण कोई सुराग नहीं लग सका। आशंका जताई जा रही है कि चोरों के साथ अन्य लोग भी हो सकते हैं।

# मरम्मत के चलते कोसी नदी का पुल दस दिन के लिए बन्द



**जान जोखिम मे डाल कर पानी में होकर निकलने को मजबूर वाइक सवार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मुरादाबाद बाजपुर मार्ग पर मुरम्मत के चलते दड़ियाल मे कोसी नदी का पुल बड़े छोटे वाहनों के लिए दस दिन के लिए बन्द कर दिया गया है।

मुरादाबाद बाजपुर मार्ग पर दड़ियाल मे कोसी नदी का पुल लगभग पचास वर्ष पूर्व बनाया गया था जो पूर्व मे भी क्षतिग्रस्त होने के कारण कई बार बन्द कर दिया गया था। जिसको लेकर सेतु निगम द्वारा कोसी नदी के पुल की बराबर से नया पुल बनाने का कार्य चल रहा है। जिसको लेकर नये पुल के पिलर की खुदाई के दोरान पुराने पुल के पिलर के नीचे से मिट्टी खिसक गई पिलर की मिट्टी खिसकने के कारण पुल को बन्द कर दिया गया। पुल बन्द होने के कारण मोटरसाइकिल सवार कोसी नदी से होकर निकल रहे है।

वहीं नैनीताल बाजपुर स्वार मसवासी आने जाने वाले वाहन चालक व यात्रीगण को पुल बन्द होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुरादाबाद जाने के लिए जहां यात्रियों का किराया अधिक लग रहा है वहीं समय भी ज्यादा खर्च हो रहा है। वहीं मोटरसाइकिल सवारों के निकालने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था विभाग द्वारा नही की गई है। जिसकी वजह से मोटरसाइकिल सवार जान जोखिम मे डाल कोसी नदी को पार कर रहे है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

पत्रांकः- 14 /न0पा0मि0/2026 **ई-निविदा सूचना** दिनांकः- 19.01.2026

नगर पालिका परिषद मिलक को सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर 03 अदद कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है जो ई-टेण्डर की साईट https://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

**ई-निविदा समय सारणी (https://etender.up.nic.in पर)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईड पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | दिनांक 20.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे से |
| 2 | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | दिनांक 20.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे से |
| 3 | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | दिनांक 11.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक |
| 4 | कार्यो के निविदा स्केन धरोहर, निविदा शुल्क एवं अन्य प्रपत्र की मूल प्रति कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक में जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | दिनांक 11.02.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक |
| 5 | ई-निविदा को खोलने की तिथि/समय | दिनांक 12.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे से |

(राजेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मिलक (रामपुर)

(दीक्षा गंगवार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मिलक (रामपुर)



## यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

**हावड़ा - आनंद विहार (ट.) एवं डिब्रुगढ़ - गोमतीनगर स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिनकी समय-सारणी निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी सं. 13065/13066 हावड़ा - आनंद विहार (ट.) - हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 13065 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 13066 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:10 | हावड़ा | 10:50 | ---- |
| 00:01 | 00:03 | बैण्डेल जं. | 09:05 | 09:07 |
| 01:04 | 01:06 | बर्द्धमान | 07:53 | 07:55 |
| 01:55 | 01:57 | दुर्गापुर | 06:52 | 06:54 |
| 02:26 | 02:28 | आसनसोल जं. | 06:20 | 06:22 |
| 04:00 | 04:05 | धनबाद जं. | 05:00 | 05:05 |
| 04:30 | 04:32 | एनएससी बोस गोमो | 04:25 | 04:27 |
| 04:55 | 04:57 | पारसनाथ | 04:04 | 04:06 |
| 05:55 | 05:57 | कोडरमा जं. | 03:07 | 03:09 |
| 07:25 | 07:30 | गया जं. | 01:45 | 01:50 |
| 08:12 | 08:14 | अनुग्रह नारायण रोड | 00:24 | 00:26 |
| 08:30 | 08:32 | डेहरी ऑन सोन | 00:08 | 00:10 |
| 08:48 | 08:50 | सासाराम | 23:53 | 23:55 |
| 09:25 | 09:27 | भभुआ रोड | 23:24 | 23:26 |
| 10:45 | 10:50 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 22:40 | 22:45 |
| 11:50 | 12:00 | वाराणसी जं. | 21:40 | 21:50 |
| 13:06 | 13:08 | जौनपुर सिटी | 19:26 | 19:28 |
| 14:20 | 14:25 | सुलतानपुर जं. | 18:30 | 18:35 |
| 14:54 | 14:56 | निहालगढ़ | 17:43 | 17:45 |
| 16:50 | 17:00 | लखनऊ जं. | 16:05 | 16:15 |
| 19:56 | 19:58 | शाहजहांपुर जं. | 11:48 | 11:50 |
| 20:58 | 21:00 | बरेली जं. | 10:36 | 10:38 |
| 22:38 | 22:48 | मुरादाबाद जं. | 09:05 | 09:10 |
| 23:30 | 23:32 | गजरौला जं. | 07:27 | 07:29 |
| 00:13 | 00:15 | हापुड़ जं. | 06:44 | 06:46 |
| 01:41 | 01:43 | गाजियाबाद जं. | 06:01 | 06:03 |
| 02:50 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 05:15 |

चलने के दिन: 13065 हावड़ा से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 22.01.2026 से एवं 13066 आनंद विहार (ट.) से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 24.01.2026 से।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 15949/15950 डिब्रुगढ़ - गोमतीनगर - डिब्रुगढ़ अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 15949 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 15950 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:00 | डिब्रुगढ़ | 12:40 | ---- |
| 21:35 | 21:37 | मोराणहाट | 11:00 | 11:02 |
| 22:23 | 22:25 | शिमलगुड़ी जं. | 10:10 | 10:12 |
| 23:15 | 23:25 | मरियानी जं. | 08:40 | 08:50 |
| 00:40 | 00:42 | फरकाटिंग जं. | 08:00 | 08:02 |
| 02:35 | 02:40 | डिमापुर | 06:20 | 06:25 |
| 03:13 | 03:15 | दिफू | 05:30 | 05:32 |
| 04:00 | 04:10 | लामडिंग जं. | 04:35 | 04:45 |
| 05:00 | 05:02 | होजाई | 03:25 | 03:27 |
| 05:35 | 05:37 | चापरमुख जं. | 02:45 | 02:47 |
| 06:03 | 06:05 | जागी रोड | 02:13 | 02:15 |
| 07:35 | 07:45 | गुवाहाटी | 01:05 | 01:15 |
| 08:00 | 08:02 | कामाख्या जं. | 00:45 | 00:47 |
| 08:50 | 08:52 | रंगिया जं. | 23:50 | 23:52 |
| 09:08 | 09:10 | नलबाड़ी | 23:20 | 23:22 |
| 09:44 | 09:46 | बरपेटा रोड | 22:45 | 22:47 |
| 10:30 | 10:40 | न्यू बंगाईगाँव | 22:00 | 22:10 |
| 11:20 | 11:22 | कोकराझार | 21:20 | 21:22 |
| 12:25 | 12:27 | न्यू अलीपुरद्वार | 20:03 | 20:05 |
| 12:45 | 12:47 | न्यू कोच बिहार | 19:40 | 19:45 |
| 15:00 | 15:10 | न्यू जलपाईगुड़ी | 17:30 | 17:40 |
| 15:52 | 15:54 | अलुआबाड़ी रोड | 16:18 | 16:20 |
| 16:20 | 16:22 | किशनगंज | 15:50 | 15:52 |
| 17:20 | 17:22 | बारसोई जं. | 15:08 | 15:10 |
| 19:20 | 19:30 | कटिहार जं. | 14:15 | 14:25 |
| 20:13 | 20:15 | नवगछिया | 12:00 | 12:02 |
| 21:17 | 21:19 | खगड़िया जं. | 10:23 | 10:25 |
| 21:49 | 21:51 | बेगूसराय | 09:31 | 09:33 |
| 22:25 | 22:35 | बरौनी जं. | 09:05 | 09:15 |
| 00:18 | 00:23 | हाजीपुर | 06:55 | 07:00 |
| 00:31 | 00:33 | सोनपुर | 06:41 | 06:43 |
| 02:40 | 02:50 | छपरा | 05:15 | 05:20 |
| 03:45 | 03:50 | सिवान | 04:05 | 04:10 |
| 04:50 | 04:52 | देवरिया सदर | 02:58 | 03:00 |
| 06:50 | 07:00 | गोरखपुर जं. | 01:50 | 02:00 |
| 07:39 | 07:41 | खलीलाबाद | 00:16 | 00:18 |
| 08:13 | 08:16 | बस्ती | 23:47 | 23:50 |
| 09:00 | 09:02 | मनकापुर | 22:56 | 22:58 |
| 10:05 | 10:10 | अयोध्या धाम जं. | 22:00 | 22:05 |
| 10:30 | 10:40 | अयोध्या छावनी | 21:30 | 21:40 |
| 12:36 | 12:38 | बाराबंकी | 19:12 | 19:14 |
| 13:30 | ---- | गोमतीनगर | ---- | 18:40 |

चलने के दिन: 15949 डिब्रुगढ़ से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 30.01.2026 से एवं 15950 गोमती नगर से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.02.2026 से।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

193/2026

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# इंडोनेशिया मास्टर्स में सिंधु करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई




● ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में पहले ही राउंड में हारी थी

**जकार्ता, वार्ता।** पिछले सप्ताह पहले राउंड में बाहर होने के बाद, पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करते हुए वापसी करने की कोशिश करेंगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में पहले ही राउंड में हारने के बाद इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। पीवी सिंधु इस महीने की शुरुआत में सीजन के पहले मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं और पहले राउंड में जापान की कम रैंक वाली मनामी सुइज़ू का सामना करेंगी। महिला एकल मुख्य ड्रॉ में सिंधु के साथ मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा भी होंगी। चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन युफेई भी महिला एकल ड्रॉ का हिस्सा हैं और वह पहले राउंड में उन्नति हुड्डा का सामना करेंगी। दुनिया के 14वें नंबर के भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में क्वार्टर-फाइनल तक पहुंचने के अपने अच्छे प्रदर्शन को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। पूर्व वर्ल्ड नंबर वन किदांबी श्रीकांत भी अपने साथी खिलाड़ी एचएस प्रणय, तरुण मन्नेपल्ली और आयुष शेट्टी के साथ पुरुष एकल ड्रॉ में हैं। युगल जोड़ी हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन पुरुष मुख्य ड्रॉ में एकमात्र भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, जबकि ध्रुव कपिला/तनीषा क्रैस्टो और रोहन कपूर/रुथविका शिवानी गड्डे मिश्रित युगल में हैं। इस बीच, रश्मि गणेश और सानिया सिकंदर-इंडोनेशिया में महिला युगल में भारत की एकमात्र जोड़ी क्वालिफिकेशन राउंड में अपना अभियान शुरू करेंगी।


# ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में म्बोको

● विक्टोरिया म्बोको ने मेलबर्न पार्क में पहले दौर के मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई किशोर एमर्सन जोन्स को 6-4, 6-1 से दी मात



**मेलबर्न, वार्ता।** विक्टोरिया म्बोको ने 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को सीधे सेटों में जीत के साथ दूसरे राउंड में जगह बनाई। यहां खेले 17वीं सीड कनाडाई खिलाड़ी ने मेलबर्न पार्क में पहले राउंड के मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई किशोर एमर्सन जोन्स को 6-4, 6-1 से हराया। घरेलू खिलाड़ी को मिले जबरदस्त सपोर्ट के बावजूद, म्बोको ने शांत और दमदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पहला सेट काफी कड़ा था, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती चरणों में अपनी सर्विस बचाए रखी। 4-4 के स्कोर पर, म्बोको ने अपनी रणनीति बदली, अपने पावरफुल फोरहैंड और बेसलाइन से जडादा निरंतरता दिखाते हुए जोन्स की सर्विस तोड़ी और सेट 6-4 से जीत लिया। म्बोको ने एक घंटे और 12 मिनट मैच को समाप्त कर दिया, जो उनकी उम्र से कहीं जडादा परिपक्वता दिखाता है। म्बोको अगले राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी कैटी मैकनैली से भिड़ेगी।

# युआन यू को हराकर इगा स्वियाटेक दूसरे दौर में



**मेलबर्न, वार्ता।** पोलैंड की महिला टेनिस स्टार इगा स्वियाटेक ने सोमवार को चीन की युआन यू को एकल मुकाबले में हराकरऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। यहां खेले गए पहले राउंड में, चीन की युआन ने वर्ल्ड नंबर दो स्वियाटेक को कड़ी टक्कर दी, पहले सेट में टाईब्रेक तक ले गईं और दो घंटे के मैच में कुल नौ गेम जीते। इस शानदार प्रयास के बावजूद, छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियाटेक ने फिर भी 7-6 (5), 6-3 से जीत हासिल की। इगा स्वियाटेक दूसरे राउंड में चेक गणराज्य की मैरी बोज्कोवा से भिड़ेगी।

# कोग्निवेरा पोलो कप: जयपुर में दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी का अनावरण

● इससे पहले यह गौरव चेन्नई के 'कोलांका कप' 6 फीट के नाम था

**जयपुर/नई दिल्ली, वार्ता।** गुलाबी नगरी जयपुर में कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस ने राजस्थान पोलो क्लब के सहयोग से 'कोग्निवेरा पोलो कप 2026' की लगभग सात फीट ऊंची ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया है। यह दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी है। अब तक दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी होने का गौरव चेन्नई के 'कोलांका कप' (6 फीट) के नाम था, लेकिन कोग्निवेरा पोलो कप की सात फीट ऊंची ट्रॉफी ने अब एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। इस भव्य ट्रॉफी का अनावरण जी स्टूडियो (सीता. पुरा) में सोनू निगम के 'दीवाना तेरा' टूर के दौरान जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह की गरिमामई उपस्थिति में किया गया। यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट 26 जनवरी से शुरु होगा, इसका फाइनल मुक. ाबला एक फरवरी को खेला जाएगा। 8-गोल वाले इस अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश और दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ी और शानदार पोलो घोड़े अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले जयपुर के विभिन्न प्रतिष्ठित पोलो मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ कमलेश शर्मा ने कहा कि पोलो अनुशासन और टीम वर्क का खेल है, जो हमारे संस्थान के मूल्यों से मेल खाता है। दुनिया की सबसे ऊंची ट्रॉफी बनाना हमारा एक सोचा-समझा निर्णय था, ताकि हम इस खेल की गरिमा को एक नया सम्मान दे सकें।

# भारत की सीरीज हार के बावजूद गावस्कर ने कोहली-राणा की तारीफ की

## कहा: विराट कोहली की मानसिकता उन्हें कई समकालीन खिलाड़ियों से अलग बनाती है



**इंदौर, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली के बैटिंग टेम्परमेंट की तारीफ करते हुए कहा है कि स्टार बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक खेलने के बजाय स्थिति के अनुसार अपने खेल को बदलने की क्षमता रखते हैं। इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे के बाद जियोस्टार पर बातचीत में गावस्कर ने कहा कि कोहली की मानसिकता उन्हें कई समकालीन खिलाड़ियों से अलग बनाती है। गावस्कर ने कहा कि उनके बारे में खास बात यह है कि वह किसी इमेज से बंधे नहीं हैं। बहुत से बल्लेबाज और गें. दबाज इस बात से बंधे होते हैं कि उन्हें कैसे देखा जाता है और उन्हें लगता है कि उन्हें उस इमेज पर खरा उतरना होगा। विराट ऐसे नहीं हैं। वह अपने काम पर ध्यान देते हैं और वह काम रन बनाना है। गावस्कर ने कहा कि वह इस बात की उम्मीदों से बंधे नहीं हैं कि उन्हें कैसे खेलना चाहिए। वह स्थिति के अनुसार खेलते हैं। यही टेम्परमेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह देखते हुए कि दबाव में भी हार न मानने का कोहली का रवैया उनका एक खास गुण है जो कि उन्हें अन्य से भिन्न बनाता है। कोहली पर यह टिप्पणी सीरीज के निर्णायक मैच में 108 गेंदों पर 124 रन की उनकी शानदार पारी के बाद आई है। न्यूजीलैंड ने यह मैच 41 रन से जीतकर ऐतिहा. सिक 2-1 से वनडे सीरीज जीत ली जो कि 37 साल के इंतजार के बाद भारतीय धरती पर यह उनकी पहली सीरीज जीत थी। उन्होंने कहा कि आखिर तक भी वह कोशिश कर रहे थे। शायद दस्ताने थोड़े पसीने से गीले हो गए, ग्रिप थोड़ी ढीली हो गई, और इसीलिए बल्ले का मुंह घूम गया। उन्होंने युवा क्रिकेटरों के लिए कोहली के इस रवैए को एक सबक के तौर पर भी बताया, और उनसे कहा कि वे पहले से बनी उम्मीदों के बजाय मैच की स्थितियों पर ध्यान दें। गावस्कर ने ऑलराउंडर राणा की निचले क्रम की बल्लेबाजी की भी तारीफ की और लक्ष्य का पीछा करने के अहम चरण में उनकी भूमिका की स्पष्टता की सराहना की। राणा ने 43 गेंदों पर 52 रन की जवाबी हमलावर पारी खेली व कोहली के साथ 99 रन की साझेदारी की, जिससे कुछ समय के लिए भारत की उम्मीदें फिर से जगीं। गावस्कर ने कहा कि उन्होंने बिल्कुल वैसे ही बल्लेबाजी की जैसे निचले क्रम के बल्लेबाज को करनी चाहिए।

# मांसपेशियों में खिंचाव के चलते फेलिक्स ऑगर ऑस्ट्रेलिया ओपन से रिटायर



**मेलबर्न, वार्ता।** सातवीं सीड फेलिक्स ऑगर-एलियासिम सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन में अपने पहले राउंड के मैच के दौरान मांसपेशियों में खिचाव के कारण रिटायर हो गए। मैच के दौरान जब कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिम ने रिटायर होने का फैसला किया वह पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस 3-6, 6-4, 6-4 से आगे थे।

25 साल के ऑगर-एलियासिम पिछले साल के यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे और 2026 के मेजर सीजन की शुरुआत भी उसी फॉर्म में करना चाहते थे। लेकिन बाएं पैर में तकलीफ के कारण उन्होंने तीसरे सेट के आखिर में मेडिकल टाइम आउट लिया और चौथे सेट की शुरुआत से पहले फिर से इलाज करवाया। चौथे सेट में दो अंक खेलने के बाद, ऑगर-एलियासिम रिटायर हो गए। ऑगर-एलियासिम ने कहा कि मैं ठीक हूं, लेकिन तीसरे सेट की शुरुआत में ही मुझे क्रैम्प आने लगे। इस लेवल पर मुकाबला करना बहुत मुश्किल हो गया था। मैंने एक सेट तक प्रयास किया लेकिन हां, आज यह मुमकिन नहीं था। बोर्गेस ने ऑगर-एलियासिम के बारे में कहा कि मुझे उनके लिए बुरा लग रहा है। मैं जानता हूं कि शारीरिक रूप से संघर्ष करना कैसा लगता है और यह टेनिस का हिस्सा है। मुझे उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक हो जाएंगे और अपने सबसे अच्छे लेवल पर वापस आएंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सृष्टि ने आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे30 का खिताब जीता

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी सृष्टि किरण ने मेक्सिको के हुआमांटला में हुए आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे30 टूर्नामेंट में गर्ल्स सिगल्स का खिताब जीता। मेक्सिको के हुआमांटला में 12 से 18 जनवरी तक चली इस चैंपियनशिप में बेंगलुरु की 13 साल की लड़की सृष्टि ने घरेलू पसंदीदा तमारा हरमन (मेक्सिको) को 6-4, 6-4 से हराकर आईटीएफ खिताबों की शानदार हैट्रिक पूरी की। इससे पहले ड्रॉ में, उन्होंने सेमीफाइनल में शानदार वापसी करते हुए लगातार 10 गेम जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की और 2-4 से पीछे होने के बाद 16 साल की घरेलू पसंदीदा मिरांडा सोफिया एस्कैमिला (मेक्सिको) को 6-4, 6-0 से हराया।

### ट्रॉयल्स के पहले दिन मानिनी व ऐश्वर्य 50मी राइफल प्रोन में शीर्ष पर विराजमान

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान की मानिनी कौशिक ने सोमवार को 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में और वर्ल्ड चैंपियनशिप रजत पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50मीटर राइफल थ्री पोजिशन में स्पर्धा के सिलेक्शन ट्रायल वन में क्रमश: महिलाओं और पुरुषों के वर्ग में शीर्ष में जगह बनाई। यहां डा. करणी सिंह शूटिंग रेंज में राइफल/पिस्टल नेशनल सिलेक्शन ट्रॉयल्स एक और दो (ग्रुप ए) के पहले दिन मानिनी कौशिक ने महिलाओं के 50 मीटर राइफल प्रोन टी1 में कुल 625-0 अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं। उन्होंने 104-7, 104-2, 102-3, 104-6, 104-2, और 105 के साथ शांत और संतुलित सीरीज-दर-सीरीज प्रदर्शन के आधार पर हासिल किया। कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन 622.6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि केरल की विदार्सा के विनोद 622.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

# अंडर-19 विश्वकप: आयरलैंड के खिलाफ श्रीलंका के 267/5

**विंडहोक, वार्ता।** कप्तान विमथ दिनसारा (95) और चमिका हेनातिगाला (नाबाद 51) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप के 13वें मुकाबले में आयरलैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 267 रनों का स्कोर बनाया है। यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 59 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। दिमंथा महाविथान (नौ), विरान चामुदिथा (छह) और दुलनिथ सिगेरा (22) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कविजा गमागे ने कप्तान विमथ दिनसारा के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 80 रन जोड़े। 33वें ओवर में कविजा गमागे (49) रन आउट हुये। छठें नंबर पर बल्लेबाजी करने आये चमिका हेनातिगाला ने विमथ दिनसारा के साथ पांचवें विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी की। इसी दौरान 46वें ओवर में शतक की ओर बढ़ रहे विमथ दिनसारा को ओलिवर रिले ने अपना शिकार बना लिया। विमथ दिनसारा ने 102 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 95 रनों की पारी खेली। श्रीलंका की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 267 रनों का स्कोर खड़ा किया। चमिका हेनातिगाला 51 रन बनाकर नाबाद रहे। आयरलैंड के लिए ओलिवर रिले ने दो विकेट लिए। रूबेन विल्सन, ल्यूक मरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अंडर-18 विश्वकप: पाकिस्तान ने स्कॉटलैंड को 187 पर किया ढ़ेर

**हरारे, वार्ता।** अली रजा (चार विकेट) और मोमिन कमर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप के 12वें मैच में स्कॉटलैंड को 48.1 ओवर में 187 के स्कोर पर ढेर कर दिया। यहां पाकिस्तान की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 12 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। थियो रॉबिन्सन (चार) और मैक्स चैपलिन (दो) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे स्कॉटलैंड की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाये। थॉमस नाइट ने सर्वाधिक 37 रनों की पारी खेली। फिनले जोन्स (33), ओली जोन्स (30), मनु सारस्वत (25) और रोरी ग्रांट (21) रन बनाकर आउट हुये। स्कॉटलैंड के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। 49वें ओवर की पहली गेंद पर अब्दुल सुभान ने जेक वुडहाउस (दो) को आउटकर स्कॉटलैंड की पारी का 187 के स्कोर पर अंत कर दिया। पाकिस्तान की ओर से अली रजा (चार विकेट) और मोमिन कमर (तीन विकेट) लिए।

# जेसन का शतक, द. अफ्रीका 397/5

**विंडहोक, वार्ता।** जेसन रोल्स (नाबाद 125) और कप्तान मुहम्मद बुलबु. लिया (103) की शतकीय पारियों और दोनों बल्लेबाजों के बीच हुई 201 रनों की विशाल साझेदारी की बदौलत दक्षिण अफीका ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप के 11वें मुकाबले में तंजानिया के खिलाफ पांच विकेट पर 397 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आज यहां तंजा. निया की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफीका के लिए जोरिच वान शाल्कविक और अदनान लागाडियन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े।

आठवें ओवर में अल्फ्रेड डैनियल ने जोरिच वान शाल्कविक 34 गेंदों में (47) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 4वें ओवर में अदनान लागाडियन 32 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जेसन रोल्स और कप्तान मुहम्मद बुल. बुलिया ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 201रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक पूरे किये। 43वें ओवर में सिम्बा म्बाकी ने मुहम्मद बुलबुलिया को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। मुहम्मद बुलबुलिया ने 108 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 108 रन बनाये। पॉल जेम्स 18 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुये। दक्षिण अफीका ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 397 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जेसन रोल्स ने 101 गेंदों में 10 चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद125 रनों की पारी खेली। तंजानिया की ओर से सिम्बा म्बाकी ने दो विकेट लिए।

# पाक टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम घोषित

● पाक के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैचों के लिए टीम की अगुवाई मिशेल मार्श करेंगे




**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप की तैयारी के मद्देनजर 29 जनवरी से लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैचों के लिए अनुभवी ऑलराउंडर मिशेल मार्श की अगुवाई वाली टीम की घोषणा की है। इस सीरीज के सभी मैच गद्दाफी स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह सीरीज ऐसे समय में हो रही है

जब ऑस्ट्रेलिया का घरेलू सीजन अपने चरम पर है, बिग बैश लीग (बीबीएल) के फाइनल चल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार अनुभवी ऑलराउंडर मिशेल मार्श को इस दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है। टीम में ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस सीनियर खिलाड़ियों में शामिल हैं, ए सभी ऑस्ट्रेलिया की इंग्लैंड के खिलाफ हालिया एशेज सीरीज में खेले थे। इस दौरे में कई बड़े खिलाड़ियों नाथन एलिस, टिम डेविड, जॉश हेजलवुड, ग्लेन मैक्सवेल और पैट कमिंस को नहीं चुना गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वर्कलोड मैनेज करने और ग्लोबल टूर्नामेंट से पहले अतिरिक्त रिकवरी का समय देने का फैसला किया है। कमिंस, हेजलवुड और डेविड सभी चोट के बाद पूरी तरह से फिट होने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी गैरमौजूदगी में, कई खिलाड़ियों को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है, जिनमें सीन एबॉट, महली बियर्डमैन, बेन ड्वारशुइस, जैक एडवर्ड्स, मिच ओवेन, जोश फिलिप और मैट रेनशॉ शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया के चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह सीरीज राष्ट्रीय टीम में चयन के करीब खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद होगी। बेली ने कहा कि यह सीरीज उन खिलाड़ियों के लिए एक शानदार मौका है जो चयन के कगार पर हैं और कुछ युवा खिलाड़ी जिन्हें हम बेहतर मानते हैं, उन्हें पाकिस्तान में विश्व कप ग्रुप के साथ कीमती अनुभव मिलेगा। इस सीरीज के तीनों मैच 29 जनवरी, 31 जनवरी और एक फरवरी को होंगे। ऑस्ट्रेलिया टी-20 टीम:- मिच मार्श (कप्तान), एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली, कूपर, बेन , जैक एडवर्ड्स, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, इंग्लिस, मैथ्यू कुहनमैन, मिच, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैट शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा।

# डी मिनौर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे



एलेक्स डी मिनौर ने मैंकेजी मैकडॉनल्ड को हराया

**बेंगलुरु, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई टेनिस स्टार एलेक्स डी मिनौर ने सोमवार को अमेरिका के मैकेंजी मैकडॉनल्ड को हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। यहां खेले गए मुकाबले में दुनिया के नंबर 6 खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर को, अपने नौवें ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैकेंजी मैकडॉनल्ड के खिलाफ 6-2, 6-2, 6-3 से जीत हासिल करने में सिर्फ एक घंटा और 42 मिनट लगे। अपनी स्पीड और कंसिस्टेंसी के लिए जाने जाने वाले डी मिनौर ने पूरे मैच में अपनी खास एफिशिएंसी बनाए रखी। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा, उन्होंने मैकडॉनल्ड की बिना वजह की 30 गलतियों का फायदा उठाया और 32 विनर्स के साथ मैच खत्म किया।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 20 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## यूरोप से टकराव

किसी ने नहीं सोचा होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कड़े फैसले से अमेरिका और यूरोप के बीच इस तरह की खटास पैदा होगी, जिस तरह की देखने में आ रही है। सारा विवाद ग्रीनलैंड को लेकर है। ट्रम्प ग्रीनलैंड को हर कीमत पर हासिल करना चाहते हैं। वहीं यूरोपीय देश इस कोशिश का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प ने इससे चिड़कर आठ देशों पर 10 फीसदी टैरिफ भी लगा दिया है जो एक फरवरी से लागू होगा। जैसीकि आदत है टैरिफ की यह घोषणा करते समय ट्रम्प यह कहने से नहीं चूकते कि अगर उन्हें ग्रीनलैंड को नहीं दिया जाता, तो यह टैरिफ एक जून से बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया जाएगा। लगता है कि यूरोपी संघ ने भी अब ट्रम्प को उन्हीं की भाषा में जवाब देने का मन बना लिया है और उसने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ लंबे समय से चल रहा ट्रांस अटलांटिक व्यापार समझौते को रोक दिया है। यूरा. पी संघ की तरफ से अब अमेरिका को ट्रेंड एक्शन पर कड़ा जवाब देने की बात कही जा रही है। रिन्यू यूरोप की व्यापार समन्वयक कैरिन कार्ल्सब्रो ने कहा भी है कि अगर दबाव और जबरदस्ती जारी रहती है तो हम जवाबी टैरिफ या बाजूका जैसे कड़े उपायों के इस्तेमाल से इन्कार नहीं कर सकते। यूरोप–अमेरिकी संबंध बेहद घनिष्ठ रहे हैं। हर संकट के समय में यह एक–दूसरे को सहयोग देते रहे हैं और अमे. रिका पूरी तरह इन्हें सुरक्षा कवच प्रदान करता रहा है, लेकिन लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सिर पर अब पूरी तरह सनक सवार है और वह परंपरागत संबंधों से ऊपर उठकर काम करना चाहते हैं। ऐसा करते हुए वह दोस्त व दुश्मन में कोई फर्क करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। निसंदेह इस तरह का आचरण दबंगतापूर्ण ही कहा जाएगा और यह कहीं से भी अमेरिका जैसे सुपर पॉवर देश के राष्ट्रपति की मर्यादा के विपरीत ही कहा जाएगा। ग्रीनलैंड के विषय में जो उनका तर्क है वह भी बेहद अजीब है। उनका कहना है कि अगर वह ग्रीनलैंड को हासिल नहीं करते, तो चीन व रूस वहां अपना दखल बढ़ा लेंगे जो अमेरिका के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि ऐसा होने पर उसकी सुरक्षा प्रभावित होती है। यूरोप कंट्री जिनमें ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मन, डेनमार्क जैसे देश शामिल हैं। पूरी तरह डोनाल्ड ट्रम्प की इस विस्तारवादी नीति का पुरजोर विरोध कर रहे हैं और इस मामले में अमेरिका को नसीहत दे रहे हैं कि वह लक्ष्मण सीमा न लांघे। अमेरिकी राष्ट्रपति का जैसा अब तक रुख रहा है, उससे नहीं लगता कि उन पर इस तरह की नसीहतों का कोई असर होगा। बात यूरोपीय देशों तक ही नहीं हम देख चुके हैं कि किस तरह व उन सब देशों के साथ क्रूर व्यवहार कर रहा है, जो रूस या ईरान से संबंध रखते हैं। उसमें हमारा देश भारत भी शामिल है। भारत पर उसने 50 प्रतिशत टैरिफ इसी खुन्नस में लगाया है कि भारत रूस से तेल ले रहा था। इस तरह की दादागिरी का खुलकर विरोध होना ही चाहिए।

## चुप रहने की संस्कृति में लालच की भावना



आरएसएस और भाजपा चाहते हैं कि जनता सवाल न करें और चुप रहें, ताकि यह कुछ बिजनेसमैन के हाथों देश को बेच सकें, हम ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे, कांग्रेस ही संविधान को बचा सकती है, कांग्रेस ने संविधान में बदलाव करके पंचायत, जिला और राज्य स्तर पर शासन को मजबूत किया, संविधान बचाने का मतलब है सत्ता और फैसलों का अधिकार लोगों तक पहुंचाना, आरएसएस व भाजपा सत्ता को अपने पास ही रखना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस सत्ता को निचले स्तर तक पहुंचाने में भरोसा रखती है और गांव- कस्बों में लोकतंत्र को मजबूत करना चाहती है, कोई भी देश अगर चुप रहता है, तो वो महान नहीं हो सकता। चुप रहने की संस्कृति में लालच की भावना छुपी होती है।

**–राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# प्रोसेस्ड फूड से अभी कर लें तौबा

सोडा, कैंडी और फ्रोजन फूड जैसे अति–संसाधित खाद्य पदार्थ हमारी लालसा को तो संतुष्ट कर सकते हैं, लेकिन अनुसंधान से पता चल रहा है कि यह हृदय और मस्तिष्क के लिए हानिक. ारक हो सकते हैं। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित शोध सारांश में इन खाद्य पदार्थों की अधिक खपत का हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, सांस की दिक्कत, चिंता, अवसाद और संज्ञानात्मक क्षति के जोखिमों से सीधा सम्बंध बताया गया है। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक ऐसे खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन अवसाद और चिंता के जोखिम में क्रमशः 44 और 48 प्रतिशत की वृद्धि करता है। अध्ययन यह भी बताते हैं कि कुल कैलोरी उपभोग में से इन खाद्य पदार्थों का कुछ हिस्सा ही जोखिम को बढ़ा देता है। इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में 5 लाख लोगों पर किए गए एक अध्ययन में अति–संसाधित खाद्य उपभोग में केवल 10 प्रतिशत वृद्धि से मनोभ्रंश के जोखिम में 25 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। वैसे अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसे खाद्य पदार्थों और स्वास्थ्य के बीच कार्य–कारण सम्बंध क्या है। यह तो सब जानते हैं उच्च मात्रा में नमक, चीनी और संतृप्त वसा लेने के कारण जीर्ण शोथ, उच्च रक्तचाप और टाइप–2 मधुमेह होने की संभावना होती है, लेकिन अधिकतर लोग इस बात से अनभिज्ञ हैं कि ए परिस्थितियां मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। कृत्रिम मिठास और मोनोसोडियम ग्लूटामेट जैसे पदार्थ मस्तिष्क द्वारा कतिपय रसायनों (जैसे डोपामाइन, सीरोटोनिन, नॉरएपिनेफ्रीन) के उत्पादन और विमोचन को बाधित कर सकते हैं, जिससे मान. सिक और भावनात्मक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। अति–संसाधित खाद्य पदार्थ की लत भी लग सकती है जिसे कंपनियां भोजन चुनाव सम्बंधी हमारे निर्णयों को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल करती हैं। नैसर्गिक तौर पर मिलने वाले फल या तो मीठे होते हैं (जैसे सेब) या वसा से भरपूर होते हैं (जैसे मूंगफली)। प्रकृति में सामान्यतः ऐसे खाद्य पदार्थ नहीं मिलेंगे जिनमें शकर, नमक और वसा तीनों हों। दूसरी ओर, अति–संसाधित खाद्य पदार्थों में चीनी और वसा दोनों एक साथ होते हैं, और ऊपर से नमक, कृत्रिम गंध और रंग–रोगन। ऐसे में, दिमाग बेकाबू हो जाता है। इन खाद्य पदार्थों की खपत कम करने और कम संसाधित विकल्पों को चुनने से बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य परिणाम हासिल हो सकते हैं। हम तीन तरह की चीजें खाते हैं–अ–संसाधित, संसाधित और अति–संसाधित। असंसाधित खाद्य पदार्थ यानी ताजा या फ्रिज में रखे फल–सब्जियां, आटा वगैरह। इनमें प्रायरू एक ही पोषक पदार्थ होता है। संसाधित पदार्थ वे कहलाते हैं जिन्हें असंसाधित खाद्य से सीधे प्राप्त किया जाता है – जैसे वनस्पति तेल, शकर वगैरह। इसके बाद आते हैं थोड़े संसाधित खाद्य पदार्थ जैसे मक्खन, प्रिजर्वेटिव रहित ब्रेड, अचार वगैरह। इनमें भी घटकों की सूची बहुत छोटी होती है। फिर आते हैं अति–संसाधित खाद्य, केक, ऊर्जादायक बार वगैरह, प्रिजर्वेटिव्स के साथ रखे गए तैयारशुदा भोजन वगैरह। इनमें अक्सर भरपूर वसा, शकर, नमक वगैरह होते हैं और ऊपर से तमाम खुशबुएं, रंग–रोगन वगैरह डाले जाते हैं। इनमें उपस्थित घटकों की फेहरिस्त काफी लंबी हो सकती है। अति–संसाधित खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। यह खाद्य पदार्थ कैलोरी से भरपूर होते हैं, जिससे मोटापा बढ़ता है। शरीर की वसा कोशिकाएं निष्क्रिय होकर शोथजनक अणु मुक्त करने लगती है जिनसे अवसाद, चिंता और मनोभ्रंश जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। कई शोध अध्ययनों से पता चला है कि संभावना रहती है कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा इन खाद्य पदार्थों का आदी हो जाएगा, जिससे उनकी खपत में और अधिक वृद्धि हो सकती है। इसके अतिरिक्त, अति–संसाधित खाद्य पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्ति फलों, सब्जियों और साबुत अनाज में पाए जाने वाले आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाएंगे जो मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। इन आवश्यक तत्वों की कमी से अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं हो सकती हैं। यह देखा गया है कि गरीब लोग ऐसे खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन करते हैं। लुभावने विज्ञापनों और हर गली–नुक्कड़ पर मौजूद गुमठियों में आसानी से मिलने के कारण अति–संसाधित खाद्य पदार्थ लोगों को आकर्षित करते हैं, और खुद को रोक पाना काफी मुश्किल होता है।

**अति–संसाधित खाद्य पदार्थों से बचने के लिए, विशेषज्ञ कुछ सुझाव देते हैं–**

1. खुद को दोष देने की बजाय इस बात को जानें कि इन खाद्यों के आदी होने के लिए पूरा माहौल बनाया गया है।
2. भूख से प्रेरित लालसा से बचने के लिए नियमित समय पर भोजन करें।
3. अति–संसाधित खाद्य पदार्थों की जगह गिरियों और ताजे फलों जैसे विकल्प अपनाएं।
4. कम सोडियम और कम शर्करा वाले खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दें।
5. कुछ अति–संसाधित खाद्य पदार्थ अन्य अति–संसाधित खाद्य पदार्थ की तुलना में स्वास्थ्यवर्धक विकल्प हो सकते हैं, जैसे मैदे की बजाय आटे की ब्रेड।
6. बच्चों को खाद्य विपणन की तिकड़मों के बारे में शिक्षित करें। मुख्तसर सी बात है कि अति–संसाधित खाद्यों के प्रति सजग रहें और स्वयं को इनकी गिरफ्त से बचाएं।



**–स्रोतफीचर्स**

## जलवाष्प भी जलवायु पर डालती है प्रभाव

जब भी जलवायु परिवर्तन की बात होती है, चर्चाओं का केंद्र कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन होते हैं, लेकिन जलवाष्प भी एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है जो जलवायु पर गंभीर प्रभाव डालती है। जलवाष्प कई वर्षों तक समताप मंडल में बनी रहती है और धरातल की गर्मी को अवशोषित कर इसे वापस धारती पर फेंकती है। एक अध्ययन में पाया गया था कि 1990 के दशक में संभवतः समतापमंडलीय पानी में आई उछाल ने उस समय वैश्विक तापमान को 30 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था और साइंस एडवांसेज में प्रकाशित एक अधययन के अनुसार वैज्ञानिक इन दिनों जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जलवाष्प आधारित एक क्रांतिकारी रणनीति पर काम कर रहे हैं–समताप मंडल का निर्जलीकरण। समतापमंडल के निर्जलीकरण का सिद्धांत यह है कि नमी से भरी हवा को समतापमंडल में पहुंचने से पहले ही रोक लिया जाए और उसे कणों के आसपास बादलों का रूप दे दिया जाए। नेशनल ओशियनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के भौतिक विज्ञानी शुका वार्ज के नेतृत्व में इस रणनीति ने पारंपरिक जियोइंजीनियरिंग विधियों का एक विकल्प प्रदान किया है। इस तकनीक में प्रति सप्ताह केवल 2 किलोग्राम पदार्थ की आवश्यकता होती है, जो संसाधान–कुशल साबित होगा। इसके अलावा, बिस्मथ ट्रायआयोडाइड नामक इस पदार्थ के छिड़काव के लिए हवाई जहाज की जरूरत नहीं पड़ेगी, गुब्बारे या ड्रोन से इसका छिड़काव किया जा सकता है। इस तकनीक का उपयोग करने के लिए कुछ ऐसे विशिष्ट क्षेत्रें की पहचान की गई है जहां से ऊपर की ओर उठने वाली हवाओं की तेज धाराएं समताप मंडल तक पहुंचती हैं। जैसे पश्चिमी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर का क्षेत्र अलबत्ता, इस तकनीक में कई चुनौतियां और जोखिम भी हैं। एक संभावना अनपेक्षित परिणाम हैय यदि सीडिंग कण के कारण बादल वांछित जगह पर न बनकर अन्यत्र कहीं एवं अलग तरह के बादल बन जाना जो गर्मी को परावर्तित करने की बजाय धरती से निकलने वाली गर्मी को सोखने लगें। ऐसे में इस तकनीक की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए गहन शोध आवश्यक है। बहरहाल, नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं के बीच अपरंपरागत रणनीतियों के लिए खुलापन बढ़ रहा है। ताप–रोधी बादलों की जांच जैसी पहल जलवायु सम्बंधी बदलती सोच की द्योतक है। हालांकि, इस मुद्दे पर अभी भी चर्चाएं जारी है और अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। फिर भी यह स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए साहसिक और कल्पनाशील रणनीतियां आवश्यक हैं।

# किसी रहस्य से कम नहीं तोतों का रंग

**ये रंजक कार्बन श्रंखलाओं से बने होते हैं। इन श्रंखलाओं के अंतिम छोर पर एक हल्का–सा रासायनिक बदलाव रंग को बदल देता है। यदि अंतिम छोर पर एल्डिहाइड समूह है, तो पंख लाल हो जाता है। यदि एल्डिहाइड की जगह कार्बोक्सिल समूह आ जाता है, तो पंख पीला हो जाता है। इस खोज से पता चलता है कि प्रकृति में अक्सर सरल अभिक्रियाओं के नाटकीय परिणाम होते हैं। इस शोध ने तोते में रंगों के विकास को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार जीन को भी उजागर किया है। यह जीन एक एंजाइम को कोड करता है जो एल्डिहाइड को कार्बोक्सिल समूह में परिवर्तित करके लाल रंजक को पीला कर देता है। इस जीन द्वारा उत्पादित एंजाइम की मात्रा निर्धारित करती है कि पंख कितना पीला होगा।**

तोते अपने आकर्षक और सुंदर रंगों के लिए मशहूर हैं, जिनमें चटकीले लाल और पीले से लेकर आकर्षक हरे और नीले रंग भी शामिल हैं। वर्षों से, वैज्ञानिक इस बात पर हैरान हैं कि यह पक्षी, कई अन्य जानवरों के विपरीत, ऐसे चटकीले रंग कैसे बनाते हैं। साइंस में प्रकाशित हालिया शोध आखिरकार इन शानदार रंगों के पीछे अनोखे जैविक तंत्र पर प्रकाश डालता है।

दरअसल, अधिकांश पक्षियों में रंग उनके अपने शरीर में नहीं बनते बल्कि उनके खानपान के साथ आते हैं। जैसे फ्लेमिंगो झींगा खाकर गुलाबी हो जाते हैं, लेकिन तोतों में मामला अलग है। वे अपने बढ़ते हुए पंखों में एक एंजाइम की मदद से सिटाकोफल्विन समूह के रंजक बनाने के लिए विकसित हुए हैं। इनमें छिटपुट परिवर्तनों के माध्यम से विभिन्न रंग पैदा होते हैं। वैसे कुछ रंग दो रंगों के मेल से भी पैदा होते हैं जैसे हरा रंग नीले व पीले के मेल से। इसके अलावा कई रंग पंखों की सूक्ष्म बनावट से भी नजर आते हैं। जैसे नीला रंग इस पंख की सतह पर मौजूद सूक्ष्म रचनाओं और प्रकाश की अंतर्क्रिया से पैदा होता है। तोतों के विभिन्न रंगों को समझने में असली सफलता तब मिली जब वैज्ञानिकों ने रासायनिक स्तर पर सिटाकोफल्विन का विश्लेषण किया। ये रंजक कार्बन श्रंखलाओं से बने होते हैं। इन श्रंखलाओं के अंतिम छोर पर एक हल्का–सा रासायनिक बदलाव रंग को बदल देता है। यदि अंतिम छोर पर एल्डिहाइड समूह है, तो पंख लाल हो जाता है। यदि एल्डिहाइड की जगह कार्बोक्सिल समूह आ जाता है, तो पंख पीला हो जाता है। इस खोज से पता चलता है कि प्रकृति में अक्सर सरल अभिक्रियाओं के नाटकीय परिणाम होते हैं। इस शोध ने तोते में रंगों के विकास को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार जीन को भी उजागर किया है। यह जीन एक एंजाइम को कोड करता है जो एल्डिहाइड को कार्बोक्सिल समूह में परिवर्तित करके लाल रंजक को पीला कर देता है। इस जीन द्वारा उत्पादित एंजाइम की मात्रा निर्धारित करती है कि पंख कितना पीला होगा। रंग उत्पत्ति की इस क्रियाविधि से पता चलता है कि क्यों कुछ तोतों की प्रजातियां विकास के दौरान आसानी से लाल और पीले/हरे रंग में परिवर्तित हो जाती हैं। यह कई तरह के रंगों का उत्पादन करने का एक लचीला और कुशल तरीका है। पोर्टो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी और अध्ययन के सह–लेखक रॉबर्टो आर्बोरे, इसे वैकासिक नवाचार का एक अद्भुत मामला कहते हैं जो तोतों को साथी को आकर्षित करने और दूसरों के साथ संवाद करने के संकेतों पर नियंत्रण देता है। लेकिन अभी भी कई रहस्य बने हुए हैं। वैज्ञानिक अभी भी रंग उत्पादन में शामिल कोशिकाओं को निर्धारित करने की कोशिश कर रहे हैं और साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि ए विशेष रंग सबसे पहले क्यों विकसित हुए थे।



**–स्रोत फीचर्स**

# आतंकवाद के साए में मतदाता और राष्ट्रवाद की भावना



विशेष मलिक



डॉ. प्रज्ञेंदु जिष्णु

लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और स्वतंत्रता भी कमजोर पड़ने लगती है। आतंकवादी घटनाएं इसी प्रकार का वातावरण निर्मित करती हैं, जो प्रत्यक्ष क्षति के साथ–साथ मतदाताओं के मनोविज्ञान और चुनावी व्यवहार पर गहरा प्रभाव डालती हैं। विषेश मलिक वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में शोधार्थी हैं और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की है। वे तीन बार यूजीसी–नेट उत्तीर्ण कर चुके हैं । अपने एक शोध–लेख में उन्होंने आतंकवाद के मनोवैज्ञानिक प्रभावों तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, विशेषकर मतदाता व्यवहार और चुनावी निर्णयों पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया है। यह शोध कार्य डॉ. प्रज्ञेंदु जिष्णु के मार्गदर्शन तथा डॉ. दिनेश छाबड़ा के परामर्श में किया जा रहा है। डॉ. प्रज्ञेंदु जिष्णु दिल्ली विश्वविद्यालय के अरबिंदो कॉलेज के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग में प्राध्यापक हैं, जबकि डॉ. दिनेश छाबड़ा दिल्ली विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

शोध निष्कर्ष संकेत करते हैं कि जिन क्षेत्रों में चुनाव के आसपास आतंकवादी घटनाएं घटित होती हैं, वहां मतदान में भागीदारी में स्पष्ट गिरावट देखी जाती है। भय, असुरक्षा और तनाव जैसी भावनात्मक स्थितियां मतदाताओं की सोच और निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप तर्कसंगत और विवेकपूर्ण मतदान व्यवहार बाधित होता है। वर्ष 2009 से 2019 के बीच जम्मू–कश्मीर में हुए लोकसभा चुनावों के आंकड़े भी इसी प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हैं। जिन वर्षों में आतंकवादी घटनाओं की संख्या अधिक रही, उन्हीं वर्षों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम दर्ज किया गया। आतंकवादी घटनाओं के बाद मतदाताओं की प्राथमिकताएं भी बदलती दिखाई देती हैं। शिक्षा, रोजगार और आर्थिक नीतियों जैसे विकासात्मक मुद्दों की तुलना में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषय अधिक प्रमुख हो जाते हैं। सार्वजनिक विमर्श में भी विकास के प्रश्न पीछे छूट जाते हैं और सुरक्षा–केंद्रित मुद्दे चर्चा के केंद्र में आ जाते हैं। इस प्रवृत्ति की पुष्टि वर्ष 2019 में प्रकाशित India Today के एक ओपिनियन पोल सर्वे से होती है। सर्वे के अनुसार, जनवरी 2019 में बेरोजगारी 28 प्रतिशत मतदाताओं के लिए सबसे बड़ी चिंता थी।

पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद यह आंकड़ा घटकर 21 प्रतिशत रह गया, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा 4 प्रतिशत से बढ़कर 26 प्रतिशत तक पहुंच गया। यह बदलाव दर्शाता है कि आतंकवादी घटनाएं किस प्रकार मतदाताओं की भावनात्मक प्रतिक्रिया को प्रभावित कर नीति–आधारित विमर्श को सुरक्षा–केंद्रित दिशा में मोड़ देती हैं। पुलवामा आतंकवादी हमले से पहले और बाद में ओपिनियन पोल के रुझान (जनवरी–मार्च 2019) शोध में मीडिया की भूमिका को भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। वर्ष 2000 के दशक से 2025 तक मीडिया के स्वरूप और प्रभाव क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। पहले जहां सूचना के स्रोत सीमित थे, वहीं आज प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल माध्यमों की संख्या और पहुंच में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। आतंकवादी घटनाओं से जुड़ी जानकारी मीडिया के माध्यम से अत्यंत तीव्र गति से पूरे देश में प्रसारित हो जाती है।



यह सूचना–प्रसार लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, किंतु इसकी अत्यधिक और निरंतर कवरेज कई बार भय और असुरक्षा के वातावरण को और गहरा कर देती है। अनेक अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि आतंकवादी घटनाओं से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित लोगों की संख्या सीमित होती है, परंतु उनकी व्यापक मीडिया प्रस्तुति समाज के बड़े हिस्से को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करती है। ऐसी परिस्थितियों में समाज के विभिन्न वर्गकृसामान्य नागरिकों से लेकर पुलिस और सशस्त्र बलों तक राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की भावना के साथ एकजुट दिखाई देते हैं। यह सामूहिक प्रतिक्रिया स्वतंत्रता आंदोलन के उस दौर की स्मृति को पुनः जाग्रत करती है, जब देशहित में विभिन्न विचारधाराओं के लोग एक साथ खड़े हुए थे। इसी संदर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह स्पष्ट रुख उल्लेखनीय है कि राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। एक कार्यक्रम में नई पीढ़ी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, आज की पीढ़ी के मन में देशभक्ति का जज्बा जगाना और उसके आधार पर वह पूरे जीवन देश के लिए कार्य करती रहे, ऐसी पीढ़ी का सृजन करने का यह एक बहुत बड़ा अवसर है।ह उन्होंने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि आजादी के 75वें वर्ष से लेकर 100वें वर्ष तक के अगले 25 वर्ष भारत के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे। राष्ट्र की अखंडता, लोकतांत्रिक चेतना और भावी पीढ़ी की भूमिका एक–दूसरे से जुड़ती दिखाई देती है। जब राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि हो जाती है और युवाओं में देश के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सु.ढ़ करने पर बल दिया जाता है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि लोकतंत्र भय नहीं, बल्कि विवेक और निर्भीकता पर आधारित रहे। आतंकवाद से उत्पन्न परिस्थितियों में भी यदि मतदाता स्वतंत्र और सजग निर्णय लेता है, तो वही राष्ट्र की एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और दीर्घकालिक विकास की आधारशिला को मजबूत करता है।



गुरुग्राम। कड़ाके की ठंड और कोहरे वाली सुबह के दौरान दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर जाम में फंसे वाहन।

# नोबेल नहीं मिला, अब शांति पर भरोसा नहीं: ट्रम्प

## ग्रीनलैंड पर कब्जे का विचार इसीलिए आया, नार्वे के पीएम को चिट्ठी लिखकर शिकायत की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें नोबेल न मिलने की शिकायत की गई है। पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने चिट्ठी में लिखा है कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल से सम्मानित नहीं किया गया।

उन्होंने लिखा कि अब वह सिर्फ शांति के बारे में नहीं सोच रहे। शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की उनकी कोशिश की एक वजह यह भी है कि उन्हें नोबेल शांति



पुरस्कार नहीं मिला। ट्रम्प के मुताबिक, नोबेल पुरस्कार न मिलना उनके फैसले को प्रभावित कर रहा है। जोनास गाहर ने स्थानीय अखबार आफ्टेनपोस्टेन को बताया कि उन्हें ट्रम्प का यह संदेश मिला है। उन्होंने कहा कि यह जवाब उस संदेश के बाद आया। जो उन्होंने और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने मिलकर ट्रम्प को भेजा था। यह संदेश यूरोपीय

**■ ट्रम्प हमेशा नोबेल शांति पुरस्कार लेने की इच्छा जताते रहे हैं**

देशों पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने के फैसले के विरोध में भेजा गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अप्रैल 2025 में व्हाइट हाउस में नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने लेटर में कहा कि डेनमार्क ग्रीनलैंड की रक्षा रूस या चीन से नहीं कर सकता और वैसे भी उनके पास स्वामित्व का अधिकार क्यों है? इससे जुड़ा कोई लिखित दस्तावेज नहीं हैं। बस इतना है कि सैकड़ों साल पहले एक नाव वहां उतरी थी। उन्होंने कहा कि मैंने नाटो की स्थापना के बाद से किसी भी व्यक्ति की तुलना में नाटो के लिए ज्यादा काम किया है। जब तक ग्रीनलैंड पर हमारा पूरा कंट्रोल नहीं होगा, तब तक दुनिया सुरक्षित नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड नहीं लिया, तो रूस या चीन इसे ले लेंगे और वे ऐसा कभी नहीं होने देंगे। ट्रम्प का कहना है कि नाटो को इस मामले में आगे आना चाहिए और अमेरिका को ग्रीनलैंड दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ग्रीनलैंड अमेरिका के हाथ में होने से नाटो और ज्यादा मजबूत और प्रभावी हो जाएगा। ट्रम्प हमेशा नोबेल शांति पुरस्कार लेने की इच्छा जताते रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीनलैंड तनाव, यूक्रेन के लिए खतरे का संकेत

**मैनचेस्टर।** ग्रीनलैंड के अधिग्रहण को लेकर अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच चल रहा तनाव यूक्रेन के लिए विनाशकारी प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। गार्जियन अखबार की सोमवार की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय नेता अब एक विकट स्थिति का सामना कर रहे हैं, क्योंकि यूक्रेन संघर्ष में अभी भी अमेरिका के समर्थन की जरूरत है, लेकिन इस तनाव के कारण स्थिति विकट होती नजर आ रही है। गार्जियन ने बताया कि जुलाई में, यूरोपीय संघ (ईयू) ने इस उम्मीद से अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे कि यह समझौता अमेरिका को संघर्ष में यूक्रेन का समर्थन जारी रखने के लिए मजबूर करेगा।

### पाकिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गई।अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस के अनुसार ग्रीनविच मिड टाइम के मुताबिक सुबह छह बजकर 21 मिनट पर पाकिस्तान के बारिशाल से 50 किलोमीटर उत्तर और उत्तर-पश्चिम में 5.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### चीन की फैक्टरी में विस्फोट से दो की मौत, 84 घायल

**होह्होट।** उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में एक फैक्टरी में विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गई और 84 अन्य घायल हो गए। विस्फोट के बाद आठ लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह विस्फोट रविवार अपराह्न तीन बजे पश्चिमी बाओतौ शहर में बाओगांग यूनाइटेड स्टील के एक प्लेट प्लांट में हुआ।

### चिली में जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हुई

**सैंटियागो।** चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक ने रविवार को कहा कि देश के दक्षिण-मध्य क्षेत्र में लगी भीषण आग से मरने वालों की संख्या 18 हो गई है और इसमें और वृद्धि होने की आशंका है। सैंटियागो से लगभग 500 किलोमीटर दक्षिण में स्थित बायोबियो क्षेत्र के कॉन्सेप्सियन में पत्रकारों से बात करते हुए बोरिक ने कहा कि आज हमारे पास 18 मौतों की पुष्टि हुई है, लेकिन दुर्भाग्य से हमें यकीन है कि यह आंकड़ा बढ़ेगा।

### चीन की विकास दर 2025 में लगभग पांच प्रतिशत रही

**बीजिंग।** चीन की विकास दर 2025 में लगभग पांच प्रतिशत रही और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 140.1879 ट्रिलियन युआन (लगभग 20.01 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से पता चला है कि 2025 में चीन का सकल घरेलू उत्पाद 140.1879 ट्रिलियन युआन (लगभग 20.01 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

# भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को सहायता न दे पोलैंड

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने पोलैंड से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने का आग्रह करते हुए कहा है कि उसे भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं देनी चाहिए। डा. जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की के साथ सोमवार को यहां वार्ता के दौरान प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि पोलैंड इस क्षेत्र के लिए कोई अजनबी नहीं हैं और वह सीमा-पार आतंकवाद की लंबे समय से चली आ रही चुनौती से भली-भांति परिचित हैं।

उन्होंने कहा कि पोलैंड को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं करनी चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों की बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा स्वाभाविक रूप से शामिल होगी। विशेष रूप से अपने-अपने पड़ोस के संबंध में आकलनों का आदान-प्रदान उपयोगी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन संघर्ष और उसके प्रभावों पर भारत के विचार पहले भी स्पष्ट रूप से साझा कर चुके हैं और उन्होंने जोर देकर कहा है कि चुनकर भारत को निशाना बनाना न केवल अनुचित बल्कि अन्यायपूर्ण भी है। विदेश मंत्री ने कहा कि वह



**■ भारत और पोलैंड के बीच परंपरागत रूप से गर्मजोशीपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं**

आज एक बार फिर इस बात को दोहरा रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब दुनिया में काफी उथल-पुथल है। उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित हैं जिनकी अपनी-अपनी चुनौतियां और अवसर हैं इसे देखते हुए विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करना स्वाभाविक रूप से उपयोगी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध भी निरंतर प्रगति कर रहे हैं लेकिन इन पर निरंतर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। भारत और पोलैंड के बीच परंपरागत रूप से गर्मजोशीपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में ये संबंध उच्च-स्तरीय राजनीतिक आदान-प्रदान तथा सशक्त आर्थिक और लोगों के बीच संपर्कों से आगे बढ़कर मजबूत हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2024 की पोलैंड यात्रा के दौरान संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत किया गया। डा. जयशंकर ने कहा कि दोनों देश बातचीत के दौरान 2024 से 28 तक कार्ययोजना की समीक्षा करेंगे जिसके माध्यम से हम अपनी रणनीतिक साझेदारी की पूरी क्षमता को साकार करना चाहते हैं। इसके अलावा व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों तथा डिजिटल नवाचार में सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि पोलैंड मध्य यूरोप में भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है और दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 7 अरब डॉलर है जिसमें पिछले एक दशक में लगभग 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### पोलैंड के उप प्रधानमंत्री सिकोर्स्की भारत-पोलैंड संबंधों को बढ़ावा देने के लिए नई दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की सोमवार को भारत-पोलैंड रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए राजधानी पहुंचे।

वह तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। सिकोर्स्की का स्वागत विदेश मंत्रालय की अपर सचिव पूजा कपूर ने किया। उनकी यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाना और भारत और पोलैंड के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाना है। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिलने की संभावना है। इस मुलाकात में भारत-पोलैंड रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि नई दिल्ली में आपका हार्दिक स्वागत है। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की आज नई दिल्ली पहुंचे। नई दिल्ली में उनके कार्यक्रम भारत-पोलैंड रणनीतिक साझीदारी को आगे बढ़ाने पर केंद्रित हैं। राजधानी पहुंचने से पहले सिकोर्स्की 17 से 18 जनवरी को जयपुर गए थे।

### देश में अशांति बढ़ने पर रजा पहलवी ने ईरान लौटने का किया वादा

**तेहरान।** ईरान के अंतिम शाह के निर्वासित बेटे रजा पहलवी ने कहा है कि इस समय ईरान में 'कब्जे और आजादी' को लेकर लड़ाई चल रही है और वह देश के लोगों की भावनाओं को समझते हुए वापस लौटेंगे। पहलवी ने एक वीडियो संदेश में ईरानियों को संबोधित करते हुए आगे कहा ईरानी लोगों ने मुझे नेतृत्व करने के लिए बुलाया है। मैं ईरान लौटूंगा। गौरतलब है कि बाजार में देश की करेंसी रियाल की कीमत कम होने को लेकर 28 दिसम्बर 2025 को तेहरान में जो प्रदर्शन शुरू हुआ था, वह तेजी से पूरे देश में फैल गया और सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गया। सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने शनिवार को स्वीकार किया कि अशांति में 'कई हजार' लोग मारे गए हैं और इसका जिम्मेदार अमेरिका और इजरायल हैं। सरकार ने प्रदर्शनकारियों की मुश्किलों को माना है।

# ग्रीनलैंड को ट्रम्प से बचाने ब्रिटेन ने एक सैनिक भेजा

**नुउक।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकियों के बीच यूरोप की 'सैन्य एकजुटता' अब मजाक का विषय बनती दिख रही है। ग्रीनलैंड की सुरक्षा के नाम पर ब्रिटेन ने सिर्फ 1 सैनिक भेजा है, जबकि सात यूरोपीय देशों के कुल मिलाकर करीब 40 सैनिक राजधानी नुउक पहुंचे हैं।

रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक डेनमार्क, नार्वे, फिनलैंड, स्वीडन, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड्स और ब्रिटेन जैसे नाटो देशों ने मिलकर आपरेशन आर्कटिक एंडयोरेंस नाम से जाइंट मिलिट्री आपरेशन शुरू किया है। ये सैनिक इसी में शामिल होने पहुंचे हैं। इस पूरे सैन्य अभ्यास पर सवाल उठाते हुए इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेत्तो ने इसे एक मजाक करार दिया है। डेनमार्क पहले से ग्रीनलैंड में करीब 200 सैनिक तैनात किए हुए है। इसके अलावा 14 सदस्ईय सीरियस डाग स्लेज पेट्रोल भी वहां

**■ सात यूरोपीय के देशों के 40 सैनिक ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक पहुंचे, इटली बोला: ये क्या मजाक है**

मौजूद है, जो आर्कटिक इलाकों में गश्त करते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि आने वाले दिनों में इन्हें जमीन, हवा और समुद्र के जरिए और मजबूत किया जाएगा। यह संख्या छोटी है, लेकिन यह राजनीतिक संदेश देने के लिए है कि नाटो एकजुट है। डेनमार्क की अगुवाई में चल रहा आपरेशन आर्कटिक एंडयोरेंस एक सैन्य अभ्यास है। इसका मकसद यह देखना है कि अगर भविष्य में ग्रीनलैंड में बड़ी संख्या में सैनिक तैनात करने पड़े, तो उसकी तैयारी कैसी होगी। डेनमार्क के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस अभ्यास का फोकस आर्कटिक इलाके में सहयोगी देशों के बीच तालमेल और काम करने की क्षमता बढ़ाने पर है।

# स्पेन में दो हाई स्पीड ट्रेनों के बीच टक्कर, 39 की मौत

**मैड्रिड।** स्पेन के कार्डोबा प्रांत में रविवार रात एक ट्रेन पटरी से उतरकर दूसरी ट्रेन से टकरा गई। हादसे में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 73 यात्री घायल हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, दोनों ट्रेन में करीब 500 यात्री सवार थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, मलागा से मैड्रिड जा रही ट्रेन पटरी से उतरकर पास की लाइन पर चली गई और वहां मैड्रिड/हुएलवा रूट पर चल रही एवीई ट्रेन से टकरा गई। स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री एंटोनियो सैंज ने बताया कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। सुरक्षित निकले यात्रियों ने कहा कि यह सब देखने में किसी हारर फिल्म जैसा नग रहा था। इस दुर्घटना के कारण आज मैड्रिड और अंडालूसिया के शहरों के बीच चलने वाली 130 से अधिक ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। स्पेनिश पब्लिक ब्राडकास्टर आरटीवीई के पत्रकार साल्वाडोर जिमेनेज भी इर्यो ट्रेन में सफर कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रेन के आखिरी दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से एक पूरी तरह पलट गया। जिमेनेज के मुताबिक, ट्रेन शाम 6:40 बजे समय पर मलागा से रवाना हुई थी। कुछ देर बाद अचानक जोरदार झटका लगा और ट्रेन पटरी से उतर गई। इसके बाद यात्रियों को हथौड़ों से खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया।

**■ यात्रियों को हथौड़ों से खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया**

# अमेरिका पर 93 अरब यूरो का आयात शुल्क लगाएगा ईयू!

**ब्रसेल्स।** ग्रीनलैंड पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगातार बयानों और धमकियों के बीच यूरोपीय संघ (ईयू) अमेरिका पर 93 अरब यूरो (107.68 अरब डॉलर) का आयात शुल्क लगाने या अमेरिकी कंपनियों को यूरोपीय ब्लॉक में व्यापार करने से रोकने पर विचार कर रहा है।

फाइनेंशियल टाइम्स की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में आधिकारिक सूत्रों के हवाले से कहा गया कि अगले हफ्ते दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) पर होने वाली बैठक से पहले इस शुल्क का मसौदा तैयार किया जा रहा है, ताकि ट्रम्प पर यूरोपीय नेताओं को थोड़ी 'बढ़त' मिल सके। रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोपीय यूनियन ने पिछले साल ही आयात शुल्क की सूची बना ली थी लेकिन 'व्यापार युद्ध' रोकने के लिए उसे छह फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया था। ग्रीनलैंड पर अमेरिका-यूरोप के बीच बढ़ते तनाव के कारण ईयू नेताओं ने रविवार को इसे दोबारा लागू करने पर विचार किया। इसके अलावा यूरोपीय नेताओं ने 'दबाव-विरोधी' मसौदे पर भी बातचीत की, जिसके लागू होने पर अमेरिकी कंपनियां यूरोप में अपना सामान नहीं बेच पाएंगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि जो देश ग्रीनलैंड 'खरीदने' के मुद्दे पर अमेरिका का समर्थन नहीं करेंगे।

**■ अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के लगातार बयानों और धमकियों के बीच यूरोपीय संघ ने अपनाया सख्त रुख**

### तेल अवीव में गूंजेगा यूपी का साइबर मॉडल, भारत से दो प्रतिनिधि होंगे शामिल


**लखनऊ।** दुनिया के प्रमुख साइबर सुरक्षा मंचों में शामिल 'साइबर टेक ग्लोबल तेल अवीव 2026' में इस बार भारत के साथ उत्तर प्रदेश का साइबर मॉडल भी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। यह सम्मेलन 26 से 28 जनवरी 2026 तक तेल अवीव में आयोजित होगा, जिसमें अमेरिका, यूरोप और एशिया समेत 20 से अधिक देशों के साइबर विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। इस वैश्विक सम्मेलन में भारत से दो वरिष्ठ साइबर विशेषज्ञ चीफ मेंटर के तौर पर भाग लेंगे। इनमें केंद्र सरकार के पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक माधवन उन्नीकृष्णन नायर तथा उत्तर प्रदेश से साइबर अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे प्रो- त्रिवेणी सिंह शामिल हैं।

# खामेनेई पर हमले को जंग मानेंगे: मसूद पजशकियान

## ईरान के राष्ट्रपति बोले: ट्रम्प ने कहा था: प्रदर्शनकारियों की हत्याएं जारी रहीं, तो हम दे सकते है दखल

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई पर हमला हुआ, तो इसे ईरान के खिलाफ जंग माना जाएगा। पजशकियान ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि किसी भी हमले का कठोर और पछतावे वाला जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर ईरान के लोगों की जिंदगी में मुश्किलें हैं, तो इसकी एक बड़ी वजह अमेरिका और उसके सहयोगियों के लगाए हुए प्रतिबंध हैं।

पजशकियान की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों के बाद आई है। ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों की हत्याएं या फांसी जारी रहीं, तो अमेरिका दखल दे सकता है। ईरान में 28 दिसम्बर से जारी हिंसक प्रदर्शन में अब तक 5000 लोगों की मौत हो गई है। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी शामिल है। एक ईरानी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर रायटर्स को यह जानकारी दी है। ट्रम्प ने 15 जनवरी को बताया



**■ पजशकियान की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों के बाद आई है**

था कि हत्याएं अब कम हो रही हैं। व्हाइट हाउस ने भी दावा किया कि ट्रम्प के दबाव के बाद ईरान ने 800 लोगों की फांसी की योजना रोक दी है। संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव मार्था पोबी ने परिषद को बताया कि ये प्रदर्शन तेजी से फैले। इसमें काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, अब तक 3428 प्रदर्शनकारियों को मार डाला गया, जबकि 18000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र इन आंकड़ों की पुष्टि नहीं कर सका है। ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने कहा है कि वह जल्द ईरान लौटेंगे और देश का नेतृत्व करेंगे। पेरिस से जारी किए एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, आज ईरान में लड़ाई कब्जे और आजादी के बीच है। ईरानी जनता ने मुझे नेतृत्व के लिए बुलाया है। मैं ईरान लौटूंगा। पहलवी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि वह एक 'मुक्त ईरान' का सपना देखते हैं, जो इस्लामिक रिपब्लिक की नीतियों से पूरी तरह अलग होगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य शांति, समृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की ओर लौटना है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान में लोकतांत्रिक सरकार बनती है तो देश अपना परमाणु सैन्य कार्यक्रम खत्म करेगा, आतंकी संगठनों को समर्थन बंद करेगा और अमेरिका के साथ संबंध सामान्य करेगा। पहलवी ने यह भी कहा कि एक मुक्त ईरान इजरायल को मान्यता देगा और मध्य-पूर्व में स्थिरता लाने वाली ताकत बनेगा। ट्रम्प प्रशासन ने 18 ईरानी व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ नए प्रतिबंधों लगाए हैं।

# मोदी को गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने का न्योता

## ट्रम्प ने पाकिस्तान और रूस को भी बुलाया, नाराज इजरायल बोला: बिना बातचीत टीम बनाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा के 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) में शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को न्योता दिया है। भारत में यूएस के एम्बेसडर सर्जियो गोर ने ट्वीट कर जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ को भी इस बोर्ड में शामिल होने का बुलावा दिया गया है। दरअसल गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा (एनसीएजी) के गठन का ऐलान किया है।

इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रम्प ने 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) का गठन किया गया है। ट्रम्प खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। इसके अलावा गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया गया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आफिस ने कहा कि गाजा के लिए बनाए गए



**■ प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को राष्ट्रपति ट्रम्प ने गाजा के लिए बनाए गए 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का न्योता दिया है**

नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा अमेरिका ने इजरायल से बिना बातचीत करे की है। इजरायल का कहना है कि यह फैसला उसकी सरकारी नीति के खिलाफ है। पाकिस्तान ने बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को राष्ट्रपति ट्रम्प ने गाजा के लिए बनाए गए 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का न्योता दिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने मीडिया से बातचीत में पुष्टि की कि पाकिस्तान को औपचारिक रूप से यह निमंत्रण मिला है। ताहिर अंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान गाजा में शांति और सुरक्षा से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में हिस्सा लेता रहेगा और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के मुताबिक फलस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान चाहता है। हालांकि, उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। नेतन्याहू के आफिस के मुताबिक, विदेश मंत्री गिदोन सार इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने उठाएंगे। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि बोर्ड का कौन सा हिस्सा इजरायल को आपत्तिजनक लग रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य समस्या तुर्की विदेश मंत्री हाकान फिदान को शामिल करने से है। तुर्की को हमास का समर्थक माना जाता है और इजरायल के साथ इसका संबंध तनावपूर्ण हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोगन ने इजरायल की गाजा कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इजरायल का कहना है कि ऐसे देशों को गाजा के प्रशासन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।



